सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 12 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 64, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 121 अंकों की गिरावट

घरेलू शेयर बाजार कारोबार के दौरान करीब एक प्रतिशत तक गिरने के बाद संभल गए और सेंसेक्स 120.83 अंक यानी 0.16 प्रतिशत गिरकर 74,781.76 अंक पर बंद हुआ। } 10

## पारदर्शी व्यापार व निवेश सुनिश्चित करे ब्रिक्स

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि ब्रिक्स देशों को व्यापार एवं निवेश संबंधी पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित कर आर्थिक चुनौतियों से निपटने की दिशा में काम करना चाहिए। } 12



## देशव्यापी हड़ताल से बैंकिंग सेवाएं प्रभावित

### पांच-दिवसीय कार्य सप्ताह तत्काल लागू करने की मांग को लेकर कामकाज ठप

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) की देशव्यापी हड़ताल के कारण शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सेवाएं प्रभावित हुईं। कर्मचारी संगठनों ने पांच-दिवसीय कार्य सप्ताह तत्काल लागू करने और वेतन संबंधी लंबित मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर हड़ताल का आह्वान किया था।

हड़ताल के कारण देशभर में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की अधिकतर शाखाएं पूरी तरह या आंशिक रूप से बंद रहीं। नकद जमा और निकासी, चेक निपटान तथा प्रशासनिक कामकाज जैसी सेवाएं प्रभावित हुईं। हालांकि, यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग समेत डिजिटल बैंकिंग




सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहीं। हालांकि, निजी क्षेत्र के बैंकों के कामकाज पर इस हड़ताल का असर नहीं पड़ा। यूएफबीयू सात बैंक यूनियनों का शीर्ष संगठन है और बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कुल संख्या के करीब 90 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। मध्य प्रदेश, झारखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश समेत विभिन्न हिस्सों से बैंक शाखाओं में कामकाज प्रभावित होने की खबरें ...शेष पृष्ठ 10 पर

## खराब सड़कों की तत्काल करायी जाये मरम्मत : योगी

### आगामी पर्व-त्योहारों से पहले 681 प्रमुख मार्गों को करें गड्ढामुक्त, 9 विभागों के 4.36 लाख किमी मार्गों की सीएम ने की समीक्षा

विशेष संवाददाता

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और बाढ़ से खराब हुई सड़कों की तत्काल मरम्मत कर उन्हें आवागमन के योग्य बनाने और बरसात के बाद जरूरत के अनुसार उनका नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि बारिश अभी जारी है, इसलिए सड़कों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए और बारिश से नए क्षतिग्रस्त मार्गों का भी सर्वे कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी पर्व-त्योहारों में बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होगा। ऐसे में प्रमुख मार्गों पर आवागमन में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी



चाहिए। उन्होंने पर्वों से पहले आवश्यक मरम्मत और नवीनीकरण के काम पूरे करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गड्ढामुक्ति का काम केवल पैचवर्क तक सीमित न रहे। जहां सड़क तत्काल खराब स्थिति में है, वहां उसे अभी मोटरेबल बनाया जाए और बरसात समाप्त होने के बाद जरूरत के अनुसार स्थायी नवीनीकरण कराया जाए।

बैठक में बताया गया कि अतिवृष्टि के साथ ही एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय मार्ग, रेलवे आदि की निर्माणाधीन परियोजनाओं के कारण भारी वाहनों की आवाजाही से भी कई सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इन मार्गों का विभागवार सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के आधार पर क्षतिग्रस्त सड़कों को चिन्हित कर गड्ढामुक्ति के विभागवार लक्ष्य तय किए जाएंगे। आगामी पर्वों को देखते हुए प्रदेश में 681 महत्वपूर्ण मार्ग चिन्हित किए गए हैं। इनमें गणेश चतुर्थी, विश्वकर्मा पूजा, नवरात्रि, दीपावली, छठ पूजा और कार्तिक पूर्णिमा जैसे प्रमुख पर्वों के दौरान अधिक आवागमन वाले मार्ग शामिल हैं। इन मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर स्थिति में रखने की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों से भी उनकी कार्ययोजना की जानकारी ली। साथ ही मंडी परिषद, पंचायती राज, सिंचाई, ग्राम्य विकास, नगर विकास, आवास ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### व्यापारी की हत्या मामले में थानाध्यक्ष समेत तीन निलंबित

गोंडा। 45 वर्षीय व्यापारी की हत्या के मामले में कथित लापरवाही और कर्तव्य में कोताही बरतने के आरोप में थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि परसपुर के थानाध्यक्ष उप निरीक्षक कमला शंकर चतुर्वेदी, शाहपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित सिंह और आरक्षी अभिमन्यु भारती को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। कोंडरे थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल राय को परसपुर थाने का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। मामले में तीसरे आरोपी आकाश सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई विनोद कुमार साहनी की मौत के बाद की गई। अधिकारियों बताया कि परसपुर क्षेत्र के रेक्सड़िया गांव निवासी साहनी की शाहपुर बाजार में बर्तन की दुकान थी और बुधवार शाम सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट को लेकर विवाद के बाद कुछ लोगों ने कथित तौर पर उन पर हमला कर दिया था।

### यूपी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश एवं बाढ़ के बीच जिला प्रशासन, प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी के साथ बचाव अभियान, भोजन वितरण, राहत शिविर, चिकित्सा सेवाओं और आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कर रहा है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। राहत आयुक्त कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है कि बृहस्पतिवार को आठ हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया, अब तक 21,350 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा चुका है। इसमें कहा गया है कि बचाव कार्य में 2,385 नाव और मोटरबोट लगाई गई हैं। राहत शिविरों में 2,972 लोग रह रहे हैं। बयान के अनुसार बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए बृहस्पतिवार को 72,620 लंच पैकेट और 9,937 राहत किट वितरित किए गए हैं।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 35.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- 1,600 करोड़ से मजबूत होगा मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर (पृष्ठ-02)
- भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र : महाना (पृष्ठ-02)
- कर्मचारियों की हड़ताल से बैंक सेवाओं पर असर (पृष्ठ-10)
- भारत को विकसित देश बनने के लिए वृद्धि जरूरी (पृष्ठ-10)
- रुपया पांच पैसे टूटकर 95.57 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)


# ब्रिक्स सम्मेलन में भारत का दबदबा

## पीएम मोदी ने उठाया वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नौवहन की स्वतंत्रता व नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा




एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नौवहन की स्वतंत्रता और नाविकों की सुरक्षा का आह्वान किया। उन्होंने यहां कहा, वैश्विक व्यापार तभी आगे बढ़ सकता है जब समुद्री मार्ग सुरक्षित हों, आपूर्ति मार्ग खुले रहें और नाविक सुरक्षित हों। यही वजह है कि भारत नौवहन की स्वतंत्रता और नाविकों की सुरक्षा का पुरजोर समर्थक है। मोदी ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए इस समूह से अपनी शीर्ष 10 व्यापार बाधाओं की पहचान कर उन्हें दूर करने, हर साल 100 ब्रिक्स स्टार्टअप को अन्य सदस्य बाजारों में विस्तार देने और सालाना 1,000 नई व्यावसायिक साझेदारियां बनाने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दो लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और 120 यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) के साथ भारत समाधानों का एक वैश्विक केंद्र बन रहा है। मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत वृद्धि और स्थिरता के लिए विश्वास का स्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया भर में व्यापार बाधाएं बढ़ रही हैं, भारत आर्थिक सेतुओं का निर्माण कर रहा है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब दो क्षेत्रों में युद्ध और भू-राजनीतिक संघर्ष महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों से ऊर्जा और अन्य व्यापार को बाधित कर रहे हैं, जिससे कीमतें बढ़ रही हैं और आपूर्ति शृंखलाएं प्रभावित हो रही हैं। अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान भारतीय जहाजों पर हमले हुए हैं और देश के नाविकों का समुद्री लुटेरों द्वारा अपहरण किया गया है। उन्होंने ब्रिक्स व्यापार परिषद से 10 व्यापार बाधाओं को दूर करने पर एक रिपोर्ट तैयार करने और हर साल 100 ब्रिक्स स्टार्टअप को विस्तार देने के लिए समर्थन देने का आग्रह किया। मोदी ने परिषद से 1,000 नई साझेदारियां विकसित करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन पैमानों पर हमें हर साल प्रगति की समीक्षा करनी होगी। मोदी ने विस्तारित ब्रिक्स समूह के पैमाने को रेखांकित करते हुए कहा कि सदस्य देश और साझेदार अब दुनिया की लगभग आधी आबादी, वैश्विक जीडीपी के 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के एक चौथाई से अधिक का प्रतिनिधित्व करते हैं। पिछले दो दशकों में ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाओं की संयुक्त जीडीपी लगभग साढ़े चार गुना बढ़ी है, जबकि वैश्विक जीडीपी में लगभग ढाई गुना की वृद्धि हुई है। मोदी ने भारत में बुनियादी ढांचे और रणनीतिक प्रौद्योगिकियों के विकास पर खासतौर से जोर दिया। उन्होंने सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के तेजी से विस्तार के साथ-साथ जहाज निर्माण, क्वांटम ...शेष पृष्ठ 10 पर

### पीएम मोदी-राष्ट्रपति पुतिन ने कई मुद्दों पर की चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के दौरान काला सागर में भारतीय नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति पहल का समर्थन करने की भारत की तत्परता दोहराई। दोनों नेताओं ने बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई।




दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने तथा रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित ...शेष पृष्ठ 10 पर

### भारत की शिल्प परंपरा को मिला वैश्विक मंच

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की एक ज़िला- एक उत्पाद पहल के तहत ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान आयोजित प्रदर्शनी में विदेशी मेहमानों के सामने भारत की विविध कलाओं, हथकरघा और शिल्प कलाओं का प्रदर्शन किया गया जिसमें ब्रिक्स देशों से आए मेहमानों ने काफी रुचि दिखाई।

18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारतमंडपम में एक जलि- एक उत्पाद प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है, जिसमें भारत के विविध हथकरघा, टेक्सटाइल और अन्य स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रदर्शनी का मकसद ...शेष पृष्ठ 10 पर

### ब्रिक्स में निवेश के लिए नये मंच का प्रस्ताव

#### लॉजिस्टिक व प्रौद्योगिकी से जुड़ी परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण की जरूरत : पुतिन




एजेंसी

नयी दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार, बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक और प्रौद्योगिकी से जुड़ी परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए एक नया निवेश मंच बनाने का प्रस्ताव रखा और कहा कि समूह का बढ़ता आर्थिक सहयोग किसी के भी खिलाफ नहीं है। पुतिन ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले सदस्य देशों के उद्योग प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्तावित निवेश मंच का आधार नव विकास बैंक हो सकता है और इसका उद्देश्य निजी क्षेत्र से वित्त जुटाकर ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाओं को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना होगा।

उन्होंने कहा हमें वित्तपोषण की जरूरत है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्रिक्स के अन्य सदस्य इस पहल का समर्थन करेंगे। पुतिन ने कहा कि रूस आर्कटिक परिवहन गलियारे और उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे सहित बुनियादी ढांचे तथा लॉजिस्टिक परियोजनाओं पर साझेदारों के साथ काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई), मानव-रहित परिवहन, वित्त, पर्यटन और उद्योग के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की भी बात कही। पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स दुनिया के साथ व्यापक सहयोग के लिए खुला है। उन्होंने कहा हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम अपने हितों के पक्ष में हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद ...शेष पृष्ठ 10 पर

### वैश्विक व्यापार विवाद व क्षेत्रीय संकट का हल तलाशेंगे समूह के नेता

नयी दिल्ली। विश्व में व्यापार विवादों और भू-राजनीतिक उथल-पुथल से पैदा हो रही आर्थिक चुनौतियों के बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्रिक्स देशों के अन्य नेता भारत की मेजबानी में हो रहे शिखर सम्मेलन के लिए यहां शनिवार को जुटेंगे।

शिखर सम्मेलन के दौरान वे वैश्विक चुनौतियों से निपटने पर चर्चा करेंगे, जिनमें यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों के असर से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को बचाने जैसे मुद्दे शामिल हैं। एक रणनीतिक संतुलन बनाते हुए, भारत इस दो-दिवसीय सालाना शिखर सम्मेलन का उपयोग इस समूह को आर्थिक विकास ...शेष पृष्ठ 10 पर

### पीएम मोदी व ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियान के बीच वार्ता



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के साथ वार्ता की। इस दौरान पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने और द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार की दिशा तय करने पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं की दो सप्ताह से भी कम समय में यह दूसरी मुलाकात है। ईरान के राष्ट्रपति के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने के कुछ घंटे बाद यह वार्ता ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** योगी सरकार ने शुरू किये धारा 116, ईडब्ल्यूएस व सरलीकृत खतौनी पोर्टल, भूमि विभाजन के लिए ऑनलाइन आवेदन

## जमीन बंटवारे से लेकर ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र बनवाना आसान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। जमीन के बंटवारे, नामांतरण, पैमाइश और अन्य राजस्व संबंधी कामों के लिए अब लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर कम लगाने पड़ेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व परिषद ने शुक्रवार को धारा 116 पोर्टल, एहर पोर्टल और सरलीकृत खतौनी पोर्टल शुरू किए। इन डिजिटल सेवाओं के जरिए आवेदन से लेकर निस्तारण तक की प्रक्रिया को ऑनलाइन और ट्रैक करने योग्य बनाया गया है। राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि सरकार का उद्देश्य राजस्व सेवाओं को आम नागरिक के लिए आसान, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है। नए




पोर्टलों के जरिए कागजी प्रक्रिया कम करने के साथ अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। कार्यक्रम में ट्रेनी पीसीएस अधिकारी भी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 116 के तहत सह-खातेदार भूमि के विभाजन से जुड़े मामलों के लिए नया पोर्टल शुरू किया गया है। अब सह-खातेदार ऑनलाइन विभाजन वाद दाखिल कर सकेंगे। इससे लोगों को आवेदन के लिए बार-बार तहसील और अन्य कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत कम होगी। आवेदन के बाद नोटिस और उद्घोषणा की प्रक्रिया भी डिजिटल माध्यम से संचालित की जा सकेगी। संबंधित लेखपाल की रिपोर्ट पोर्टल पर उपलब्ध होगी और प्रकरण की प्रगति को अलग-अलग स्तरों पर ऑनलाइन मॉनिटर किया जा सकेगा। पोर्टल में जीआईएस तकनीक को भी जोड़ा गया है। इससे भूमि की वास्तविक भौगोलिक स्थिति और मौके से जुड़े विवरण को देखने में सुविधा होगी। न्यायालय और फील्ड स्तर के राजस्व अधिकारियों के बीच भी बेहतर समन्वय स्थापित होने की उम्मीद है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग यानी ईडब्ल्यूएस के पात्र नागरिकों के लिए भी प्रक्रिया आसान ...शेष पृष्ठ 10 पर

## किसी मामले का दोबारा संज्ञान नहीं ले सकता न्यायिक मजिस्ट्रेट : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

- आरोपों की धाराओं को जोड़ने या घटाने का भी अधिकार नहीं

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया है कि किसी मामले में एक बार संज्ञान लेने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट उसी मामले में दोबारा संज्ञान नहीं ले सकता। बाद में दाखिल प्रोटेस्ट अर्जी के आधार पर पहले लिए गए संज्ञान आदेश को दोबारा खोलना या उसमें संशोधन करना भी कानूनन स्वीकार्य नहीं है।

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि संज्ञान लेते समय न्यायिक मजिस्ट्रेट आरोपों की धाराओं को जोड़ या घटा नहीं सकता। यह फैसला न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह ने गोंडा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 22 मई 2026 को पारित आदेश को निरस्त करते हुए दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रोटेस्ट अर्जी को पहले के संज्ञान आदेश की समीक्षा या पुनर्विचार का माध्यम नहीं बनाया जा सकता। मामला गोंडा के नवाबगंज थाने में दर्ज वर्ष 2025 के मुकदमे से जुड़ा था। एफआईआर में अखिलेश सिंह, शेखर सिंह और अल्पना सिंह को अभियुक्त बनाया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने अखिलेश सिंह और शेखर सिंह के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया, जबकि अल्पना सिंह के पक्ष में अंतिम रिपोर्ट लगाई गई।

C M Y K

# 1,600 करोड़ से यूपी में मजबूत होगा मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर

## 44 परियोजनाओं का होगा शिलान्यास, 21 तैयार परियोजनाएं होंगी जनता को समर्पित, लखनऊ में 855 करोड़ से बनेगा 1,010 बेड का अस्पताल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मेडिकल शिक्षा के विस्तार के बाद अब योगी सरकार चिकित्सा संस्थानों के इंफ्रास्ट्रक्चर और मरीजों की सुविधाओं को नई रफ्तार देने जा रही है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा संस्थानों में 1,606.83 करोड़ रुपये की 65 परियोजनाएं शिलान्यास और लोकार्पण के लिए तैयार हैं। इनमें 1,400.70 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाएं शिलान्यास और 206.13 करोड़ रुपये की 21 परियोजनाएं लोकार्पण के लिए तैयार हैं।

इन परियोजनाओं का दायरा सिर्फ नए भवनों के निर्माण तक सीमित नहीं है। मेडिकल कॉलेजों में बढ़ी सीटों के अनुरूप हॉस्टल, लेक्चर थिएटर और परीक्षा भवन से लेकर नर्सिंग कॉलेज, ट्रॉमा सेंटर, एमसीएच सेंटर, संक्रामक रोग अस्पताल, ट्रांसप्लांट यूनिट, सीवरेज, जलापूर्ति और फायर सेफ्टी जैसी सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा। यानी मेडिकल शिक्षा के साथ अस्पतालों और कैंपस के पूरे सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की तैयारी है। प्रस्तावित परियोजनाओं में सबसे बड़ी परियोजना लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की है। गोमतीनगर विस्तार स्थित नए परिसर में बेसमेंट के ऊपर 1,010 बेड के अस्पताल भवन का निर्माण करीब 855.04 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित है। इससे राजधानी में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में करीब 43.68 करोड़ रुपये से बहुमंजिला रोगी सहायक आधुनिक कैंटीन बनाई जाएगी। कानपुर मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालयों में नए जनरेटर के साथ करीब 49.40 करोड़ रुपये की लागत से संक्रामक रोग अस्पताल के निर्माण की तैयारी है। मेरठ मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा सुविधाओं के साथ कैंपस इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत किया जाएगा। मौजूदा लेवल-2 ट्रॉमा सेंटर को 100 बेड के लेवल-1 ट्रॉमा सेंटर** में विकसित करने पर करीब 48.15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

बाल रोग विभाग में एमसीएच सेंटर के निर्माण पर करीब 34.82 करोड़ रुपये खर्च प्रस्तावित हैं। इसके अलावा सीवरेज, महिला और पुरुष पीजी छात्रावास, जलापूर्ति, 10 एमएलडी एसटीपी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी मजबूत किया जाएगा। मेडिकल सीटों में वृद्धि के अनुरूप छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय और शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। झांसी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस यूजी सीटों में वृद्धि को देखते हुए लेक्चर थिएटर, वातानुकूलित पुस्तकालय, कॉन्फ्रेंस हॉल, कैफेटेरिया और परीक्षा हॉल से जुड़े बहुमंजिला भवन के निर्माण पर करीब 28.44 करोड़ रुपये खर्च प्रस्तावित हैं। इसी कॉलेज में 272 बेड के यूजी बालिका छात्रावास के निर्माण पर करीब 26.89 करोड़ रुपये खर्च होंगे। एटा में छात्र-छात्राओं के हॉस्टल और अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। कुशीनगर में 100-100 बेड के बालिका और बालक छात्रावास के साथ एसटीपी का निर्माण प्रस्तावित है। अयोध्या मेडिकल कॉलेज में इंटर्न, यूजी छात्र और छात्राओं के लिए 100-100 बेड के हॉस्टल सहित अन्य निर्माण कार्य किए जाएंगे। प्रदेश में डॉक्टरों के साथ प्रशिक्षित नर्सिंग मानव संसाधन तैयार करने पर भी जोर दिया जा रहा है। गोंडा मेडिकल कॉलेज में करीब 9.93 करोड़ रुपये से नर्सिंग कॉलेज की स्थापना प्रस्तावित है। लोकार्पण के लिए तैयार परियोजनाओं में बहराइच, अयोध्या और हरदोई के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों के नर्सिंग कॉलेज शामिल हैं।

सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में करीब 20.82 करोड़ रुपये की लागत से 60 सीट के बीएससी नर्सिंग कॉलेज और ग्रेटर नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भी करीब 20.82 करोड़ रुपये से कॉलेज ऑफ नर्सिंग की परियोजना शामिल है। परियोजनाओं में अस्पताल और कक्षाओं के साथ चिकित्सकों और मेडिकल छात्रों के लिए जरूरी सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है। जौनपुर मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक आवास, छात्रावास, 200 क्षमता के दो व्याख्यान कक्ष, फैकल्टी पार्किंग, फायर फाइटिंग सिस्टम और गेस्ट हाउस जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मिजापुर के मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में छात्रों के लिए 160 और छात्राओं के लिए 140 क्षमता के हॉस्टल के साथ चार व्याख्यान कक्षों में ध्वनिरोधक कार्य प्रस्तावित है।

# रागिनी से मिले सीएम, इलाज से पढ़ाई तक हर मदद का दिया भरोसा

- ट्राइसिकल के बाद अब ऑपरेशन, आवास और सड़क की भी होगी व्यवस्था
- रागिनी का वीडियो सामने आते ही मुख्यमंत्री ने लिया था संज्ञान, तत्काल उपलब्ध कराई गईं दो ट्राइसिकल



लखनऊ। बलिया की सात वर्षीय दिव्यांग बेटी रागिनी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने रागिनी से आत्मीयता से बातचीत कर उसके स्वास्थ्य, पढ़ाई और परिवार की परिस्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने रागिनी के बेहतर इलाज, ऑपरेशन का पूरा खर्च उठाने, पढ़ाई जारी रखने और परिवार को आवास उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। मुलाकात के दौरान रागिनी के माता-पिता और बलिया की भाजपा विधायक केतकी सिंह भी मौजूद रहीं।

मनियर ब्लॉक की दिघेड़ा ग्रामसभा के रानीपुर गांव निवासी रागिनी प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक की छात्रा है। स्कूल आने-जाने में परेशानी को देखते हुए उसने ट्राइसिकल की मांग की थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बलिया के जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रागिनी को दो ट्राइसिकल उपलब्ध कराईं।

अब मुख्यमंत्री ने उसके इलाज और ऑपरेशन की व्यवस्था के साथ परिवार की आवास संबंधी जरूरत पूरी करने का भी भरोसा दिया है। रागिनी की मां बबिता ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद उनका आभार जताया। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी के पैर में दिक्कत है और इसी समस्या को लेकर परिवार मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचा था। मुख्यमंत्री ने रागिनी के इलाज का पूरा खर्च उठाने और ऑपरेशन की व्यवस्था कराने का भरोसा दिया। इसके साथ ही गांव की खराब सड़क को दुरुस्त कराने और ट्राइसिकल उपलब्ध कराने के लिए भी उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। रागिनी के पिता देवेंद्र ने बताया कि कई वर्ष पहले सड़क हादसे में उनकी बेटी के पैर में फ्रैक्चर हो गया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इलाज के साथ-साथ आवास और पढ़ाई में भी मदद का भरोसा दिया है। परिवार ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने में सहयोग के लिए विधायक केतकी सिंह का भी आभार जताया। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि रागिनी का वीडियो सामने आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं उसका संज्ञान लिया और जिलाधिकारी समेत संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर रागिनी को ट्राइसिकल उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने रागिनी के इलाज का पूरा खर्च सरकार द्वारा उठाने, ऑपरेशन की व्यवस्था कराने, परिवार को आवास उपलब्ध कराने और घर के पास की खराब सड़क को ठीक कराने का भरोसा दिया है।

रागिनी की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रहे, इसके लिए भी हरसंभव मदद का आश्वासन दिया गया है। केतकी सिंह ने कहा कि रागिनी की मदद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशील और त्वरित कार्यशैली का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तक किसी जरूरतमंद की समस्या पहुंचते ही उस पर तत्काल संज्ञान लिया जाता है और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं। रागिनी और उसके परिवार ने मुख्यमंत्री की इस पहल के लिए आभार जताया। परिवार को उम्मीद है कि इलाज, आवास और शिक्षा के लिए मिली मदद से रागिनी की राह अब पहले से आसान होगी।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेशभर में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर: ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

- 17 सितंबर को रक्तदान और आशीर्वाद का दीपक कार्यक्रम, 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लगेंगे शिविर
- बैठक में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने चिकित्साधिकारियों को दिए निर्देश

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित होने वाले सेवा संकल्प अभियान को लेकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को आवास पर वर्चुअल बैठक की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभियान के तहत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सेवा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चिकित्सा अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन प्रदेशभर में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी दिन शाम 7 बजे बजे प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर आशीर्वाद का दीपक प्रज्वलित किया जाएगा। इसके माध्यम से सेवा, समर्पण और जनकल्याण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। वहीं, 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में व्यापक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों में आमजन को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं, जांच सुविधाओं तथा स्वास्थ्य विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। वर्चुअल बैठक में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मंत्री सोमेंद्र तोमर, उपाध्यक्ष, भाजपा, उत्तर प्रदेश कामेश्वर सिंह, प्रमुख सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष उपस्थित रहे।

# शिक्षा जगत में विकसित भारत की संकल्पना को मिलेगा विस्तार



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रस्तावित सेवा संकल्प अभियान को व्यापक जनभागीदारी का अभियान बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में लखनऊ स्थित आवास पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा और महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी सहित अन्य अधिकारीगण के साथ अभियान की तैयारियों एवं आयोजन के संबंध में बैठक कर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभागों के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा युवाओं को सेवा संकल्प अभियान से जोड़ने की कार्ययोजना पर विशेष जोर दिया गया। अभियान के अंतर्गत 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत कार्यक्रम 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य करेंगे, जबकि स्थानीय जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहेगी। इसके तहत प्रदेश के प्रत्येक शासकीय एवं निजी विद्यालय में कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग तथा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय एवं ब्लॉक स्तर से आगे जिला स्तर तक किया जाएगा। उत्कृष्ट ड्राइंग का चयन कर जिला स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित होगी, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद राज्य स्तरीय भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मंत्रीगण भी उपस्थित रहेंगे।

अभियान में उच्च शिक्षा विभाग की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहेगी। उच्च शिक्षण संस्थानों में युवाओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर ड्राइंग, भाषण एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को देश के विकास की यात्रा से जोड़ते हुए उन्हें विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प के प्रति जागरूक एवं सहभागी बनाना है। अभियान की कार्ययोजना में उच्च शिक्षा संस्थानों में युवाओं के साथ संवाद और प्रतियोगिताओं के आयोजन का उल्लेख किया गया है।

# भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम पर : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का आचरण लोकतंत्र विरोधी है। सरकार संविधान के खिलाफ काम कर रही है। सपा को बदनाम करने पर उतारू है। प्रदेश में दस साल से और दिल्ली की सत्ता में 13 साल से काबिज भाजपा सरकार पूरी तरह विफल हो गयी है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार की उपलब्धियां जीरो हैं। अपनी विफलता को छिपाने के लिए भाजपा झूठे और व्यक्तिगत आरोप लगा रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव में हार के डर से अनर्गल आरोप लगा रही है।



अखिलेश यादव शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ का प्रचार और प्रसार करती है। उसे लोकतंत्र और संविधान पर विश्वास नहीं है। लोकतंत्र में भाजपा का यह आचरण घोर निन्दनीय है। सपा का लोकतंत्र और संविधान पर भरोसा है। सपा सबको साथ लेकर चलती है। सपा लोकतांत्रिक मूल्यों को समझती है। सपा कभी भाजपाइयों जैसा आचरण नहीं कर सकती है। सपा के कार्यकर्ता नेता और समर्थक संयम से रहें। अपनी भाषा, व्यवहार को मर्यादित रखें। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की हार से भाजपा की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। भाजपा दुष्प्रचार करेगी। झूठी रील बनाएगी। विरोधियों को बदनाम करेगी। भाजपा किसी की सगी नहीं है। जनता भाजपा को समझ गयी है। भाजपा ने जनता का भरोसा खो दिया है। जनता ने 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाने का फैसला कर लिया है। अब उसे सत्ता से बाहर जाना ही होगा। भाजपा सरकार से जो भी पीड़ित, दुःखी, अपमानित लोग हैं, समाजवादी पार्टी उनके साथ हैं।

# एचपीवी टीकाकरण में प्रदेश ने 86.3 प्रतिशत लक्ष्य किया पूरा

- 23.26 लाख किशोरियों को लगाई गई एचपीवी वैक्सीन

लखनऊ। प्रदेश में 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान में अब तक 86.3 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है जबकि देश का 80 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है । प्रदेश में 28 फरवरी से शुरू हुए अभियान के तहत 10 सितम्बर तक 23,26,580 किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका है।

अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर लगातार सकारात्मक प्रगति हो रही है। 10 सितम्बर तक प्रदेश में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 86.3 प्रतिशत किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। जिलों में भी बेहतर कवरेज देखने को मिल रहा है। हमारा प्रयास है कि शेष पात्र किशोरियों तक भी पहुंच बनाकर उनका टीकाकरण पूरा किया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और समुदाय स्तर पर जागरूकता एवं टीकाकरण गतिविधियों को और मजबूत कर रही हैं। अभिभावकों से भी अपील है कि वे अपनी पात्र बेटियों को एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं और सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास में सहयोग करें।

मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवेल ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान में प्रदेश की अब तक की प्रगति उत्साहजनक है। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि जिलों के प्रदर्शन की बात करें तो मुरादाबाद 99.6 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर है। इसके बाद कानपुर देहात 97.7 प्रतिशत, मैनपुरी 97.5 प्रतिशत, बागपत और औरैया 97 प्रतिशत उपलब्धि के साथ आगे हैं। रायबरेली में 95.5 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो चुका है, जबकि लखनऊ में 94.3 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गयी है।

# महिला स्पेशल रोजगार मेला में 175 अभ्यर्थियों का चयन



लखनऊ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने शुक्रवार को विवेकानंद हॉल में महिला स्पेशल रोजगार मेले का आयोजन किया। मेले का उद्घाटन विधायक लखनऊ उत्तरी डॉ. नीरज बोरा ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने प्रधानाचार्य राज कुमार यादव, प्लेसमेंट अधिकारी एमए खान एवं टीम की सराहना की। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि संस्थान प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है, जिसके चलते लखनऊ प्लेसमेंट में विगत कई वर्षों से प्रथम स्थान पर है। प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खान ने बताया कि मेले में चार प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कुल 725 महिला अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें 405 अर्ह पाई गईं। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद हीरो मोटरकॉप में 50, एचयूएल में 50, एसबीआई लाइफ में 50 एवं अलमास एक्सप्रोटस में 25 सहित कुल 175 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

# आईटीआई में द्वितीय चरण के चयन परिणाम घोषित, आज से प्रवेश शुरू

लखनऊ। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज, लखनऊ द्वारा प्रदेश में संचालित राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026 (छह माह), सत्र 2026-27 (एक वर्षीय) एवं सत्र 2026-28 (दो वर्षीय) के द्वितीय चरण के चयन परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रथम चरण के आवंटन के बाद उच्चीकरण का चयन परिणाम भी जारी किया गया है। अभ्यर्थी अपना चयन परिणाम राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की वेबसाइट www.scvtup.in अथवा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग की वेबसाइट www.upvesd.gov.in/dte पर देख सकते हैं। अधिशासी निदेशक एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण में प्रवेश की प्रक्रिया 12 सितंबर से 17 सितंबर तक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को दिए गए लिंक पर क्लिक कर अपनी पंजीकरण संख्या एवं जन्मतिथि अंकित करनी होगी। चयन होने की स्थिति में अभ्यर्थी का बुलावा पत्र वेबसाइट पर प्रदर्शित होगा, जिसे डाउनलोड कर उसका प्रिंट प्राप्त किया जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में दिए गए मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी चयन की सूचना दी जा रही है। जिन अभ्यर्थियों का चयन नहीं हुआ है, उनके लिए उनकी रैंक संबंधी सूचना प्रदर्शित होगी और उन्हें अगले प्रवेश चरण की प्रतीक्षा करनी होगी। चयनित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे बुलावा पत्र की प्रति, समस्त मूल प्रमाण-पत्र, अंक-पत्रों की प्रतियां, उनकी एक-एक प्रमाणित प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर संबंधित चयनित संस्था के प्रधानाचार्य से निर्धारित अंतिम तिथि तक संपर्क करें।

# स्मार्ट क्लास से गांव के स्कूल तक, शिक्षा पर डॉ. राजेश्वर सिंह का बड़ा फोकस

- अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज को सीएसआर से पांच स्मार्ट क्लासरूम
- दो विद्यालयों को विधायक निधि से 10-10 लाख

लखनऊ। सरोजनीनगर में शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के साथ डिजिटल संसाधनों के विस्तार की पहल तेज हुई है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज को सीएसआर के माध्यम से पांच स्मार्ट क्लासरूम उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं, दो ग्रामीण विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए विधायक निधि से 10-10 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है।

31 अगस्त को अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. सिंह ने पांच स्मार्ट क्लासरूम उपलब्ध कराने की पहल की। उन्होंने कहा कि बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल कौशल और वित्तीय साक्षरता से सशक्त बनाना आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के लिए जरूरी है। स्वर्गीय प्रियंका सिंह के निधन के बाद उनके पति प्रभात सिंह से मुलाकात के दौरान डॉ. सिंह को जानकारी मिली कि वह गांव के बच्चों के लिए कक्षा पांच तक विद्यालय संचालित करती थीं। उनकी स्मृति में विद्यालय में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपये की सहायता की घोषणा की गई। इसी तरह सरोजनीनगर के एक सुदूर गांव में श्री राम रईस रावत के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे डॉ. सिंह ने सीमित संसाधनों में संचालित विद्यालय को देखा। उनके पुत्र श्रवण कुमार रावत की ओर से विद्यालय चलाए जाने की जानकारी पर उन्होंने अतिरिक्त कक्षों के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। अब तक करीब 2,000 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप, कंप्यूटर और साइकिल से सम्मानित किया जा चुका है।

वहीं 70 से अधिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं। डॉ. सिंह ने कहा, सड़कें कुछ वर्षों के लिए बनती हैं, लेकिन विद्यालय पीढ़ियों और राष्ट्र का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि संसाधनों के अभाव में किसी प्रतिभाशाली बच्चे का सपना अधूरा न रहे, यही उनका संकल्प है।

# मेडिकल इंटर्न को बड़ी सौगात, खिलाड़ियों को नौकरी का रास्ता साफ

## धामी कैबिनेट ने लिये 10 अहम फैसले, डीजी सूचना बंशीधर तिवारी ने पत्रकारों को दी जानकारी

प्रमुख संवाददाता



- मसूरी रोप-वे और हरिद्वार में ईएसआई के लिए भूमि आवंटन को भी हरी झंडी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कुल दस प्रस्तावों पर सहमति बनी। इनमें एमबीबीएस इंटर्न का मासिक स्टाइपेंड बढ़ाने के साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए विभिन्न विभागों में 243 पदों पर आउट ऑफ टर्न नियुक्ति की व्यवस्था को मंजूरी शामिल है।

महानिदेशक सूचना एवं अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी ने सचिवालय में पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के पांच राजकीय मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और पीजी पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। श्रीनगर, हल्द्वानी, देहरादून, हरिद्वार और अल्मोड़ा के इन मेडिकल कॉलेजों में प्रशिक्षण ले रहे एमबीबीएस इंटर्न को अब प्रतिमाह न्यूनतम 25 हजार रुपये स्टाइपेंड मिलेगा। वर्तमान में उन्हें 17 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा था। कैबिनेट ने खेल उपलब्धियों को सरकारी स्तर पर सम्मान देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को निर्धारित व्यवस्था के तहत आउट ऑफ टर्न सेवायोजन देने के लिए विभिन्न विभागों में 243 पदों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन पदों में खेल एवं युवा कल्याण के अलावा गृह, परिवहन, शिक्षा और वन विभाग भी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त माध्यमिक शिक्षा विभाग में अपर सहायक अध्यापक व्यायाम के लेवल-6 के 33 पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है। इन पदों के सृजन के लिए लेवल-7 के सहायक अध्यापक व्यायाम के 1898 स्वीकृत पदों में से 33 पद समर्पित किये जायेंगे। नई व्यवस्था के तहत राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को निर्धारित मानकों के अनुसार आउट ऑफ टर्न नियुक्ति का लाभ मिल सकेगा। न्यायिक मामलों में सरकार की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं की फीस के पुनर्निर्धारण को भी मंत्रिमंडल ने स्वीकृति दी है। उच्चतम न्यायालय, नैनीताल उच्च न्यायालय और राज्य के अधीनस्थ न्यायालयों में आबद्ध शासकीय अधिवक्ताओं के शुल्क की दरों में संशोधन किया जाएगा। कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के सुधारात्मक विंग को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपर महानिरीक्षक कारागार का एक नया पद शामिल करने को मंजूरी दी गई है।

देहरादून के पुरुकुल गांव से मसूरी के लाइब्रेरी चौक तक प्रस्तावित रोप-वे परियोजना से संबंधित भूमि प्रस्ताव पर भी कैबिनेट ने सहमति जताई। परियोजना के अपर टर्मिनल और पार्किंग निर्माण के लिए मसूरी में गढ़वाल सभा को पूर्व में लीज पर दी गई भूमि के समतुल्य 972 वर्ग मीटर भूमि लीज पर उपलब्ध कराने की अनुमति दी गई है। यह भूमि गढ़वाल मंडल विकास निगम की पार्किंग के लिए क्रय की गई भूमि में से उपलब्ध कराई जाएगी। हरिद्वार में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। ईएसआई चिकित्सालय के समीप चिन्हित 15 एकड़ भूमि को ईएसआई के निर्माण के लिए आवंटित करने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है।

# भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है : सतीश महाना

## सेशेल्स की स्पीकर अजारेल अर्नेस्टा से की संसदीय सहयोग पर विस्तृत चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ/सेशेल्स। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली की स्पीकर अजारेल अर्नेस्टा से भेंट के दौरान भारत की जीवंत एवं सशक्त लोकतांत्रिक परंपरा तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा की उत्कृष्ट विधायी कार्यप्रणालियों से उन्हें अवगत कराया।

सतीश महाना ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां लोकतांत्रिक संस्थाएं जनभागीदारी, संवाद और संवैधानिक मूल्यों के आधार पर निरंतर सशक्त हो रही हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में अपनाई जा रही विभिन्न सर्वोत्तम विधायी प्रक्रियाओं की जानकारी भी साझा की। बैठक के दौरान दोनों प्रतिनिधियों ने भारत और सेशेल्स के युवाओं के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संसदीय कार्यप्रणाली की समझ विकसित करने के लिए यूथ पार्लियामेंट के आयोजन तथा दोनों देशों के युवाओं के बीच आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू करने की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से जोड़ने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सतीश महाना ने भारत और सेशेल्स के बीच लंबे समय से चले आ रहे सौहार्दपूर्ण एवं मैत्रीपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स यात्रा और दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध आपसी विश्वास, सहयोग और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं।

उत्तर प्रदेश के विकास का उल्लेख करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने अजारेल अर्नेस्टा को पिछले लगभग 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए आर्थिक एवं विकासात्मक प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने बुनियादी ढांचे, निवेश, औद्योगिक विकास, रोजगार, कनेक्टिविटी और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले प्रमुख राज्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने विधायी अनुभवों के आदान-प्रदान, लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने तथा युवा पीढ़ी को संसदीय लोकतंत्र से जोड़ने के लिए भविष्य में और अधिक सहयोग की संभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा की।

संक्षेप

## दंपती पर मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट गाली गलौज व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के खरगपुर गांव के मोहम्मद फारूक की पत्नी मैफुल निशा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती दो सितम्बर को वह जल निकासी को लेकर घर के पीछे बनी नाली की सफाई का काम कर रही थी। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच गांव पड़ोसी मोहम्मद शफीक अपनी पत्नी तसलीम निशा के साथ वहां पहुंचे और नाली की सफाई करने का विरोध करने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारापीटा व धमकी दी।

## महिला की पिटाई को लेकर चार पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के लखापुर ढोझी गांव की सुशीला देवी पत्नी देशराज यादव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते गुरुवार को वह घर पर मौजूद थी। उसी बीच गांव के पड़ोसी अवध राज अपने पुत्र अर्पित यादव तथा अपनी पत्नी पूनम एवं अर्पित की पत्नी सुनीता के साथ उसके दरवाजे पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा। शोर शराबा सुनकर पीड़िता की बेटी ज्योति बीच बचाव को पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी मारापीटा व धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

## दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी न होने की एसपी से शिकायत

प्रतापगढ़। दुष्कर्म के आरोपी की गिफ्तारी न होने को लेकर पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई है। क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने एसपी को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि लीलापुर थाना क्षेत्र के बासुपुर गांव निवासी अजीत मौर्य ने नौकरी दिलाने के नाम पर छल कपट करते हुए उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि गिरफ्तारी न होने से आरोपी गांव में खुलेआम घूम रहा है। और पीड़िता व उसके परिजनों पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए धमकी दे रहा है। एसओ लीलापुर वारिज कसेरा का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

## बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या

हमीरपुर। जिले के मुस्करा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक बुजुर्ग की उनके घर पर सोते समय कथित रूप से धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहूनी गांव निवासी ठाकुर दास अहिरवार (68) के तौर पर हुई है। परिवार के अनुसार, बृहस्पतिवार रात करीब एक बजे यह घटना हुई, तब घर के सभी सदस्य सो रहे थे। देर रात करीब तीन बजे, बुजुर्ग की पोती अपना मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए कमरे में गई तो उसने ठाकुर दास को चारपाई पर खून से लथपथ हालत में पाया। उसने परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। राठ के पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और डॉग स्क्वॉड व फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य एकत्र किए।

# कजरी तीज मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन सतर्क

## डीएम, एसपी और सीडीओ ने विभूतिनाथ मंदिर परिसर का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता

श्रावस्ती। विकासखंड सिरसिया स्थित विभूतिनाथ मंदिर परिसर में आगामी कजरी तीज मेला एवं कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी और मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में बैठक हुई। अधिकारियों ने मेला परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को समय से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त कर ली जाएं। जिला प्रशासन और मेला प्रबंधन समिति आपसी समन्वय से मेले को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराएं। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मंदिर तक आने-जाने वाले रास्तों को पूरी तरह खाली रखने, सड़कों के गड्ढों की मरम्मत कराने और रास्तों के किनारे उगी झाड़ियों की सफाई कराने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त शुद्ध पेयजल, पानी के टैंकर, सफाई, शौचालय, बैरिकेडिंग और प्रकाश की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को मेला समाप्त होने तक स्वास्थ्य शिविर, चिकित्सकों और आवश्यक सुविधाओं से युक्त चलित एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। चिकित्सा दल में महिला चिकित्सक के साथ सर्पदंश की दवा भी उपलब्ध रखने को कहा। मेला परिसर में नियंत्रण कक्ष और खोया-पाया केंद्र बनाने के निर्देश दिए गए। खाद्य पदार्थों की लगातार जांच और नमूने लेने के लिए खाद्य निरीक्षक को निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झूले लगाने वालों को सुरक्षा संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही अनुमति दी जाए। किसी भी तरह की सुरक्षा संबंधी कमी मिलने पर झूला लगाने की अनुमति न दी जाए। दुकानदारों को मेला प्रबंधन समिति से अनुमति लेने तथा दुकानों पर कूड़ेदान रखने के निर्देश दिए गए। पूरे मेला क्षेत्र में दिशा-सूचक पट्टियां लगाने और आवारा पशुओं को रोकने के भी निर्देश दिए। बिजली व्यवस्था की जांच कर सुरक्षित वायरिंग कराने और चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने को कहा गया। अग्निशमन वाहन की व्यवस्था, पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित रखने और अव्यवस्थित खड़े वाहनों को हटाने के लिए टो करने वाली मशीन उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए गए।

कजरी तीज के दौरान श्रद्धालु रजिया तालाब से जल लेकर बाबा विभूतिनाथ का जलाभिषेक करते हैं। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने वन विभाग और पुलिस की टीम को जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए तैनात करने तथा आवश्यकता के अनुसार निगरानी मचान बनाने के निर्देश दिए। वन विभाग और सुरक्षा बलों को चौबीस घंटे निगरानी रखने को कहा गया।

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने बताया कि मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में निगरानी कैमरे लगाए जाएंगे। खुफिया पुलिस भी तैनात रहेगी। चोरी और चेन छीनने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस लगातार निगरानी करेगी। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने कहा कि मेले को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की गई है। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी ललित कुमार ने किया। बैठक के बाद जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य विकास अधिकारी ने बाबा विभूतिनाथ मंदिर, जल लेने वाले कुंड सहित पूरे मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह, उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत पासवान, खंड विकास अधिकारी सिरसिया, मेला प्रबंधन समिति के सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

श्रावस्ती। प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की मौजूदगी में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य आम लोगों को विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना है। इसके माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही योजनाओं के पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुरुआत में सेवा दिवस-आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम होगा। विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। सांस्कृतिक दल नमो सेवा विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम होंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकताओं और उत्कृष्ट लाभार्थी माताओं का सम्मान किया जाएगा।

## डूबने से बचाव के लिए छात्रों को किया जागरूक

इकौना, श्रावस्ती। जगतजीत इंटर कॉलेज इकौना में शुक्रवार को छात्रों को डूबने से होने वाली घटनाओं के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के 3005 छात्रों और शिक्षकों ने जलभराव वाले स्थानों से सुरक्षित रहने की शपथ ली। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर जिले के सभी बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में डूबने से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्य राम बिहारी बाजपेयी ने छात्रों को सावधानी बरतने की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे बिना अभिभावक के नदी, नहर, तालाब और पोखर के किनारे न जाएं तथा जलस्रोतों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के सभी विद्यालयों में छात्रों को डूबने की घटनाओं से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं और उन्हें सुरक्षा की शपथ भी दिलाई जा रही है। कार्यक्रम में शैलेंद्र प्रताप सिंह, अवधेश कुमार मिश्र, महेंद्र यादव, सौरभ कुमार श्रीवास्तव, प्रिया वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनपदीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सुभाष चंद्र बोस इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने मचाया धमाल



इकौना, श्रावस्ती। सुभाष चंद्र बोस इंटर कॉलेज, इकौना में 11 सितंबर को जनपदीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय सहित जनपद के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल और दमखम का प्रदर्शन करते हुए कई भार वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किए। विद्यालय के खिलाड़ी कामरान खान ने 50 किलोग्राम, सुधीर यादव ने 38 किलोग्राम तथा कोठ हसन ने 45 और 68 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। व्याधि राजा ने 35 और 14 किलोग्राम, अमित मिश्रा ने 17 किलोग्राम तथा हैप्पी ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के दौरान एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता आदित्य शर्मा को उत्कृष्ट खिलाड़ी एवं प्रेरणास्रोत के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लोक रंजन पांडेय ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और मेहनत से खिलाड़ी भविष्य में उच्च स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को विद्यालय और जनपद का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ज्योति प्रकाश पांडेय तथा जगतजीत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेयी सहित निर्णायक मंडल, प्रशिक्षक और शिक्षक मौजूद रहे। खेल सचिव आशीष तथा प्रशिक्षक भानजीर समेत विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की सफलता पर हर्ष जताया।

## साइबर फ्रॉड की 21 हजार रुपये की रकम वापस करायी



खेसरहा सिद्धार्थनगर। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खेसरहा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वढकसाइबर फ्रॉड में ठगी गई 21,000 रुपये की पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में थाना खेसरहा की साइबर टीम ने बैंक के समन्वय से त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक प्रियांशु द्विवेदी निवासी टीकूर की एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायत के आधार पर ठगी की रकम की रिकवरी कराई। पीड़ित के खाते में 11 सितंबर 2026 को 21,000 रुपये वापस कराए गए। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में साइबर टीम की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से पीड़ित को राहत मिली। पुलिस की सक्रियता और बैंक के साथ बेहतर समन्वय से साइबर फ्रॉड की धनराशि वापस कराने में सफलता मिली। सराहनीय कार्य करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, साइबर सेल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप यादव, कांस्टेबल नीरज कुमार एवं महिला कांस्टेबल रम्भा यादव शामिल रहे।

## शिवनगर डिड़ई थानाध्यक्ष ने की पीस कमेटी बैठक



**सिद्धार्थनगर।** आगामी गणेश चतुर्थी एवं विश्वकर्मा पूजा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने 11 सितंबर को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों, डीजे संचालकों, संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं पत्रकारों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने सभी को उच्चाधिकारियों के निदेशों से अवगत कराते हुए शांति, आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही आयोजन के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करने और किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने का संदेश दिया। बैठक में थाना शिवनगर डिड़ई के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# तहसील परिसर में जलभराव से हलाकान हैं अधिवक्ता व वादकारी



प्रतापगढ़। तहसील परिसर में बने जलभराव की समस्या से निजात नहीं पा रही है। हालांकि तहसील प्रशासन ने पम्पिंगसेट लगवा कर पानी निकासी की व्यवस्था बनायी है, लेकिन हर रोज हो रही बारिश जलनिकासी की बनी व्यवस्था पर पानी फेर दे रही है। ऐसे में अधिवक्ताओं व वादकारियों को जलभराव के बीच से होकर कामकाज करने में हलाकान देखा जा रहा है। बारिश के चलते हुए जलभराव से तहसील के तीनों गेटों की प्रवेश व निकासी में लोगों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचन्द्र तिवारी समेत अधिवक्ताओं का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग बनने के बाद से तहसील परिसर के सड़क की सतह नीचे हो गयी। इससे बारिश का पानी निकल नही पाता। ऐसे में पम्पिंग सेट से जल निकासी की व्यवस्था की एक मात्र माध्यम है। लेकिन सप्ताह भर से हो रही हर रोज की बारिश के चलते जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

## लखीमपुर खीरी में मिले अनोखे रंग वाले सांप ने वैज्ञानिकों का ध्यान खींचा

लखीमपुर खीरी। जिले के दुधवा क्षेत्र के सुमेर नगर गांव में एक घर से हाल में बचाए गए करैत सांप के अनोखे रंग ने वैज्ञानिकों का ध्यान आकर्षित किया है। आमतौर पर करैत में दिखाई देने वाली छल्लेदार धारियां इस सांप के शरीर पर नहीं हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि इसके असामान्य रंग-रूप का कारण जानने और यह पता लगाने के लिए इसकी शारीरिक बनावट और आनुवंशिक गुणों का अध्ययन करना जरूरी है कि यह लेसर ब्लैक करैत है या कॉमन करैत की कोई दुर्लभ प्रजाति। दुधवा बाघ अभयारण्य के क्षेत्र निदेशक डॉ. एच. राजमोहन ने कहा कि बचाया गया सांप दुधवा क्षेत्र में दुर्लभ है और अंदेशा है कि यह लेसर ब्लैक करैत है जो आमतौर पर दुधवा के तराई क्षेत्र में नहीं पाया जाता। इस सांप के बारे में अध्ययन के लिए जाने-माने सरीसृप विशेषज्ञों से संपर्क किया जाएगा। यह दुधवा की समृद्ध जैव विविधता और पारिस्थितिकी को दर्शाता है, जहां दुर्लभ प्रजातियों को सुरक्षा और संरक्षण मिला है।

# दुष्कर्म के आरोपी को सिद्धार्थनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिद्धार्थनगर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 11 सितंबर 2026 को कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 246/26, धारा 64(1), 333 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त परवेज खान पुत्र स्व. अकबाल खान, निवासी मोहल्ला भगतसिंहनगर, थाना व जिला सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह एवं कांस्टेबल सूरज गुप्ता शामिल रहे।

# एक्ट नहीं अधिवक्ता सुरक्षा कानून लाये सरकार

## प्रांतीय अधिवक्ता सम्मेलन में न्यायिक पारदर्शिता पर दिया वकीलों ने जोर





**कानपुर।** प्रांतीय अधिवक्ता सम्मेलन में दूसरे दिन शुक्रवार को अधिवक्ता सुरक्षा, न्यायिक क्षेत्र में पारदर्शिता भरी जवाबदेही, मौलिक अधिकारों व चिकित्सा समेत विभिन्न सुविधाओं पर मंथन हुआ। कानपुर बार एसोसिएशन एवं लायर्स बार एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से सम्मेलन में प्रतापगढ़, महोबा, रायबरेली, फरुखाबाद, हरदोई कौशाम्बी आदि जिलों से प्रदेश भर के अधिवक्ताओं का भारी जमावड़ा दिखा। सम्मेलन को संबोधित करते आल इंण्डिया रुरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि सरकार एडवोकेट्स प्रोटेक्सन एक्ट का झुनझुना पकड़ाने की जगह वकीलों को अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक सौंपे। ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने वकीलों के मौलिक अधिकारों से छेड़छाड़ पर देश ब्यापी आंदोलन शुरू करने की भी कड़ी चेतावनी दी। एसोसिएशन के महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने न्यायिक जवाबदेही पर जोर दिया। कानपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र अवस्थी, महामंत्री विनय मिश्रा, लायर्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश वर्मा, महामंत्री राजीव यादव ने संयुक्त रूप से सम्मेलन का राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक प्रस्ताव रखा। पूर्व अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी, राम अवतार विश्वकर्मा, प्रतापगढ़ के लालगंज बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश चंद्र तिवारी समेत अधिवक्ताओं ने इन प्रस्तावों का समर्थन किया। सम्मेलन में ह्ड़ताल पर पाबंदी के खिलाफ प्रदेश भर में सप्ताह के शुक्रवार को न्यायिक काम काज से विरत रहने का भी ऐलान हुआ।

## सीआरपीएफ के पूर्व जवान की चाकू मारकर हत्या, भाई घायल

बलिया। जिले के उभांव थाना क्षेत्र में गाली-गलौज को लेकर हुए झगड़े के बाद कथित तौर पर पांच लोगों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक पूर्व जवान की चाकू मारकर हत्या कर दी और उसके भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना बृहस्पतिवार रात करीब 8.30 बजे उभांव थाना क्षेत्र के सोनाडीह (दोथ) गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अमरेश बहादुर सिंह (45) के रूप में हुई है, जबकि उसके घायल भाई मंजेश (35) का उपचार चल रहा है। दर्ज प्राथमिकी के हवाले से पुलिस ने बताया कि सेना के पूर्व जवान अमरेश बहादुर सिंह घर से लगभग 100 मीटर दूर स्थित अपने डेयरी फार्म पर थे, तभी उनसे रंजिश रखने वाले उनके पांच पट्टीदार लाठी, चाकू और अन्य हथियारों के साथ वहां पहुंचे और उनसे फाटक खोलने को कहा था।

# एचपीवी टीकाकरण में देवीपाटन मंडल प्रदेश में छठे स्थान पर

## 80 प्रतिशत पात्र बालिकाओं को लगा टीका, 15वें स्थान से छलांग लगाकर छठे पायदान पर पहुंचा मंडल



**गोण्डा/ श्रावस्ती।** बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने और उनके सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य की दिशा में देवीपाटन मंडल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मंडल में अब तक 80 प्रतिशत पात्र 14 वर्षीय बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है। प्रभावी निगरानी और लगातार समीक्षा के चलते मंडल प्रदेश की रैंकिंग में 15वें स्थान से बढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गया है। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के नियमित अनुश्रवण और अधिकारियों के निरंतर प्रयासों से टीकाकरण अभियान को गति मिली है। राज्य स्तर से मिले निदेशों के क्रम में गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती में 17 सितंबर तक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत उन 14 वर्षीय पात्र बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है, जिनका 14वां जन्मदिन हो चुका है और 15वां जन्मदिन अभी नहीं आया है। जिलेवार टीकाकरण की स्थिति 8 सितंबर तक गोण्डा में 74 प्रतिशत, बलरामपुर में 78 प्रतिशत, बहराइच में 84 प्रतिशत तथा श्रावस्ती में 84 प्रतिशत पात्र बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है। इस तरह मंडल की कुल उपलब्धि 80 प्रतिशत है। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने 31 जुलाई को अभियान की समीक्षा के दौरान मंडल की प्रदेश स्तरीय रैंक 15वें स्थान पर होने पर अधिकारियों को टीकाकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य संबंधित विभागों का समन्वय कर प्रत्येक पात्र बालिका तक पहुंच बनाने, अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाने और टीकाकरण की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। इसके बाद क्षेत्रीय स्तर पर निगरानी और जनजागरूकता गतिविधियों को तेज किया गया। आशा कार्यकत्रियों, स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य टीमों ने घर-घर संपर्क कर पात्र बालिकाओं तथा उनके अभिभावकों को एचपीवी टीके के महत्व की जानकारी दी और उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। लगातार निगरानी और विभागीय समन्वय का परिणाम प्रदेश की रैंकिंग में सुधार के रूप में सामने आया।

अभिभावक भ्रम में न रहें : मंडलायुक्त

मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी पात्र 14 वर्षीय बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए समय पर टीकाकरण बेहद महत्वपूर्ण है। अभिभावक किसी भी भ्रम या भ्रांति में न रहें और स्वास्थ्य विभाग की टीमों का सहयोग करते हुए अपनी पात्र बालिकाओं को टीका जरूर लगवाएं।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 17 सितंबर तक अभियान को पूरी गति से चलाया जाए और एक भी पात्र बालिका टीकाकरण से वंचित न रहे। इसके लिए घर-घर संपर्क, व्यापक जनजागरूकता और प्रभावी निगरानी लगातार जारी रखी जाए। पात्र बालिकाओं को एचपीवी का टीका जनपद स्तरीय चिकित्सालयों, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में निशुल्क लगाया जा रहा है। अभिभावक अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क कर पात्र बालिका का टीकाकरण करा सकते हैं। मंडल प्रशासन ने 17 सितंबर 2026 तक सभी पात्र बालिकाओं को एचपीवी टीके से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को और गति देने तथा प्रत्येक पात्र बालिका तक टीकाकरण की सुविधा पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। देवीपाटन मंडल की यह उपलब्धि बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब प्रशासन की नजर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर है।

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी**

संख्या - 471/आबकारी/अपील/चेता./2026-27/बाराबंकी — दि. 08.09.2026

**अपील / चेतावनी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों/स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल जनहित में जनपद के जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी-9454465638, आबकारी निरीक्षक, नवाबगंज-9454466232, आबकारी निरीक्षक, रामसनेही घाट-9454466233, आबकारी निरीक्षक, हैदरगढ़-9454466234, आबकारी निरीक्षक, फतेहपुर-9454466235, आबकारी निरीक्षक, सिरौली गौसपुर-8299856945, आबकारी निरीक्षक, रामनगर-7303337393, पर सूचना देने का कष्ट करें। अवैध मद्य निष्कर्षण से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिये प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर-14405 तथा व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर भी दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

(कुलदीप दिनकर)
जिला आबकारी अधिकारी,
बाराबंकी।

(ईशान प्रताप सिंह)
जिलाधिकारी,
बाराबंकी।

संक्षेप

## भैंस की पूंछ पकड़कर नदी पार कर रहा युवक डूबा

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। भैंस की पूंछ पकड़कर गंगा की उप धारा सोता पार कर रहा युवक पूंछ छूट जाने से अचानक पानी के बहाव में बह गया और डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने स्वजन को सूचना दी। युवक की तलाश गोताखोर कर रहे हैं अभी तक युवक का पता नहीं लग सका है। ग्राम पंचायत जैतपुर के मजरा फुलवइया निवासी 35 वर्षीय सुनील उर्फ सुनीत शुक्रवार को दिन में साढ़े बाहर बजे घर भैंस को चराने के लिए निकला।अभी वह घर से महज लगभग एक किमी. दूर पहुंचा ही था कि गंगा के सोता (गंगा की उप जलधारा) को भैंस की पूंछ पकड़कर पार करने लगा, तभी अचानक वह धारा के तेज प्रवाह में पूँछ छूट जाने के कारण बह गया। आसपास मौजूद लोगो ने युवक के स्वजन को जानकारी दी। युवक की तलाश नाव के जरिए जाल डालकर व गोताखोरों से कराई जा रही है।सुनील बर्फ सुनीत के डूबने से मां संतोषा कुमारी,पिता रामकृष्ण, पत्नी सीता, दो बेटों में इशू और राजू रो-रो कर बेहाल है।एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि डूबे युवक की तलाश गोताखोरों से कराई जा रही है।

## तीन वांछित अपराधी गिरफ्तार

फतेहपुर चौरासी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने अलग अलग मामलों में वांछित तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की है। एक नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित नासिर पुर निवासी सतीश नामक युवक को चैधरी खेड़ा पुल के पास से गिरफ्तार किया वहीं फर्जी दस्तावेज के आधार पर भूमि की रजिस्ट्री कराने के मामले में वांछित ग्राम पतौली के मजरा सराय निवासी परसू पुत्र केशव को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही गुरुवार को तालिब पुर रहली निवासी रोहित को गाँव के एक युवक कल्लू को नदी में गिरा देने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की है।

## फोन पर युवक को गोली मारने की दी धमकी केस दर्ज

सरहरी ,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के भिटनी गांव निवासी एक युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर उसे गोली मारकर हत्या करने की धमकी देने का आरोप लगाया है पीड़ित के अनुसार पहले रास्ते में रोककर धमकाया गया और बाद में मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई मामले में पीड़ित ने चिलुआताल थाने में तहरीर देकर सुरक्षा और उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार भिटनी निवासी मोहम्मद एहरार पुत्र स्व.गयासुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 सितंबर की सुबह करीब नौ बजे वह कुट्टी की चाय की दुकान पर चाय पीने गया था चाय पीकर घर लौटते समय गांव के पप्पू उर्फ नसीब पुत्र मोहम्मद अली ने उसे रोक लिया और कहा कि वह अपने घर को संभाल ले वरना बहुत बुरा हो जाएगा घर पहुंचने पर परिजनों ने बताया कि उक्त व्यक्ति ने उसे सुधार जाने की बात कहते हुए गोली मारने की धमकी दी है उसने बताया कि करीब पांच वर्ष पूर्व गांव की एक महिला की डोहरिया में चाकू से वार कर हत्या कर दी गई थी उक्त मामले में आरोपी हत्या का आरोपी भी था। पीड़ित का आरोप है कि 8 सितंबर की देर शाम पप्पू उर्फ नसीब ने एक अन्य मोबाइल नंबर से उसके मोबाइल पर फोन कर गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी। आरोप है कि फोन पर यह भी कहा गया कि उसकी दुकान से लेकर उसके हर लोकेशन की जानकारी है और जब चाहेंगे जहां चाहेंगे गोली मार देंगे एहरार ने बताया कि वह पीओपी का काम करता है और गोरखपुर में उसकी दुकान भी है धमकी के बाद वह डरा-सहमा हुआ है और उसे आशंका है कि उसके साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

### सूचना

सूचित करना है कि कक्षा 9 के रजिस्ट्रेशन फार्म मे मेरे पुत्र KARTIKEY BAKSHI एवं माता का नाम बबिता श्रीवास्तव त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जोकि गलत है। जबकि बेटे का सही नाम KARTIKEY BAKHSHI व माता का BABITA RANI है। **SANJEEV KUMAR BAKHSH पुत्र स्व: कालिका बख्श निवासी- मं.न.-444, सत्यप्रेमी नगर, बाराबंकी।**

# महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की सौगात

## विधायक ने किया लोकार्पण व शिलान्यास



चरगांवा, गोरखपुर । पिपराइच विधानसभा क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ग्रामसभा तुलसीदेई से बनकटीया संपर्क मार्ग के नवनिर्माण कार्य का लोकार्पण किया। 1.20 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण पर 101.22 लाख रुपये की लागत आई है।

वहीं, कुसुमी-पिपराइच मार्ग से गढ़वा, रिठीयां चीनी मिल मार्ग के 1.5 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। 4.750 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण पर 935.50 लाख रुपये की लागत आएगी। इन दोनों परियोजनाओं से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, व्यापारियों और आमजन को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत पिपराइच के विभिन्न वार्डों से पहुंचे लोगों ने विधायक के समक्ष अपनी स्थानीय समस्याएं भी रखीं। विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। सड़क, जलनिकासी, साफ-सफाई सहित जनहित से जुड़े सभी मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिपराइच विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ-साथ जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में चेयरमैन संजय मद्धेशिया, ब्लॉक प्रमुख जनार्दन जायसवाल, सभासदगण सोमेश्वर प्रसाद, अनिल मद्धेशिया, मोलई निषाद, आशीष अग्रवाल, गुड्डू हिन्दू, संघर्षमणि त्रिपाठी, लव सिंह, रामानन्द यादव, राजू निषाद समेत भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## सर्जन की ओपीडी में हर पांचवें मरीज को पथरी की शिकायत



उन्नाव। जिला अस्पताल में गुर्दे और पित्त की थैली में पथरी की शिकायत लेकर मरीज तेजी से बढ़ रहें हैं। अस्पताल के सर्जन ओपीडी में हर पांचवें मरीज की जांच में पथरी की परेशानी हो रही है। डॉक्टरों की मानें तो पिछले कुछ महीनों से पथरी सामान्य समस्या बनती जा रही है। अस्पताल के फिजिशियन की ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पेट दर्द,कमर दर्द की शिकायत लेकर पहुंच रहें हैं। जहां से उन्हें सर्जन डॉक्टर की ओपीडी में भेजा जाता है। जिनकी अल्ट्रासाउंड जांच में गुर्दे या पित्त की थैली में पथरी सामने आ रही है। सर्जन डॉ संजय वर्मा ने बताया कि कई मरीजों को पथरी का पता तब चलता है जब दर्द असहनीय हो जाता है,जबकि शुरूआती दौर में इसके लक्षण नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। सर्जन डॉ संजय वर्मा के मुताबिक ओपीडी में आने वाले 125 मरीजों में से रोजाना 20 से 25 मरीजों में जांच के बाद पथरी की पुष्टि हो रही है। इसमें किडनी की पथरी के मरीज ज्यादा हैं। ज्यादातर मरीजों की पथरी दवा से ही निकल जा रही है। सर्जन डॉ संजय वर्मा का कहना है कि पथरी के मामलों में इजाफे की वजह खानपान में बदलाव है। जरुरत से ज्यादा कैल्शियम युक्त पदार्थों का सेवन,बाजार का तला-भुना और मसालेदार भोजन तथा पानी कम पीने की आदत पथरी बनने का प्रमुख कारण बन रही है। इसके अलावा शारीरिक गतिविधि की कमी और लंबे समय तक बैठे रहने वाली जीवनशैली भी इसमें योगदान दे रही है।

## बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष का भव्य स्वागत



पाटन, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जनपद उन्नाव पहली बार आए डॉक्टर रोहित मिश्रा का डॉक्टर साक्षी महाराज के कार्यालय में उनके प्रतिनिधि अमितेश उर्फ नंदू सिंह व उनके साथियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्ष ने सांसद साक्षी महाराज के आवास में बने आश्रम में स्थित गुलाबचंद लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात एक पेड़ मां के नाम पौध का रोपण किया तथा दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया। साक्षी महाराज के कार्यालय में जन संवाद कार्यक्रम में भी भाग लिया तथा किसानों को सम्मानित किया। कार्यकताओं ने गर्म जोशी के साथ युवा नेता अध्यक्ष का जगह-जगह ढोल नगाड़ो के साथ भव्य स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद अवस्थी, अनुराग अवस्थी जिला अध्यक्ष, पंकज मिश्रा, सूरज सिंह चैहान, शिववीर सिंह वीरू, युवा मोर्चा अध्यक्ष बाला राव, अखिल गुप्ता, आशु सिंह जितेंद्र सिंह आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 51 किलो की माला पहनाकर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्रा का भव्य स्वागत



उन्नाव (वीओएल)। भौनीखेड़ा चैराहे पर भारतीय जनता पार्टी के युवा कार्यकर्ता अनुज पाण्डेय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्रा का भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा युवा नेता अनुज पाण्डेय ने डॉ. रोहित मिश्रा को 51 किलो की विशाल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। युवाओं ने जोरदार नारेबाजी के साथ डॉ. रोहित मिश्रा का स्वागत किया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विजय त्रिपाठी, नीरज पाण्डेय, निशांत शुक्ला, कार्तिक बाजपेयी, सुधाकर शुक्ला, अमन त्रिपाठी, लकी भट्ट, साहिल चैहान, पंकज चैहान, विराज राजपूत, संदीप राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आबकारी टीम ने 34 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की



मौरावां (वीओएल)। अवैध शराब की बिक्री व तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान में निशांत सिंह, आबकारी निरीक्षक पुरवा मय हमराह व स्थानीय पुलिस स्टाफ तथा लखनऊ प्रवर्तन टीम से आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार चैधरी, गुंजन सक्सेना व शालिनी कनौजिया की संयुक्त टीम द्वारा थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम असरेंदा, बरेंदा में छापेमारी के दौरान 34 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 01 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। लगभग 350 किग्रा लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया।

# पीस कमेटी की बैठक संपन्न



सरहरी, गोरखपुर। गणेश पूजा एवं मूर्ति विसर्जन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार शाम चार बजे चिलुआताल थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ कैंपियरगंज अनुराग कुमार सिंह व एसओ सूरज सिंह शामिल हुए। इस दौरान क्षेत्र में गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाली समितियों के अध्यक्ष व सदस्य, डीजे संचालक, मूर्तिकार सहित दूसरे धर्मों के लोग भी मौजूद रहे। बैठक में सभी लोगों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई। मौजूद लोगों ने कहा कि सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे का सहयोग करते हुए त्योहार मनाएंगे और किसी भी प्रकार का विवाद नहीं होने देंगे। सभी ने गणेश पूजा और मूर्ति विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। सीओ कैंपियरगंज अनुराग कुमार सिंह ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम आपसी सहमति, शांति और सौहार्द के साथ मनाए जाएं। मूर्ति विसर्जन के दौरान फूहड़, गलत या आपत्तिजनक गाने न बजाए जाएं। डीजे भी निर्धारित नियमों के अनुसार ही बजाया जाये।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने छात्रों के जिज्ञासाओं को किया शांत



चौरीचौरा, गोरखपुर। झगहा थाना क्षेत्र के अखिलभाग्य महाविद्यालय, रानापार में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी जिज्ञासाओं, समस्याओं और भविष्य से जुड़े सवालों पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा, रोजगार, ग्रामीण विकास, युवा कल्याण तथा देश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्य अतिथि से सवाल पूछे। केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने छात्रों के प्रश्नों को ध्यानपूर्वक सुना और सहजता एवं विस्तार से उनके उत्तर दिए। उन्होंने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए युवाओं को शिक्षा केसाथ-साथ कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि देश के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंतमहत्वपूर्ण है। युवा अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का सकारात्मक दिशा में उपयोग करें तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। उन्होंनेविद्यार्थियों से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाने का भी आह्वान किया।विद्यार्थियों ने खुले मन से अपने प्रश्न रखे और मुख्य अतिथि से संवाद किया। स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुधीर कुमार राय ने दिया। संचालन विद्यानंद सिंह ने जबकि आभार ज्ञापन प्राचार्य डॉ. रागिनी राय ने किया। उक्त अवसर पर अवसर पर डॉ. अशोक कुमार मिश्र,डॉ. इरफान अहमद, डॉ. सरवर अहमद, योगेंद्र कुमार,डॉ. मनीष कुमार,डॉ. माधव प्रसाद पांडेय, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# खुला चेंबर और गड्ढ़े बने ग्रामीणो के लिए मुसीबत



सरहरी, गोरखपुर। जंगल कौड़िया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा भण्डारो के कलानी उर्फ बढ़नी में हर घर जल मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क की सही तरीके से मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रामबली के घर से गोरख के घर तक करीब 200 मीटर रास्ते पर पाइप डालने के बाद उल्टी सीधी ईंटें बिछाकर छोड़ दिया गया जिससे सड़क कई जगह धंस गई है और गड्ढे बन गए हैं। जानकारी के अनुसार भण्डारो ग्राम पंचायत के कलानी उर्फ बढ़नी गाँव में पाइप डालकर रास्ते में कई चेंबर पर स्लैब नहीं लगाए गए हैं इससे पैदल राहगीरों, साइकिल व दोपहिया वाहन चालकों के साथ ही स्कूली बच्चों के लिए हादसे का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक गड्ढों में गिरकर बच्चे और अन्य लोग चोटिल भी हो चुके हैं। गनीमत है कि अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है।लोगों का कहना है कि गांव के अन्य मार्गों पर भी पाइप लाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत ठीक से नहीं की गई है। ग्रामीण बृजेश सहानी, रामबली, राहुल सहानी, रामसुमेर, रामशेर और रिम्पू आदि ने नाराजगी जताते हुए कहा कि विकास कार्य के बाद सड़क को इस हालत में छोड़ना लापरवाही है। उन्होंने प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने, खुले चेंबर पर स्लैब लगवाने तथा लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्था की जांच कर कार्रवाई की मांग की है खण्ड बिकाश अधिकारी जंगल कौड़िया सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि मामले का भौतिक सत्यापन कराकर किस स्तर की लापरवाही की गयी है जाँच कर उसे ठीक कराने का निर्देश दिया जाएगा।

# शुद्धता का सच, 22 के हॉलमार्क और पक्के बिल पर पारस जैन का खुला चैलेंज

## कच्चे के कारोबारी फैला रहे हैं भ्रम : पारस जैन




इटावा। सोने की शुद्धता, हॉलमार्किंग मानकों और मेकिंग चार्ज को लेकर बाजार में फैलाई जा रही अफवाहों पर इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन इब्जा एडवाइजरी कमेटी उत्तर प्रदेश व इटावा के प्रेसिडेंट तथा गहना ज्वेलर्स के संचालक पारस जैन ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने भ्रामक गणित और अधूरी जानकारी के जरिए जनता को गुमराह करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए स्पष्ट किया कि 22 के 92 प्रतिशत हॉलमार्क और पारदर्शी बिलिंग से डरने वाले ही ऐसी मनगढ़ंत कहानियां गढ़ रहे हैं। पारस जैन ने स्पष्ट किया कि 22 कैरट हॉलमार्क की शुद्धता का असली मानक 92 प्रतिशत 92 शुद्धता है। बाजार में कुछ लोग शुद्धता के इस वास्तविक मानक पर बेबुनियाद सवाल उठाकर ग्राहकों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। हर खरीद पर 100: पक्का जीएसटी बिल, जिसमें किसी भी प्रकार का कोई छुपा हुआ शुल्क नहीं है। भारी-भरकम 20 प्रतिशत तक मेकिंग चार्ज वसूलने और कच्चे बिल का खेल खेलने वालों की दुकानदारी अब बंद होने की कगार पर है, जिसके चलते वे इस तरह का दुष्प्रचार कर रहे हैं। ग्राहकों को जागरूक करते हुए पारस जैन ने कहा कि सादा पर्ची या कच्चे में सोना खरीदने का कोई कानूनी आधार या सुरक्षित भविष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्राहक हमेशा आरटीजीएस बैंक ट्रांसफर या डिजिटल माध्यम से पक्का जीएसटी बिल लेकर ही सोना खरीदें। पक्का बिल और सही मानक ही ग्राहक की गाढ़ी कमाई की असली सुरक्षा हैं, जो लोग 3.5 प्रतिशत मेकिंग चार्ज और पूर्णतः बैंकिंग आधारित लेनदेन के खिलाफ हैं, वे केवल अपनी अवैध व मनमानी कमाई को बचाने की जुगत में लगे हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज



इटावा। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में वादों का निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। पिछली लोक अदालत में 1 लाख 47 हजार वादों का निस्तारण किया गया था इस बार इससे अधिक मामलों का निस्तारण किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। खास बात यह है कि अब लोक अदालत में भुगतान करने के लिए पेमेंट सेतु एप बनाया गया है इस ऐप पर पूरी पारदर्शिता के साथ भुगतान किया जा सकता है। इस संबंध में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने पत्रकारों को बताया कि लोक अदालत में राजस्व के मामलों के साथ ही बैंक और बिजली विभाग से संबंधित मामलों का निस्तारण भी किया जाएगा। इससे लोगों को न्याय मिलेगा और मुकदमों का बोझ कम हो जाएगा। इसमें दोनों पक्षो की संतुष्टि के आधार पर सुलह समझौते से निर्णय लिया जाता है। विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती द्विवेदी ने कहा कि ना वकील, ना दलील, ना अपील। लोक अदालत में समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण होता है और दोनों पक्ष उसे समझौते मानते हैं। एलडीएम सतीश कुमार ने कहा कि बैंकों से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। विद्युत अधिशासी अभियंता उमाशंकर और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संतोष कुमार मिश्रा ने भी कहा कि उनके विभागों की मामलों का भी लोक अदालत में निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती द्विवेदी ने बताया कि अगली लोक अदालत 12 दिसंबर को लगाई जाएगी। इसमें अपने मामलों को लगवा कर सुबह समझौते के आधार पर निस्तारित किया जा सकता है। यह लोग अदालत भी जिला जजी के परिसर में लगेगी।

## लवकुश जन्मोत्सव शोभायात्रा कल निकलेगी: पंकज कुशवाहा



इटावा। कुशवाहा समाज की ओर से लवकुश जन्मोत्सव शोभायात्रा का भव्य आयोजन 13 सितम्बर दिन रविवार को दोपहर दो बजे किया जाएगा। रामनगर स्थित अपने आवास पर कार्यक्रम संयोजक पंकज कुशवाहा ने प्रेसवार्ता कर कहा कि समस्त कुशवाहा समाज के तत्वाधान में कुशवाहा वंश की आन-वान-शान प्रभु श्रीराम के पुत्र लवकुश महाराज की जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा के मुख्य अतिथि सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि गिर्राज सिंह कुशवाहा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ब्रज क्षेत्र भाजपा, विशिष्ट अतिथि प्रेमशंकर कुशवाहा, अधिवक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट होंगे। जन्मोत्सव शोभायात्रा जवाहर उत्सव गार्डन से आरम्भ होकर जे.पी. गार्डेन, विजयनगर चैराहा, रामनगर, फ्लाईओवर, शास्त्री चैराहा, गुरुतेग बहादुर फ्लाईओवर, भरथना चैराहा, समृध्दि हॉस्पिटल से होती हुई जवाहर उत्सव गार्डन पर समाप्त होगी। सभी धर्म प्रेमियों से अपील है कि जन्मोत्सव शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो। प्रेसवार्ता में कार्यक्रम सह संयोजक यशवंत सिंह कुशवाहा, रंजीत सिंह कुशवाहा, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, धर्मवीर सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे।

## एबीवीपी ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



इटावा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् एबीवीपी इटावा द्वारा छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जिले में संचालित छात्रावासों, निजी पीजी गेस्ट हाउस, होटल एवं जर्जर भवनों के तत्काल सर्वेक्षण एवं सुरक्षा ऑडिट की मांग को लेकर जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद् ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपने घरों से दूर छात्रावासों एवं निजी पीजी में निवास करते हैं। ऐसे में उनके आवास की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। दिल्ली के सत्य निकेतन क्षेत्र में पीजी भवन के धराशायी होने की घटना ने छात्र-छात्राओं के आवासीय परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न की है। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि इटावा जिले में जर्जर भवनों का तत्काल सर्वेक्षण एवं चिन्हांकन कराया जाए तथा छात्र पीजी एवं निजी हॉस्टलों का सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। साथ ही गेस्ट हाउस एवं होटल भवनों का भी सर्वेक्षण कर उनकी सुरक्षा स्थिति की जांच की जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने प्रशासन से ज्ञापन में उठाई गई मांगों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि इटावा के छात्र-छात्राओं को सुरक्षित आवासीय वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलासंयोजक संस्कार गुप्ता, पियूष रॉय एवं हिमांशु गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धान के खेत में युवक का शव मिला

भरथना, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम दासीपुर में बुधवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब धान के खेत में मेंड के किनारे एक युवक का शव मुंह के बल पड़ा मिला। शव की पहचान गांव निवासी कुलदीप कुमार शाक्य (40) पुत्र प्रताप सिंह के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों के मुताबिक कुलदीप बुधवार सुबह करीब 11 बजे घर से खेतों की ओर गया था।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी0एण्ड डब्ल्यू0 लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 288MechCWUpLaundryBSB26-3 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 02.10.2026, 15:00 बजे है जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

टेंडरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online paymnet mode जो कि ireps पर उपलब्ध है जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमानित नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | वाराणसी–आगुमेन्टेशन/अपग्रेडेशन आफ डिपार्टमेन्टल मैकेनाइज्ड लांड्री ऐट बीएसबी स्टेशन। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 02.10.2026 15:00 बजे. | अपलोडिंग दिनांक | 12.09.2026 |
| प्री बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट एप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु) | 2,89,16,170.19 (Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर सी0एण्ड डब्ल्यू0 |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिड्यल आइटम | बिडिंग यूनिट | %एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (रु. में) | 5,78,300.00 | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 120 दिन |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 18.09.2026 | | |

No: 288MechCWUpLaundryBSB26-3 दिनांक 11.09.2026 3148/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सेवा पर्व की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर-खीरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिले में 31 दिवसीय सेवा पर्व आयोजित किया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समय से तैयारियां पूरी करने और निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्यक्रम की विभागवार कार्ययोजना तैयार कर सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय में पूर्ण कर ली जाएं। आयोजन स्थल, लाभार्थियों की सहभागिता, प्रचार-प्रसार, आवश्यक संसाधन और विभागीय समन्वय की पहले से तैयारी सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान को



- सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में होंगे 12 प्रमुख कार्यक्रम विभागों को सौंपी गयीं जिम्मेदारियां

रूटीन कार्य के रूप में न लिया जाए। 31 दिनों तक चलने वाली यह विस्तृत कार्यक्रम श्रृंखला है, जिसे गंभीरता, पूरी प्रतिबद्धता और नवाचार के साथ आयोजित किया जाए। प्रत्येक कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के साथ उसकी उपयोगिता और प्रभावशीलता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए संबंधित विभाग की जिम्मेदारी निर्धारित है। अधिकारी अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करें और विभागीय समन्वय के साथ कार्यक्रमों को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराएं।

### 12 प्रमुख कार्यक्रमों के जरिए पहुंचेगा सेवा का संदेश : सीडीओ

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि अभियान के दौरान जिले में 12 प्रमुख कार्यक्रम चरणबद्ध ढंग से आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए संबंधित विभागों और नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। 17 सितंबर को सेवा दिवस के अवसर पर शाम सात बजे लाभार्थियों, नागरिकों तथा प्रमुख बुनियादी ढांचा स्थलों पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी दिन से ह्यमेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा अभियान शुरू होगा। विद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर चित्रकला, भाषण, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सांस्कृतिक टोलियों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं 25 सितंबर से सात अक्टूबर तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर ह्यआंगन मिलन सेवाह्न के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं और माताओं का सम्मान तथा हेल्दी बेबी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

संक्षेप

## 21वां शिक्षक सम्मान समारोह आज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति उत्तर प्रदेश की ओर से शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 21वां शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह 12 सितंबर शनिवार को सुबह 11 बजे नीलकंठ मैदान में होगा। समारोह में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजक एवं समिति के प्रदेश अध्यक्ष और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी शिक्षक बंधुओं से समारोह में सादर उपस्थित होने की अपील की है।

## बैंक हड़ताल से गोला में प्रभावित रहा कारोबार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर शुक्रवार को सरकारी बैंकों के कर्मचारियों की हड़ताल का गोला में व्यापक असर दिखाई दिया। भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक समेत प्रमुख सरकारी बैंकों की शाखाओं में कामकाज पूरी तरह बंद रहा। बैंक पहुंचे खाताधारकों को शाखाओं के बाहर ताले लटके मिले और उन्हें बिना काम कराए वापस लौटना पड़ा। हड़ताल का असर बैंकिंग सेवाओं के साथ ही बाजार के कारोबार पर भी पड़ा। रोजाना होने वाले नकद लेनदेन, रुपये जमा करने, भुगतान और चेक से जुड़े काम प्रभावित रहे। कई व्यापारियों के भुगतान अटक गए, जबकि जरूरी बैंकिंग कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से गोला पहुंचे लोगों को भी निराश होकर लौटना पड़ा। पेंशन, खाते से रुपये निकालने-जमा करने और अन्य जरूरी कामों के लिए बैंक पहुंचे लोगों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी। दूरदराज के गांवों से किराया खर्च कर गोला पहुंचे खाताधारकों का समय और धन दोनों बर्बाद हुआ। सरकारी बैंकों के बंद रहने से स्थानीय बाजार में भी लेनदेन की रफ्तार प्रभावित रही। बैंकिंग व्यवस्था पर निर्भर छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और ग्रामीणों को हड़ताल के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एक दिन की हड़ताल का असर बैंक शाखाओं तक सीमित न रहकर बाजार के रोजमर्रा के कारोबार पर भी दिखाई दिया।

## तेंदुए के शावक की आशंका से दहशत

सीतापुर। मिश्रिख रेंज के दहेलरा गांव में पिछले कई दिनों से दो वन्यजीव शावकों की हलचल ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। ग्रामीण इन्हें बाघ के शावक बता रहे हैं, जबकि वन विभाग की शुरूआती जांच में तेंदुए के शावक होने की आशंका जताई गई है। किसान अमित यादव के मुताबिक एक शावक दो दिन से खेत में लगे समर्सिबल पर पानी पीने पहुंच रहा है। गुरुवार रात उसके दिखाई देने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। शोर मचने पर शावक खेत की ओर भाग निकला। वहीं किसान कासिम अली ने खेत में वन्यजीव के गुरार्ने की आवाज सुनने के बाद किसी तरह मौके से भागकर जान बचाई। सूचना पर रेंजर सिकंदर सिंह के निर्देश पर वन दरोगा अनिल यादव की टीम मौके पर पहुंची और कॉम्बिंग शुरू की। गीली मिट्टी के चलते पगमार्क साफ नहीं मिल सके। फिलहाल वन विभाग तेंदुए की मौजूदगी की आशंका को देखते हुए निगरानी कर रहा है। वन विभाग ने ग्रामीणों को अकेले खेतों में न जाने और समूह में आवाजाही करने की सलाह दी है। वन्यजीव दिखाई देने पर उसके करीब जाने या घेरने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई है।

## मौत को दावत दे रहा गड्ढा

सीतापुर। सकरन-सांडा मार्ग से बलबल पुरवा संपर्क मार्ग पर बीच सड़क बना बड़ा गड्ढा राहगीरों के लिए जान का खतरा बन गया है। करीब दस दिन पहले बारिश के बाद सड़क धंसने से बने इस गड्ढे को अब तक दुरुस्त नहीं कराया गया है। विभागीय लापरवाही का आलम यह है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान कराना तक जरूरी नहीं समझ रहे हैं। बलबल पुरवा, महतीन पुरवा, गडरियन पुरवा, मोहारी समेत दस से अधिक गांवों के लोग इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। दिन में तो किसी तरह गड्ढा दिखाई दे जाता है, लेकिन रात के अंधेरे में यह जानलेवा साबित हो रहा है। कई वाहन चालक गड्ढा दिखाई न देने के कारण उसमें गिरकर घायल हो चुके हैं। ग्रामीण मनोज, विपिन, सोबरन, प्यारेलाल, मनोहर, सियाराम, बिरजू और प्रमोद आदि ने बताया कि सड़क के बीच बने गड्ढे की जानकारी विभागीय अधिकारियों को कई बार दी गई। इसके बावजूद अब तक न गड्ढा भरा गया और न ही राहगीरों को चेतावनी देने के लिए कोई इंतजाम किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

# बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज पलिया के एएनओ लेफ्टिनेंट डोरी लाल बने कैप्टन



पलियाकलां खीरी। 26 यूपी बटालियन एनसीसी लखीमपुर खीरी के एएनओ लेफ्टिनेंट डोरी लाल को मिली कैप्टन की रैंक पलिया कलां / लखीमपुर खीरी 26 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी, लखीमपुर खीरी के अंतर्गत बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज, पलिया कलां के प्रधानाचार्य एवं एनसीसी अधिकारी (एएनओ) लेफ्टिनेंट डोरी लाल को कैप्टन रैंक से पदोन्नत किया गया है। ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी, कामठी, नागपुर (महाराष्ट्र) से सफलतापूर्वक रिफ्रेशर कोर्स पूरा करने के उपरांत 11 सितंबर 2026 को 26 यूपी बटालियन एनसीसी मुख्यालय में एक गरिमामयी पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बटालियन के दो अधिकारी, कमान अधिकारी कर्नल जगभान सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अंकित प्रकाश ने संयुक्त रूप से उनके कंधों पर सितारे लगाकर उन्हें 'कैप्टन' रैंक से अलंकृत किया। कमान अधिकारी कर्नल जगभान सिंह ने कैप्टन डोरी लाल को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पदोन्नति न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि इससे एनसीसी कैडेट्स को भी नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी। प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अंकित प्रकाश ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में विद्यालय और बटालियन एनसीसी की गतिविधियों में नए आयाम स्थापित करेगी। रैंक प्राप्त करने के उपरांत कैप्टन डोरी लाल ने सैन्य अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि वे एनसीसी के मूल्यों, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना को युवाओं में और अधिक मजबूती से विकसित करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर बटालियन के सैन्य कर्मी, एनसीसी स्टाफ एवं सभी एएनओ मौजूद रहे और उन्होंने कैप्टन डोरी लाल को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

## किसान के बेटे अमन का कनिष्ठ सहायक पद पर चयन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के वर्ष 2016 के इंटरमीडिएट बैच के छात्र रहे अमन वर्मा का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा के माध्यम से कनिष्ठ सहायक पद पर चयन हुआ है। उनकी सफलता से परिजनों के साथ ही विद्यालय परिवार में भी खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने अमन वर्मा को बधाई देते हुए बताया कि उन्होंने प्रयाग विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा उत्तम अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। इसके बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे अमन ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर कनिष्ठ सहायक पद हासिल किया। तहसील मितौली के नकारा निवासी अमन के पिता प्रमोद वर्मा कृषक हैं।



साधारण किसान परिवार से निकलकर अमन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल करना विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है। प्रधानाचार्य ने कहा कि अमन की सफलता विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास से विद्यार्थी किसी भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं।

# युवा स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

सीतापुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से युवा केंद्रित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को युवा स्वयंसेवकों का पथ संचलन निकाला गया। महावीर उद्यान में स्वयंसेवक एकत्र हुए, जहां ध्वज स्थापना, प्रार्थना और बौद्धिक कार्यक्रम हुआ। विभाग प्रचारक अभिषेक ने कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। स्थापना के समय परिस्थितियां विपरीत थीं, लेकिन इन सौ वर्षों में संघ ने अनेक आघात झेलने के बावजूद अपनी यात्रा जारी रखी। आज संघ की स्वीकार्यता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा रुकने वाली नहीं, बल्कि अनवरत चलती रहेगी। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद स्वयंसेवकों ने घोष की धुन पर पथ संचलन किया। संचलन महावीर उद्यान से अहिल्याबाई होलकर चैक, एसपी कार्यालय, लोहारबाग, त्रिकोणाथ मंदिर, एनसीसी चैराहा, घूरामऊ बंगला और आरएमपी इंटर कॉलेज चौराहा होते हुए पुनः महावीर उद्यान पहुंचा।



### जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा

पथ संचलन के दौरान समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों की ओर से स्वयंसेवकों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान संजीवन संस्था के आकाश बजरंगी, शीतल अग्रवाल, शिवांशु मिश्रा, राष्ट्र सेविका समिति की अंशु गुप्ता, भाजपा कार्यकारिणी के राजन गुप्ता, महेश शर्मा, जया सिंह और पंकज पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिलासंचालक उमाकांत, नगर संचालक विनय, जिला कार्यवाह आशीष, जिला प्रचारक आकाश, नगर प्रचारक विशाल समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल रहे।

## हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर परिजनों ने लगाया जाम, एंबुलेंस फंसी

मोहम्मदी खीरी। नगर के मोहल्ला सरैया में दो माह पूर्व हुए विवाद में गंभीर रूप से घायल युवक की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित मृतक असलम के परिजनों व सहयोगियों ने शव को बर्बर चौराहा-अस्पताल रोड पर रखकर जाम लगा दिया। अचानक लगे जाम से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। जाम में काफी देर तक एक एंबुलेंस भी फंसी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस से परिजनों की झड़प भी हुई। परिजनों की मांग थी कि आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की जाए। मौके पर पहुंचे सीओ ने परिजनों को समझाया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। सीओ की मध्यस्थता व आश्वासन के बाद परिजन माने और जाम खोला गया।

## खीरी पुलिस ने साइबर ठगी के पीड़ित को लौटाये चार लाख

लखीमपुर खीरी। थाना साइबर क्राइम खीरी पुलिस द्वारा साइबर ठगी के प्रकरण में कार्यवाही करते हुए पीड़ित को 4,01,511 रुपए की धनराशि करायी गयी वापस। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी खीरी एवं सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम जनपद खीरी के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा साइबर ठगी के एक प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए पीड़ित से ठगी गयी धनराशि में से चार लाख एक हजार पाँच सौ ग्यारह रुपये की धनराशि बरामद कराकर पीड़ित को वापस करायी गयी। बता दें कि थाना साइबर क्राइम जनपद खीरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 013/2026, धारा 318(4) बीएनएस एवं 66(डी) आईटी एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में पीड़ित सतीश कुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला मोतीनगर, थाना कोतवाली सदर, जनपद खीरी के साथ साइबर ठगी के माध्यम से कुल ?6,09,461/- की धनराशि की धोखाधड़ी की गयी थी। प्रकरण की जानकारी प्राप्त होने पर थाना साइबर क्राइम खीरी पुलिस द्वारा तत्काल प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए धनराशि के लेन-देन से सम्बन्धित बैंक खातों एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन का तकनीकी अनुश्रवण किया गया तथा सम्बन्धित बैंकिंग संस्थाओं से समन्वय स्थापित करते हुए ठगी गयी धनराशि को होल्ड/फ्रीज कराये जाने की प्रभावी कार्यवाही की गयी। पुलिस टीम द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी एवं एमआरएम पोर्टल की कार्यवाही तथा न्यायालय के सहयोग से 4,01,511/- की धनराशि होल्ड करा कर पीड़ित सतीश कुमार गुप्ता को वापस करायी गयी।

## बैंकों की हड़ताल से 300 करोड़ का लेनदेन प्रभावित

सीतापुर। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर शुक्रवार को जिलेभर के सरकारी बैंकों में कर्मचारियों ने एक दिवसीय हड़ताल की। हड़ताल के चलते बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहीं और करीब 250 से 300 करोड़ रुपये के लेनदेन पर असर पड़ने का अनुमान है। बैंक कर्मचारियों ने अलग-अलग शाखाओं और स्थानों पर धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और लंबित मांगों के जल्द समाधान की मांग उठाई। हड़ताल में इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और यूनियन बैंक समेत जिले की अधिकांश सरकारी बैंक शाखाओं के कर्मचारी शामिल रहे। कर्मचारियों के काम से विरत रहने के कारण बैंकिंग कार्य प्रभावित हुआ। इंडियन बैंक के जोनल ऑफिस परिसर में भी कर्मचारी एकत्र हुए और धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

# डीएम ने शहर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया निरीक्षण

सीतापुर। सरायन नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद जिला प्रशासन ने बाढ़ और जलभराव प्रभावित इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है।



शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने शहर के रैन बसेरों में ठहरे लोगों से वार्ता कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद की जा रही है और जरूरत पड़ने पर उनका सामान भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ रैन बसेरों में भोजन, शुद्ध पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने घरों में रह रहे लोगों को भी समझाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने लोनियनपुरवा, केशव ग्रीन सिटी, कजियारा और तरीनपुर समेत जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर स्थिति देखी और अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों से संवाद कर डीएम ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी समस्या का तत्काल समाधान कराया जाएगा।

# रम्पा रोड विवाद ने लिया सियासी रंग आधी रात कोतवाली पहुंचे मंत्री

सीतापुर। शहर के रम्पा रोड पर अतिक्रमण हटाने के दौरान मंदिर के चबूतरे को तोड़े जाने को लेकर शुरू हुआ विवाद गुरुवार देर रात सियासी टकराव में बदल गया। विरोध करने पर हिरासत में लिए गए पिता-पुत्र की जानकारी मिलते ही नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं के साथ शहर कोतवाली पहुंच गए। मंत्री के पहुंचने के बाद देर रात जितेंद्र मिश्रा और उनके बेटे शुभम मिश्रा को रिहा कर दिया गया।

रिहाई के बाद मंत्री दोनों को अपनी गाड़ी से घर लेकर गए। दरअसल, नगर पालिका की टीम रम्पा रोड पर सड़क चैड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इसी दौरान मंदिर के सामने बने चबूतरे को तोड़ने का विरोध जितेंद्र मिश्रा और उनके बेटे शुभम मिश्रा ने किया। आरोप है कि विरोध के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस से उनकी कहासुनी हो गई। इसके बाद पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर शहर कोतवाली ले आई। पिता-पुत्र को हिरासत में लिए जाने की सूचना पर रात में मंत्री राकेश राठौर गुरु कोतवाली पहुंचे। उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी थे। मंत्री ने डीएम, एसपी, ईओ और कोतवाल से बातचीत कर दोनों को छोड़ने की मांग की। काफी देर तक चली बातचीत के बाद दोनों को छोड़ दिया गया। मीडिया से बातचीत में मंत्री ने पुलिस-प्रशासन पर कार्यकताओं के साथ कथित भेदभावपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गुंडे-माफिया किस्म के लोगों को कोतवाली में कुर्सी और बादाम तक दिए जाते हैं, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं को फर्श पर बैठाकर बेइज्जत किया जाता है। बातचीत के दौरान मंत्री भावुक भी नजर आए और उनकी आंखों में आंसू दिखाई दिए। मौके पर एएसपी उत्तरी आलोक सिंह, सीओ सिटी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## भूमिहीन ने डीएम से लगायी गुहार, अपात्रों के नाम शामिल करने का लगाया आरोप

सीतापुर। प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता के बावजूद एक भूमिहीन परिवार आज भी छप्पर के नीचे जिंदगी गुजारने को मजबूर है। दूसरी ओर आरोप है कि योजना की सूची में ऐसे लोगों के नाम शामिल कर दिए गए हैं, जिनके पास पहले से पक्के मकान और पर्याप्त जमीन है। मामला विकासखंड हरगांव की ग्राम पंचायत नेवादा का है। नेवादा निवासी पारसनाथ शाह ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह भूमिहीन और आवासहीन हैं। परिवार के साथ छप्पर के नीचे रहकर किसी तरह गुजर-बसर कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र होने के बावजूद उन्हें अभी तक योजना का लाभ नहीं मिला। पारसनाथ का आरोप है कि जिम्मेदारों ने योजना की सूची तैयार करते समय पात्र जरूरतमंदों की अनदेखी कर दी। सूची में कुछ ऐसे लोगों के नाम शामिल हैं, जिनके पास पहले से पक्के मकान और जमीन है। ऐसे में बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि जिस परिवार के पास सिर छिपाने के लिए पक्का घर तक नहीं, वह सूची में पीछे कैसे रह गया और पक्के मकान वालों की योजना में एंट्री कैसे हो गई? पीड़ित ने डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सूची में शामिल अपात्र लोगों के नाम हटाने और वास्तविक आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। अब जांच के बाद ही साफ होगा कि आवास योजना की सूची में पात्रों की अनदेखी हुई है या अपात्रों को लाभ पहुंचाया गया।

# सरकारी योजनाओं से बदलेंगी जरूरतमंद परिवारों की तकदीरः अमन गिरि




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ग्राम पंचायत अहमदनगर में विपणन विकास सहायता एससीएसपी योजना के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमन अरविंद गिरि ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

विधायक अमन अरविंद गिरि ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति के परिवारों के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को रोजगार, संसाधन और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि माटी कला टूल किट वितरण योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, माटी कला कौशल विकास योजना सहित अन्य योजनाओं का पात्र लोग अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है।

शिविर में अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उद्योजक व्यापार मंडल महामंत्री मुनेंद्र पाल सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य महिपाल सिंह, प्रधान मुकेश गुप्ता, प्रधान राजेश, प्रधान गौरव वर्मा, बीडीसी मोरध्वज, पूर्व प्रधानाचार्य रमाशंकर कटियार, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश कटियार, प्रशांत शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# गन्ना ब्याज के फार्म को लेकर किसानों में असमंजस, चक्कर काट रहे किसान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विलंबित गन्ना भुगतान पर ब्याज पाने की उम्मीद में किसान परेशान हैं। सोशल मीडिया पर फेसबुक और वाट्सऐप के जरिए फार्म जमा करने का संदेश प्रसारित होने के बाद बड़ी संख्या में किसान सहकारी गन्ना विकास समिति पहुंच रहे हैं। घंटों लाइन में लगने के बावजूद उन्हें प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। किसान नेता पटेल श्रीकृष्ण वर्मा का आरोप है कि सोशल मीडिया पर प्रचार के बाद किसान अपना काम और मजदूरी छोड़कर समिति पहुंच रहे हैं। फार्म निकलवाने, आने-जाने के पेट्रोल और दिनभर लाइन में लगने से किसान को करीब 500 रुपये तक का खर्च उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को यह भी स्पष्ट नहीं है कि फार्म किस आदेश के तहत जमा किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समिति के आसपास संचालित कंप्यूटर सेंटरों से फार्म निकलवाने के लिए किसानों से शुल्क लिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि ब्याज के फार्म जमा कराने की कोई आधिकारिक प्रक्रिया है तो गन्ना विभाग या समिति इसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक करे, ताकि किसान अनावश्यक रूप से समय और पैसा खर्च न करें। वहीं समिति सचिव बलवंत चौधरी ने स्पष्ट किया कि शासन की ओर से ब्याज के फार्म जमा कराने का कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि समिति में फिलहाल कोई फार्म जमा नहीं कराया जा रहा है। शासन से आदेश मिलने पर समिति परिसर में नोटिस चस्पा कर किसानों को इसकी जानकारी दी जाएगी।

**कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक- 605/न.पं.नि./नि.सू.-पेयजल योजनान्तर्गत/2026-27, दिनांक- 11.09.2026

**ई-निविदा सूचना**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को राज्य सेक्टर के 'पेयजल हेतु व्यवस्था' योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक- 05/10/2020 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 14/09/2026 से दिनांक- 05/10/2026 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकरी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत निघासन
लखीमपुर-खीरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत-निघासन
जनपद-खीरी

**कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक- 603 /न०प०नि० /नि०सू०- 15वां वित्त / 2026-27 दिनांक-11/09/2026

**ई-निविदा सूचना**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को 15वां वित्त आयोग (Tied Grant) द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक- 24/09/2026 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 14/09/2026 से दिनांक- 24/09/2026 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकरी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत निघासन
लखीमपुर-खीरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत-निघासन
जनपद-खीरी

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**लालगंज, रायबरेली।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सरेनी थाना क्षेत्र के हमीरगांव निवासी प्रदीप उर्फ गुड्डू पुत्र श्री राम बाजपेई का घर पूरे गुर्दी मजरे कोहिरा गांव लालगंज में भी है। वह लालगंज स्थित घर से बाइक से अपने घर हमीर गांव वापस लौट रहे थे तभी लालगंज फतेहपुर मुख्य मार्ग पर शोभवापुर गांव के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिसके चलते प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई मृतक के एक पुत्र शिवम का पिता था प्रदीप की मौत की खबर पर पत्नी मीना आदि परिवारजन का रो रो कर बुरा हाल है। कोतवाल प्रमोद सिंह का कहना है कि दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## करंट से अधेड़ की मौत

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** थाना क्षेत्र के सरैया मझौवा गांव के मजरे पूरे डीहर, पांडे का पुरवा निवासी 45 वर्षीय अरुण कुमार पांडेय की शुक्रवार को करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब वह पानी गरम करने के लिए विद्युत उपकरण का प्लग लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद परिजन उन्हें जिला चिकित्सालय सुलतानपुर लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के चलते उन्हें बचाया नहीं जा सका। इलाज के दौरान अरुण कुमार पांडेय ने दम तोड़ दिया।

## प्रशांत ने किया क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन

**अयोध्या।** प्रशांत कुमार को गीता लाइब्रेरी परिवार ने किया सम्मानित सोहावल-अयोध्या। विकास खंड क्षेत्र के पिरखौली ग्राम पंचायत के मजरे बहरापें निवासी प्रशान्त कुमार पुत्र स्व0 शिव कुमार ने एसएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करके जूनियर असिस्टेंट के पद पर चयनित होकर क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन किया। चयनित होने पर गीता डिजिटल लाइब्रेरी परिवार संचालक विवेक गिरी ने फूल माला से जोरदार स्वागत करते हुए मिष्ठान वितरण किया। गीता डिजिटल लाइब्रेरी से तीन वर्ष की तैयारी के बारे में चर्चा करते हुए मीडिया से अपनी बात साझा करते हुए कहा कि मन में एक लक्ष्य निर्धारित करके कठिन मेहनत और त्याग किया जाए तो लक्ष्य मुश्किल नहीं बल्कि आसान हो जाता है। कहां अब तैयारी के लिए शहर और देहात में बहुत ज्यादा फर्क नहीं रहा। चयनित होने पर प्रधानाध्यापक सुरेंद्र गोस्वामी, शिक्षक तिलक राम निषाद, विवेक गिरी, राजा पांडेय, प्रधान नदीम मलिक, प्रधान प्रतिनिधि गिरजेश त्रिपाठी, प्रधान प्रतिनिधि कप्तान तिवारी आदि ने बधाई दी।

## यूएफबीयू के बैनर तले एक दिवसीय हड़ताल

**अयोध्या।** यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियन्स के बैनर तले बैंक अधिकारी व कर्मचारियों ने एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल कर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। देवकली स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास बैंक कर्मचारियों ने शुक्रवार को एकदिवसीय हड़ताल कर सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की। यू एफ बी यू ने स्पष्ट किया है कि 5-दिवसीय बैंकिंग हमारी प्रमुख मांग है,। पिछले दो सालों से हम सरकार से मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान बैंक कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाये।

# बैंकों की हड़ताल से लेनदेन प्रभावित, उपभोक्ता परेशान




**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के चलते जयसिंहपुर क्षेत्र में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहीं। बरौंसा सहित जयसिंहपुर क्षेत्र में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक समेत अन्य बैंकों की शाखाएं बंद रहीं। शाखाओं के बाहर हड़ताल की सूचना चस्पा नहीं किए जाने से बड़ी संख्या में उपभोक्ता कई किलोमीटर दूर से बैंक पहुंचे, लेकिन शटर बंद और ताले लगे मिलने पर उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। बैंक बंद रहने से लाखों रुपये के लेनदेन भी प्रभावित हुए। बैंकों की रूटीन चेकिंग के लिए उपनिरीक्षक परमानंद पांडेय भी टीम के साथ एक बैंक पहुंचे, जहां शाखा बंद मिली। पुलिस टीम को भी बैंक में हड़ताल की पहले से जानकारी नहीं थी। मौके पर बैंक बंद मिलने के बाद टीम को वापस लौटना पड़ा। इससे स्पष्ट है कि बैंक बंद रहने की सूचना संबंधित लोगों तक पहले से पहुंचाने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई थी। पालनगर भभोट निवासी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि वह करीब 12 किलोमीटर दूर से बैंक ऑफ बड़ौदा में बीओबी वर्ल्ड और इंटरनेट बैंकिंग शुरू कराने के लिए आए थे। बैंक पहुंचने पर हड़ताल के कारण शाखा बंद मिली। इससे उन्हें बिना काम कराए वापस लौटना पड़ा। मोतिगरपुर क्षेत्र के शुक्ल दुलैचा गांव निवासी अभिषेक शुक्ला ने बताया कि उन्हें खाते में लेनदेन की जानकारी लेने और पासबुक प्रिंट कराने के लिए करीब सात किलोमीटर दूर से बैंक आना पड़ा। बैंक पहुंचने के बाद हड़ताल होने की जानकारी मिली। जयसिंहपुर निवासी नूरजहां ने बताया कि वह ई-रिक्शा बुक कर बैंक आई थीं। उनके मोबाइल पर खाते से होने वाले लेनदेन के संदेश नहीं आते हैं। वह खाते में मोबाइल नंबर जुड़वाने के लिए बैंक पहुंची थीं, लेकिन शाखा बंद होने के कारण काम नहीं हो सका।

**बैंक मित्रों के जरिये जारी रहा लेनदेन**

शाखाओं में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के बावजूद कई स्थानों पर बैंक मित्रों के माध्यम से ग्राहकों के लेनदेन का काम जारी रहा। हालांकि शाखाएं बंद रहने से नियमित बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हुईं। नकद निकासी, जमा, पासबुक प्रिंट, खाते से संबंधित कार्य और अन्य बैंकिंग जरूरतों के लिए शाखाओं पर निर्भर ग्राहकों को परेशानी उठानी पड़ी। क्षेत्र में शुक्रवार को बैंक शाखाओं के बंद रहने से लाखों रुपये के लेनदेन प्रभावित होने की बात सामने आई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि हड़ताल की सूचना बैंक शाखाओं के बाहर पहले से चस्पा कर दी जाती या ग्राहकों को किसी अन्य माध्यम से जानकारी दी जाती तो उन्हें बेवजह कई किलोमीटर की यात्रा नहीं करनी पड़ती। बैंक पहुंचने पर बंदी की जानकारी मिलने से समय और आने-जाने का खर्च दोनों का नुकसान हुआ।

## सरकार के आदेशों की उड़ रहीं धज्जियां

**लालगंज, रायबरेली।** प्रदेश की योगी सरकार भले ही निर्बाध बिजली आपूर्ति के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। रायबरेली जनपद के लालगंज विद्युत वितरण खंड से जुड़े हजारों बिजली उपभोक्ता इन दिनों अघोषित रोस्टिंग और ब्रेकडाउन की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। बिजली की आंख-मिचौली से व्यापारी, छात्र और किसान सभी परेशान हैं और विभाग के खिलाफ लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

● रोस्टिंग और ब्रेकडाउन से जूझ रहे बिजली उपभोक्ता

बता दें कि लालगंज विद्युत वितरण खंड से लालगंज नगर, मधुकरपुर फीडर, डलमऊ फीडर, बछरावां फीडर, बेहटा, बेलहनी सहित आधा दर्जन से अधिक फीडर संचालित होते हैं। वही मल्केगांव आदि कई पावर हाउस भी है। सरकार के स्पष्ट आदेश हैं कि नगर क्षेत्र में 19 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम 16 घंटे बिजली दी जाए। लेकिन लालगंज में स्थिति इसके उलट है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि नगर में भी मुश्किल से 10 से 12 घंटे और देहात में 7 से 8 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। रोस्टिंग के नाम पर दिन में कई-कई बार घंटों तक बिजली गुल हो जाती है, तो ब्रेकडाउन के नाम पर पूरी-पूरी रात अंधेरे में काटनी पड़ रही है। उमस भरी गर्मी में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, व्यापारियों का काम ठप हो रहा है और किसानों की सिंचाई व्यवस्था भी चरमरा गई है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत करने पर बिजली विभाग के अधिकारी फोन तक नहीं उठाते और लाइनमैन मनमानी करते हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो उपभोक्ता आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बिजली की किल्लत को देखते हुए भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ,मंडल मंत्री अखिलेश बाजपेई, संजय सिंह, अनंत विजय सिंह, दल बहादुर सिंह, समर्थ गुप्ता आदि लोगों ने अधिशासी अभियंता गोपाल सिंह से मिलकर जल्द बिजली दुरुस्त किए जाने की मांग की है वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा ने भी अधिशासी अभियंता से मुलाकात किया और कहा कि जल्द से जल्द सरकारी रोस्टर के अनुसार बिजली दी जाए। अधिशासी अभियंता गोपाल सिंह ने कहा है कि जनता की समस्याओं को सुनना और उन्हें दूर करना हमारी जिम्मेदारी है ,हम जल्द से जल्द रोस्टर के अनुसार बिजली देने में सफल होंगे ।फिलहाल देखना यह होगा कि शासन के आदेशों की अनदेखी कर रहे जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होती है या उपभोक्ता यूं ही अंधेरे में रहने को मजबूर रहेंगे।

## छात्रों से अनुचित व्यवहार व लापरवाही पर वरिष्ठ सहायक निलम्बित, जांच के आदेश



**रायबरेली।** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, शेषपुर समोधा, रायबरेली में अध्ययनरत छात्रों के साथ अनुचित व्यवहार करने, दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री समय से उपलब्ध न कराने तथा विद्यालय संबंधी समस्याओं को लेकर छात्रों से अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने के मामले में वरिष्ठ सहायक बृजेश कुमार प्रजापति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी, रायबरेली द्वारा प्रस्तुत आख्या में उक्त कृत्यों के लिए बृजेश कुमार प्रजापति को उत्तरदायी पाते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। आख्या के आधार पर शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही, पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन न करने तथा दूषित कार्यप्रणाली के आरोपों में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली, 1999 के नियम-4 के प्रावधानों के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है इसके साथ ही, नियमावली के नियम-7 के अंतर्गत उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक जांच की कार्यवाही संस्थित की गई है। विभागीय जांच के लिए उप निदेशक, समाज कल्याण, प्रयागराज मंडल, प्रयागराज को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत कारीगरों को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण व आधुनिक टूलकिट

**रायबरेली ।** उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि प्रदेश सरकार की महत्त्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के पारंपरिक कारीगरों को 10 दिवसीय निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण तथा आधुनिक तकनीक पर आधारित उन्नत टूलकिट उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद के लिए बढ़ई के 75, नाई के 50, कुम्हार के 25, लोहार के 25, राजमिस्त्री के 50, मोची के 25 तथा धोबी के 25 सहित विभिन्न ट्रेडों में लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना का संचालन प्रमाणीकरण के आधार पर ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है ।उपायुक्त उद्योग ने जनपद के पात्र पारंपरिक कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों द्वारा 20 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। योजना के लिए आवेदक के पास आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज फोटो होना आवश्यक है। आवेदक रायबरेली जनपद का निवासी एवं आवेदन की तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष की आयु का होना चाहिए। आवेदक संबंधित पारंपरिक ट्रेड अथवा दस्तकारी व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिए। योजना का लाभ लेने के लिए किसी शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है तथा एक परिवार से केवल एक सदस्य ही आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि योजना में पात्रता का आधार केवल जाति नहीं है। परंपरागत कारीगरी से जुड़े अन्य व्यक्ति भी पात्र होंगे, बशर्ते उन्हें ग्राम प्रधान, नगर पंचायत अध्यक्ष अथवा संबंधित नगर पालिका/नगर निगम वार्ड सदस्य द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। साथ ही आवेदक को इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा कि उसने पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत टूलकिट एवं मानदेय का लाभ प्राप्त नहीं किया है।

## बड़े भाई के साथ सोया था विनायक गोद में थम गयीं सांसें

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** घर के बरामदे में बड़े भाई के साथ चारपाई पर सो रहे 16 वर्षीय किशोर को गुरुवार रात किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में किशोर की मौत हो गई। बड़े भाई की गोद में उसकी सांसें थम गईं। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। बिरैता पाल्हीपुर निवासी मुंशी का 16 वर्षीय बेटा विनायक गुरुवार रात अपने बड़े भाई लालचन्द्र के साथ घर के बरामदे में चारपाई पर सो रहा था। इसी दौरान रात में किसी जहरीले जंतु ने उसके पैर में काट लिया। कुछ देर बाद बेचैनी और घबराहट होने पर विनायक ने बड़े भाई को जगाकर पैर में किसी जंतु के काटने की जानकारी दी। लालचन्द्र ने तत्काल पिता को जगाया। इसके बाद परिजन विनायक को उपचार के लिए बिरसिंहपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ गई। बड़े भाई लालचन्द्र की गोद में विनायक ने दम तोड़ दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व प्रधान बेचू वर्मा, ग्राम पंचायत प्रशासक शेषनाथ समेत ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि पिता की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा गया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आदित्य का जूनियर असिस्टेंट पद पर चयन

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** मलवा गांव निवासी किसान रमाकांत सिंह के बेटे आदित्य कुमार सिंह का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से जूनियर असिस्टेंट पद पर चयन हुआ है। बुधवार रात परिणाम जारी होने के बाद आदित्य के चयन की जानकारी मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी। आदित्य ने वर्ष 2015 में यूपी बोर्ड से हाईस्कूल और 2017 में इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्ष 2020 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की पीईटी - 2022 के माध्यम से जूनियर असिस्टेंट पद की चयन प्रक्रिया में शामिल होकर उन्होंने सफलता हासिल की। आदित्य के पिता रमाकांत सिंह खेती करते हैं, जबकि माता सुनीता गृहिणी हैं। परिवार में एक बहन और दो भाई हैं। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले आदित्य ने मेहनत और लगन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। उनके चयन से गांव के युवाओं में भी उत्साह है।



## परमिट खत्म, नंबर प्लेट भी गायब, दो वाहन जब्त

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** टांडा-बांदा मार्ग पर शुक्रवार को परिवहन विभाग की जांच में नियमों की अनदेखी के दो मामले सामने आए। पीटीओ शैलेंद्र कुमार तिवारी ने टीम के साथ वाहनों की जांच की। इस दौरान नेशनल परमिट समाप्त मिलने पर राजस्थान में पंजीकृत ट्रेलर को जब्त कर लिया गया। ट्रेलर को जयसिंहपुर कोतवाली में खड़ा कराया गया है। विभाग ने उसका एक लाख रुपये का चालान किया। वहीं, नंबर प्लेट के बिना संचालित हो रहे एक स्कूल वाहन को भी जब्त कर 11 हजार रुपये का चालान किया गया। परिवहन विभाग की टीम ने टांडा-बांदा मार्ग पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से उतरकर गुजर रहे वाहनों की जांच की। इसी दौरान राजस्थान नंबर के एक ट्रेलर को रोककर उसके दस्तावेजों की जांच की गई। कागजात देखने पर ट्रेलर का नेशनल परमिट समाप्त मिला। परमिट वैध नहीं होने पर पीटीओ ने ट्रेलर को जब्त कर लिया और उसे जयसिंहपुर कोतवाली में खड़ा करा दिया। ट्रेलर का एक लाख रुपये का चालान किया गया। इसके बाद कोतवाली क्षेत्र में एक स्कूल वाहन की जांच की गई। वाहन पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर स्कूल वाहन को भी जब्त कर 11 हजार रुपये का चालान किया गया। पीटीओ शैलेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि वाहनों की जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वाहन संचालकों से जरूरी दस्तावेज और वैध परमिट के साथ ही वाहनों का संचालन करने की अपील की गई है। सड़क सुरक्षा और परिवहन नियमों के पालन को लेकर चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## डॉ.अनुराग तिवारी की बड़ी अकादमिक उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका के एसो. एडिटर बने

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि, अयोध्या के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के शिक्षक डॉ. अनुराग तिवारी को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका रिसर्च इन मैनेजमेंट में एसोसिएट एडिटर नियुक्त किया गया है। पत्रिका द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से उनकी नियुक्ति की औपचारिक पुष्टि की गई है। डॉ. अनुराग तिवारी कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शिक्षण, लेखन एवं शोध के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहे हैं। कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय में उनकी 8 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त उनके नाम 3 पेटेंट प्रकाशित हैं तथा 30 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र विभिन्न शोध पत्रिकाओं, सम्मेलनों एवं अकादमिक मंचों पर प्रकाशित हो चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि को विवि में उनके निरंतर अकादमिक एवं शोध योगदान के रूप में देखा जा रहा है। एसोसिएट एडिटर के रूप में उनकी नई जिम्मेदारी शोध-पत्रों के अकादमिक मूल्यांकन, शोध की गुणवत्ता तथा उच्च स्तरीय अकादमिक विमर्श से जुड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. अनुराग तिवारी की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. लोहिया इन्क्यूबेशन सेल के निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राणा रोहित सिंह, डॉ. कपिल, डॉ. प्रवीण कुमार राय सहित विभाग के अन्य शिक्षकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों ने कहा कि डॉ. तिवारी की यह उपलब्धि डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के लिए भी गौरव का विषय है। कंप्यूटर एप्लीकेशन के क्षेत्र में पुस्तकों के लेखन, पेटेंट एवं शोध प्रकाशनों के माध्यम से उन्होंने अकादमिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में एसोसिएट एडिटर के रूप में नियुक्ति उनके शोध एवं अकादमिक योगदान को एक नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर शिक्षकों ने आशा व्यक्त की कि डॉ. तिवारी भविष्य में भी शिक्षण, शोध, नवाचार एवं अकादमिक लेखन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करते हुए विश्वविद्यालय एवं विभाग का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करते रहेंगे।

# दीपोत्सव 2026 में समयबद्धता, तकनीक व सुरक्षा के समन्वय से नया कीर्तिमान होगा स्थापित

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के कौटिल्य प्रशासनिक भवन स्थित भूतल सभागार में दीपोत्सव 2026 के भव्य एवं सफल आयोजन को लेकर प्रथम महत्वपूर्ण बैठक कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय से संबद्ध नजदीकी महाविद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों तथा उनके प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।



कुलपति ने हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की पावन धरा पर दीपोत्सव का आयोजन हम सभी के लिए एक पुनीत सेवा का अवसर है। यह वृहद आयोजन पूर्णतः श्टीम वर्कश पर आधारित है, जहां हर एक व्यक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इस बार तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए समयबद्ध और त्रुटिरहित योजना पर काम करना है ताकि विश्वविद्यालय अपने नए कीर्तिमान को सफलतापूर्वक स्थापित कर सके। स्थानीय महाविद्यालय के दीपोत्सव संयोजकों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि आयोजन को सुचारू बनाने के लिए लगभग 34,000 से अधिक स्वयंसेवकों का ऑनलाइन डाटाबेस टाइम-फ्रेम के भीतर तैयार किया जाएगा। नोडल अधिकारी को पंजीयन सूची शीघ्र अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए। सभी घाटों को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा। घाटों पर पर्याप्त पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए डस्टबिन की उपलब्धता तथा स्वयंसेवकों के सुरक्षित आवागमन हेतु वाहनों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कुलपति ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिला प्रशासन के सहयोग एवं राज्य सरकार के निर्देश के क्रम में सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी परिस्थिति में छोटे बच्चों को स्वयंसेवक के रूप में शामिल न किया जाए। बैठक में नोडल अधिकारी प्रो. एसएस मिश्र, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दानपति तिवारी सहित राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज, साहबदीन सीताराम इंटर कॉलेज, मनोहर लाल इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शिव सावित्री महाविद्यालय, कैनोसा इंटर कॉलेज, ग्रामर इंटरनेशनल स्कूल, एमआर जयपुरिया स्कूल, बीएस गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं भगवान आशा बख्श सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 251 नवदंपती हुए एक दूजे के



**परशदेपुर, रायबरेली।** परशदेपुर क्षेत्र के निनावां मैदान में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में कुल 251 नव दम्पति जोड़ों ने एक दूसरे के गले मे वरमाला डालकर सात फेरे लिए। वहीं मुस्लिम समुदाय के 2 लोगों का मौलाना ने निकाह कराया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अशोक कुमार व विशिष्ट अतिथि छतोह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह ने सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत कराई। क्षेत्र के निनावां मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां सुबह से शुरू हो गयी थी,वर पक्ष व कन्या पक्ष के लोग वैवाहिक स्थल पर पहुँचकर क्षेत्रवार लगे काउंटर पर पहुंचे और अपना नाम अंकित कराया इसके बाद सभी पंडाल में पहुचे। वहाँ मौजूद आचार्य ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ सभी का विवाह संपन्न कराया।

नवदम्पत्ति जोड़ों ने एक दूसरे के गले मे वरमाला डालकर सात फेरे लिए और जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। जिसमे 249 नव दम्पति जोड़ों का हिन्दू रीती रिवाज के साथ आचार्य ने मंत्रोचारण के साथ विवाह कराया,सभी ने अपने जीवन साथी के साथ सात फेरे लेकर एक नए जीवन की शुरूआत की। वहीं मुस्लिम समुदाय से 2 नव दम्पति जोड़ों का मौलाना ने मुस्लिम रीत रिवाज के साथ निकाह कराया। सभी नव दम्पति जोड़ों को भाजपा विधायक व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने उपहार देकर आशिर्वाद दिया और एक नए जीवन की शुरूआत हेतु सुखमय जीवन व्यतीत के लिए मंगलकामना की। मुख्यमंत्री विवाह समारोह में ब्लाक डीह, छतोह ,सलोन, व नगर पंचायत परशदेपुर, नगर पंचायत नसीराबाद व सलोन से नव दम्पत्ति जोड़े अपने सगे सम्बन्धियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो प्रशासन ने घरातियों की तरह सभी की अगुवानी की और सभी नव दम्पत्तियों जोड़ो का उन्ही के धर्म के रीत रिवाज के साथ विवाह कराया गया। सामूहिक विवाह समारोह का संचालन श्याम सुन्दर पाण्डेय ने किया। आयोजित कार्यक्रम में बारिश होने के कारण अव्यवस्था भी फैल गई, लोग भीग गए चारों ओर अफरा तफरी मच गई। आयोजन की व्यवस्था में लगे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा कार्यक्रम को प्राथमिकता के तौर पर संपादित कराया गया। इस मौके, रामकुमार जायसवाल, अभय तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र पाण्डेय, सुरेंद्र चौरसिया, राजकुमार द्विवेदी, चंदन सिंह, विन्दादीन मौर्य, विधायक प्रतिनिधि बब्बन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिला कृषि अधिकारी ने प्रदर्शन प्रक्षेत्र का किया भ्रमण

**सोहावल-अयोध्या।** जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सौरभ वर्मा ने शुक्रवार को सोहावल क्षेत्र का भ्रमण कर कृषक प्रदर्शन प्रक्षेत्र,किसान कल्याण केंद्र सोहावल तथा राजकीय फार्म रौनाही का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं की प्रगति के साथ किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कृषि अधिकारी ने आत्मा योजना के अंतर्गत कृषक प्रक्षेत्र प्रदर्शन के तहत हाजीपुर बरसेंडी निवासी किसान शिवम सिंह के खेत पर किए गए उरद फसल के खण्ड प्रदर्शन का निरीक्षण किया। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय कर्मचारियों को सक्रियता के साथ कार्य करना चाहिए और पात्र किसानों को योजनाओं से जोड़ने में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## मां की मौत के बाद दो मासूमों के सिर से छिनी छत, मिला सहारा

**जयसिंहपुर,सुलतानपुर (वीओएल)।** एक हादसे ने दो मासूम बच्चों से उनकी मां छीन ली और परिवार के सिर से छत भी। कोची गांव में जर्जर कच्चे मकान की मुंडेर गिरने से 29 वर्षीय प्रतिभा की मौत के बाद परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया। हादसे में उनके दोनों बेटे आयुष (7) और अयांश (4) बाल-बाल बच गए, लेकिन मां की मौत के साथ ही उनकी जिंदगी का सहारा भी छिन गया। हादसे के बाद मकान का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाने से परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए मकान की मरम्मत कराना संभव नहीं था। इसी बीच जयसिंहपुर के ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल ने परिवार की स्थिति की जानकारी लेकर मौके पर पहुंचकर मलबा हटवाया। कच्ची दीवारों के ऊपर तीन शेड डलवाकर फिलहाल परिवार के लिए छत की व्यवस्था कराई गई। उन्होंने आर्थिक सहायता भी दी और आवास योजना का लाभ दिलाने का भरोसा दिया।

**एक हादसे ने बदल दी परिवार की जिंदगी :** बीते रविवार की मध्य रात्रि प्रतिभा अपने दोनों बेटों के साथ कच्चे खपरैलनुमा मकान में सो रही थीं। अचानक मुंडेर भरभराकर गिर गई और प्रतिभा मलबे में दब गईं। ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। प्रतिभा के पति अतुल कुमार मिश्रा मुंबई में दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। पत्नी की मौत के बाद अब उनके सामने दो छोटे बच्चों की परवरिश और परिवार के लिए सुरक्षित घर की व्यवस्था की चुनौती है। ग्रामीणों का कहना है कि परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसे स्थायी आवास की जरूरत है। फिलहाल शेड से अस्थायी राहत तो मिली है, लेकिन परिवार को अब पक्की छत और बच्चों के सुरक्षित भविष्य का इंतजार है।

# विश्व हिंदू परिषद ने मनाया स्थापना दिवस

● हिंदू समाज को संगठित करने व धर्म की रक्षा का लिया संकल्प

**अयोध्या।** विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 29 अगस्त 1964 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन मुंबई के संदीपनी आश्रम में हुई थी। इसके संस्थापक स्वामी चिन्मयानंद, गोलवलकर गुरु जी और संत समाज के साथ आरएसएस के सहयोग से थे।



मऊ शिवाला में गुरुवार को मऊ यदुवंशपुर बजरंग प्रखंड स्थित दुर्गा मंदिर में विश्व हिंदू परिषद का 62वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सह प्रान्त मंत्री धीरेश्वर वर्मा एवं महंत योगगुरु राम सुफल महाराज ,अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश पाठक ,पंडित नारायण दत्त मिश्रा, महानगर उपाध्यक्ष अवध आदित्य सिंह ने भारत माता की तस्वीर पर पुष्प और माला चढ़ाकर की। इस दौरान विहिप के प्रांत सह मंत्री धीरेश्वर वर्मा ने संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हिंदू एकता पर विचार रखे और एकजुट होने की बात कही ।विहिप का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, धर्म की रक्षा करना और समाज की सेवा करना है। विहिप को भारत के लाखों गांवों और कस्बों में एक मजबूत और प्रभावी संगठन के तौर पर देखा जा रहा है। दुनियाभर में हिंदू गतिविधियों के बढ़ने से एक मजबूत और आत्मविश्वासी हिंदू संगठन धीरे-धीरे बन रहा है। योग गुरु राम सुफल ने बताया कि लव जिहाद जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इससे समाज को इन बुराइयों से मुक्त कर हिंदू एकता को फिर से जगाया जा रहा है।

जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय सैनिक सेवा परिषद श्रीप्रकाश पाठक ने बताया विहिप अपने मूल मूल्यों, विश्वासों और पवित्र परंपराओं की रक्षा के लिए कई मुद्दे उठा रहा है। इनमें श्री रामजन्मभूमि, श्री अमरनाथ यात्रा, श्री रामसेतु, श्री गंगा रक्षा, गौ रक्षा और हिंदू मठ-मंदिर से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा, ईसाई चर्च द्वारा हिंदुओं का धर्मांतरण, इस्लामी आतंकवाद और बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ जैसे विषयों पर भी विहिप काम कर रहा है। इन मुद्दों के जरिए विहिप खुद को हिंदू समाज की एक मजबूत शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है। हिंदू धर्म के सभी संप्रदायों के धमार्चार्यों को एक मंच पर लाना विहिप की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर अमित पाठक, शशिकांत सिंह डब्बू,विवेक विक्रम सिंह ,राकेश सिंह पिंटू कुंवर अजय सिंह,राजा सिद्धार्थ सिंह,अतुल सिंह ,हर्ष सिंह,पुष्कर दत्त तिवारी, विपिन सिंह आदि प्रखंड वासी ,कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षेप

## महिला से अभद्रता व मारपीट का आरोप, केस दर्ज

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली महिला के साथ अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर भटनी पुलिस ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।तहरीर के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि गांव का युवक आए दिन उसे परेशान करने के साथ गाली-गलौज करता था। आरोप है कि छह सितंबर की रात करीब 10 बजे वह जब घर में अकेली थी, तभी आरोपी घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकत करने का प्रयास किया।

विरोध करने पर आरोपी ने उसका गला दबा दिया, जिससे वह अचेत हो गई।पीड़िता के अनुसार, होश में आने के बाद उसने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस के पहुंचने के बाद भी आरोपी ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने तथा आर्थिक नुकसान पहुंचाने की धमकी दी।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



देवरिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य द्वारा विकासखंड गौरी बाजार के विभिन्न प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों का सघन औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान शैक्षणिक गतिविधियों, डिजिटल उपस्थिति, ऑपरेशन कायाकल्प तथा मध्याह्न भोजन (टज्ञ्ञ्ट) की गुणवत्ता का जायजा लिया गया। *निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी गौरी बाजार विनय शील मिश्र एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के महेंद्र मिश्र भी उपस्थित रहे। * उपस्थिति व स्टाफः नामांकित 113 बच्चों के सापेक्ष 74 बच्चे उपस्थित मिले। विद्यालय में कार्यरत सभी 4 अध्यापक एवं 2 शिक्षामित्र समय पर उपस्थित होकर पठन-पाठन करते मीले ।उच्च प्राथमिक विद्यालय कलवनः में उपस्थिति व डिजिटल पहलः कुल 148 नामांकित बच्चों के सापेक्ष 126 बच्चे उपस्थित पाए गए। अध्यापकों द्वारा बच्चों की डिजिटल उपस्थिति दर्ज की जा रही थी ।प्राथमिक विद्यालय बेलही निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 'ऑपरेशन कायाकल्प' के तहत निर्धारित सभी बुनियादी विकास कार्य पूर्ण पाए गए। कंपोजिट विद्यालय पोखारभिंडाः उपस्थिति व स्टाफः नामांकित 140 बच्चों के सापेक्ष 101 बच्चे उपस्थित मिले। कुल 8 अध्यापकों व 1 शिक्षामित्र के स्टाफ में से 2 शिक्षिकाएं बाल देखभाल अवकाश (उउछ) पर थीं, जबकि शेष सभी अध्यापक कक्षाओं में शिक्षण कार्य करते पाए गए। शैक्षणिक व कायाकल्प समय-सारणी के अनुसार कक्षाएं संचालित मिलीं तथा बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। सभी कमरों में टाईलीकरण का कार्य पूर्ण मिला। प्रधानाध्यापक को विद्यालय भवन की रंगाई-पुताई का कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, डिजिटल उपस्थिति और स्वच्छता को निरंतर बनाए रखने का निर्देश दिया।

## हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग 15 सितंबर तक कराना अनिवार्य

देवरिया। हज-2027 के लिए चयनित यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी सर्कुलर-10, दिनांक एक सितंबर 2026 के क्रम में चयनित हज यात्रियों को दो चरणों में मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस कराना अनिवार्य होगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि प्रथम चरण की मेडिकल जांच हज यात्रियों के चयन के बाद तथा द्वितीय चरण की जांच उड़ान से पूर्व कराई जाएगी। प्रथम चरण में चयनित हज यात्रियों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निधाहोगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि मेडिकल जांच केसंबंधी तथ्य को छिपाया नहीं जाए।

## 31 सूत्रीय मांगों को लेकर सपा-भाकपा का धरना, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बरहज, देवरिया**। 31 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकताओं ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हुए प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओंने तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा ।प्रदर्शन में पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव और समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह ने भी हिस्सा लिया। ज्ञापन में निर्भय नारायण मोहन सेतु की मरम्मत, मर्ज किए गए परिषदीय विद्यालयों को दोबारा संचालित करने, परसिया देवार में कटान रोकने, सोनाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों की तैनाती और मिजार्पुर की जर्जर सड़क की मरम्मत समेत 31 मांगें शामिल हैं ।पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव ने कहा कि सरकार हिंदू-मुस्लिम, जात-पात और शहरों के नाम बदलने में लगी है। जनता की मूल समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह ने कहा कि 31 सूत्रीय मांगें आम जनता से जुड़ी हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और कटान जैसी समस्याओं का लंबे समय से समाधान नहीं हुआ है ।भाकपा खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश सचिव विनोद सिंह ने कहा कि गरीब परिवार बच्चों की फीस जुटाने में परेशान हैं, इसके बावजूद उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल रही है। शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है ।अरविंद कुशवाहा ने कहा कि सरकार मुफ्त राशन देकर वोट की राजनीति कर रही है । गरीब बच्चों के लिए मर्ज विद्यालयों को दोबारा संचालित करना जरूरी है ।पूर्व ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने कहा कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर शर्मा, बेचू लाल यादव, बलिस्टर शर्मा, राजेंद्र यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भटनी (देवरिया)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के चांदपार गांव निवासी नागेंद्र प्रसाद उर्फ मंटू (46) पुत्र गणेश प्रसाद की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा साहोपार अंडरपास के पास भिटहा गांव के समीप हुआ ।बताया गया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल नागेंद्र को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज देवरिया ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक नागेन्द्र प्रसाद अपने पीछे पत्नि सहित चार पुत्रियों एवं एक पुत्र को छोड़ गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले की जांच कर बिधिक कार्यवाई में जुटी है।

# हिंदी दिवस पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन




**देवरिया**। हिन्दी दिवस के परिप्रेक्ष्य में नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया द्वारा आयोजित ?हिन्दी के विकास के बिना देश का सर्वांगीण विकास असम्भव? विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप इन्टर कालेज, वाइब्रेंट स्कूल, गुरुकुल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महाराजा अग्रसेन इन्टर कालेज, सेन्ट जेवियर्स स्कूल सलेमपुर, डी एस एस स्कूल, राजकीय इंटर कालेज, सनबीम स्कूल सोन्दा, कस्तूरबा राजकीय बालिका इंटर कालेज देवरिया के छात्र छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

निर्धारित विषय के पक्ष मे रितिका तिवारी, सनबीम स्कूल सोन्दा को प्रथम, समीक्षा दुबे, गुरुकुल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल को द्वितीय तथा प्रत्यक्ष मणि त्रिपाठी सेन्ट जेवियर्स स्कूल सलेमपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार अंश तिवारी महाराणा प्रताप इन्टर कालेज, सौम्या मिश्रा बाइब्रेंट अकादमी, अनामिका मणि त्रिपाठी देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आराध्या पाण्डेय, देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कृतिका तिवारी सनबीम स्कूल सोन्दा, प्रियांशु यादव महाराणा प्रताप इन्टर कालेज देवरिया को प्राप्त हुआ। इसी तरह विपक्ष की प्रतियोगिता में संस्कृति उपाध्याय सनबीम स्कूल सोन्दा को प्रथम, प्रगति मिश्रा देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल को द्वितीय तथा अंशिका चतुवेर्दी सनबीम स्कूल सोन्दा एवं तान्या त्रिपाठी गुरुकुल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार रोशनी यादव कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अप्रतिम शुक्ल आर बी टी स्कुल, प्रगति तिवारी गुरुकुल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आराध्या मिश्रा डी एस एस अकादमी, अयान एवं समर्थ राव महाराणा प्रताप इन्टर कालेज को मिला।

निर्णायक का दायित्व डॉ अशोक कुमार दीक्षित, डॉ शकुंतला दीक्षित, डॉ सुधांशु शुक्ल एवं डॉ राजेश मिश्र ने संभाला। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने प्रतियोगियों को प्रतियोगिता संबधी दिशा निर्देश दिया। संचालन रविप्रकाश मिश्र ने किया। इस अवसर पर रवीन्द्र नाथ तिवारी, डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी, इन्द्र कुमार दीक्षित, रविकांत मणि त्रिपाठी, रमेश तिवारी आदि गणमान्य उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्र गान के साथ प्रतियोगिता के समाप्ति की घोषणा की गयी। प्रतियोगिता में उत्तीर्ण छात्रों को 14 सितंबर को हिन्दी दिवस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# भलुअनी में युवक की चाकू गोदकर हत्या

- गांधीनगर स्थित खाद गोदाम के निकट शौचालय में घायल मिला युवक
- एक सितंबर को पुलिस को तहरीर देकर जतायी थी आशंका

**बरहज, देवरिया**। भलुअनी उपनगर के गांधीनगर निवासी मनीष सिंह मोनू 25 पुत्र प्रेम सिंह की मोहल्ले में ही खाद गोदाम के निकट गुरुवार रात चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो कुछ लोग गाली देते भागते हुए दिखे। शौचालय में खून से लथपथ मोनू मिला। उसे शरीर पर कई जगह चाकू मारने के निशान थे। उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया ।मोनू घर पर रहकर खेती-बाड़ी का काम करते थे। शाम को उनको कुछ लोगों के साथ गांधी चौक के पूरब सड़क पर लोगों ने देखा। रात करीब नौ बजे लोगों ने देखा कि वहां स्थित एक शौचालय के अंदर मोनू तड़प रहा था। उसके गर्दन, पीठ, कंधे और कमर समेत शरीर के कई हिस्सों पर चाकू के निशान थे। सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मोनू को अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### एक सप्ताह पहले भी मिली जान मारने की धमकी

बरहज। परिजनों के मुताबिक करीब एक सप्ताह पहले एक हिस्ट्रीशीटर ने जान मारने की धमकी दी थी। इस मामले में धमकी देने वाले के खिलाफ भलुअनी थाने में तहरीर दी गई थी, लेकिन पुलिस ने इसे गम्भीरता से नही लिया और घटना घट गई । परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि यदि उस शिकायत को गंभीरता से लिया गया होता तो मोनू की जान नहीं जाती।

### घटना के बाद नगर में तनाव

बरहज। मोनू की मौत के बाद भलुअनी कस्बा में तनाव का माहौल है। लोगों में आक्रोश दिख रहा है ।परिजन पूरे घटनाक्रम के लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहरा रहे है। तनाव को देखते हुए जगह पुलिस के जवान तैनात कर दिए गए है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

युवक की हत्या आपसी विवाद में हुई है। कस्बे के बाहर मनीष को चाकू से घायल होने की सूचना परिजनों को प्राप्त हुई जिस पर मनीष के भाई द्वारा उसे घायल अवस्था में मेडिकल कालेज देवरिया लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा मनीष उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों से तहरीर प्राप्त होने पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख कांग्रेसी नेता अवधेश सिंह के निधन पर शोक सभा

**देवरिया**। भटनी ब्लॉक के पूर्व प्रमुख एवं कांग्रेस के वरिष्ठ वयोवृद्ध नेता अवधेश सिंह (89 वर्ष) का गुरुवार सुबह लखनऊ के वेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही जनपद के कांग्रेस परिवार में शोक की लहर दौड़ गई ।उनके निधन पर टाउन हॉल स्थित शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में एक आकस्मिक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित जिला अध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी ।इस दौरान जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' व अन्य नेताओं ने कहा कि अवधेश सिंह जी का निधन पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने जीवन पर्यंत कांग्रेस की नीतियों और जनसेवा के लिए काम किया। भटनी ब्लॉक के प्रमुख के रूप में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक सभा में कांग्रेस जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, मुकुंद भास्कर मणि, नागेंद्र शुक्ला, आनन्ददेव गिरी चुन्नू, भरत मणि, संजीव कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, ऋषिकेश मिश्रा, वरुण राय, आनन्द श्रीवास्तव सोनू, राजकुमार जायसवाल, सुभाष राय, सुहेल अंसारी, जवाहरलाल बरनवाल, सत्य प्रताप मिश्रा अंशु, महेंद्र अम्बेडकर, सत्य प्रकाश मणि, सोहन मिश्रा, सुनील सिंह यादव, शिव शंकर सिंह, जयप्रकाश धनगर, अब्दुल जब्बार, डॉ.एस.के.पाठक, पन्नालाल पाठक सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक




**कुशीनगर**। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निदेर्शानुसार शुक्रवार को हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, कुशीनगर के तत्वावधान में कम्पोजिट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोड़रिया, दुदही में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रीक्ट मिशन कोआर्डिनेटर नलिन सिंह ने की ।कार्यक्रम में डिस्ट्रीक्ट मिशन कोआर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन आदि योजनाएं शामिल रहीं। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, वन स्टॉप सेंटर-181, महिला हेल्पलाइन-1090, 112, 108 एवं 102 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग एवं आवश्यकता के समय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। जेंडर स्पेशलिस्ट प्रीती सिंह द्वारा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए इनके दुष्प्रभावों तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की गई ।कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए तथा पात्र लाभार्थियों से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करने की अपील की गई।

# पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, सपा पर साधा निशाना

- शाही के माता-पिता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सपा पर बोला



**देवरिया**। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक शुक्रवार को देवरिया पहुंचे। शहर के एक निजी मैरिज हाल में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के माता-पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने शिरकत की। कार्यक्रम में उन्होंने स्व. शाही के माता-पिता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन एवं संस्कारों को स्मरण किया ।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि पुण्यतिथि केवल किसी व्यक्ति को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके जीवन मूल्यों और समाज के प्रति योगदान को स्मरण करने का भी अवसर है। उन्होंने स्व. शाही के माता-पिता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके परिवार को इस अवसर पर अपनी संवेदनाएं प्रेषित कीं ।इसके बाद राजनीतिक मुद्दों पर बात करते हुए बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के मुखिया प्रदेश की जनता के हितों के बजाय अपने परिवार की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब समाजवादी पार्टी को प्रदेश में सरकार बनाने का अवसर मिला, तब-तब सैफई परिवार को प्राथमिकता दी गई ।उन्होंने कहा कि सपा की राजनीति विकास के बजाय तुष्टिकरण और माफियाओं को संरक्षण देने के इर्द-गिर्द रही है। आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं, जबकि भाजपा सबका साथ, सबका विकास और जन-जन के हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है और विकास की योजनाओं का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच रहा है। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा के पक्ष में अपना समर्थन देगी और पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा सरकार बनाएगी।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में श्रद्धा और सम्मान का माहौल रहा।

## मांगों के समर्थन में बैंककर्मियों ने किया हड़ताल, अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी




**कसया, कुशीनगर**। लंबे समय से बैंक कर्मियों की लंबित पांच दिवसीय कार्यकाल की मांग एवं अन्य लंबित मांगों के क्रम में यूनाइटेड फोरमस ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर कसया नगर में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया और हड़ताल किया जिससे काम काज प्रभावित रहा।

शुक्रवार को एसबीआई, एसीबी शाखा, कसया के परिसर में समस्त बैंक कर्मचारियों ने यूएफबीयू के बैनर तले अपना विरोध करते हुए सरकार के मनमानी रवैया पर आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर राम अशीष यादव, क्षेत्रीय सचिव, एसबीआईएसए ने बताया की सरकार द्वारा विगत कई वर्षों से बैंक कर्मियों की जायज मांगों को अनसुना किया जा रहा है । अंतत विवश होकर बैंक कर्मी आज हड़ताल पर हैं, ततपश्चात 28, 29, 30 सितंबर 2026 को तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने को विवश है एवं यदि अब सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो देशभर के समस्त बैंक कर्मी 26 अक्टूबर, 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन में एसबीआईएसए एवं अन्य संगठनो से अवधेश गोंड, शुभम झा, रिसीत कुमार, अजय कुमार, अरशद कमल, आनंद स्वरूप, नवीन कुमार शोभित राज, मुन्ना पंडित, संजय कुमार, शिवाजी गुप्त, शशिकांत कुमार, रामू चौरसिया आदि के अतिरिक्त भारी संख्या में बैंक कर्मचारी, पदाधिकारी और महिला सहकर्मी उपस्थित हुए।

## पेंशन स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरण शिविर में 32 नए आवेदन : 200 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण

देवरिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील सदर के नोडल अधिकारी द्वारा सोशल सेक्टर के अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं से लाभान्वित वृद्धजन, दिव्यांगजन एवं निराश्रित महिलाओं को पेंशन स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित करने तथा पेंशन से वंचित पात्र व्यक्तियों के आवेदन कराने के लिए तहसील सदर सभागार में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ब्लॉक प्रमुख देवरिया सदर पवन गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य ने माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया मुख्य अतिथि द्वारा शिविर में उपस्थित 18 पात्र लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उन्होंने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की जानकारी देते हुए विभागीय कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान होने से लाभार्थियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे शिविर में जिला समाज कल्याण विभाग से संबंधित 187 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें 30 नए पेंशन आवेदन कराए गए, जबकि 157 पेंशन संबंधी प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से संबंधित 23 प्रकरणों में 2 नए पेंशन आवेदन कराए गए, 6 दिव्यांगजनों को उपकरण न मिलने संबंधी तथा 15 पेंशन प्राप्त न होने संबंधी प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिला प्रोबेशन विभाग से संबंधित 25 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें 3 नए पेंशन आवेदन कराए गए तथा 22 पेंशन प्राप्त न होने संबंधी प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त आय प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए 50 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर तहसील सदर स्तर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# कसया डोल मेला में हुआ फूहड़ डांस, श्रद्धालु नाराज




**कुशीनगर**। जिले के तमकुहीरोड और पडरौना के बाद अब कसया में भी परंपरा, संस्कृति और लोक-आस्था के प्रतीक माने जाने वाले पावन डोल मेले में मयार्दा की सारी हदें तार-तार होती नजर आईं। मंगलवार से शुरू होकर बुधवार को सकुशल संपन्न हुए, कसया के ऐतिहासिक डोल मेले में भगवान श्रीकृष्ण की पवित्र भक्ति पर अंतिम दिन फूहड़ता और अश्लीलता भारी पड़ती दिखाई दी। जिस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, सनातन परंपरा और धार्मिक उल्लास को आगे बढ़ाना था, वह मेला धड़ल्ले से सजने वाले आर्केस्ट्रा और आपत्तिजनक ठुमकों का मंच बनकर रह गया।

**भक्ति गीतों की जगह गूंजा आर्केस्ट्रा का शोर**

हर साल की तरह इस बार भी कसया नगर में भव्य रूप से डोल मेला निकाला गया। विभिन्न अखाड़ा समितियों और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक उत्साह के साथ भगवान श्रीकृष्ण के डोल की विधिवत पूजा-अर्चना की। नगर के कसया-देवरिया मार्ग सहित प्रमुख मार्गों से अखाड़े निकले, खिलाड़ियों ने अपने करतब दिखाए और श्रद्धालुओं ने डोल में विराजमान भगवान श्री कृष्ण की मूर्तियों के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। लेकिन, इन सबके समानांतर मेले का एक दूसरा और बेहद विचलित करने वाला चेहरा भी सामने आया। तमाम प्रतिबंधों के दावों के बावजूद डोल के साथ चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर आर्केस्ट्रा सजाए गए थे। पूरी रात इन मंचों पर भक्ति गीतों के बजाय फूहड़ और आपत्तिजनक गानों पर नर्तकियों के अश्लील नृत्य का दौर चलता रहा। इसके पीछे युवाओं की भीड़ बेकाबू होकर थिरकती नजर आई, जिससे पूरे धार्मिक माहौल की गरिमा धूमिल हो गई।

**आयोजकों की उदासीनता और मूकदर्शक बनी खाकी**

?इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा और गंभीर सवाल आयोजन समितियों की भूमिका को लेकर खड़ा होता है। जब सरेआम धार्मिक जुलूस की आड़ में फूहड़ता परोसी जा रही थी, तो समितियों के कर्ताधर्ता क्या कर रहे थे? क्या उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि एक धार्मिक और पवित्र जुलूस में किस तरह की प्रस्तुतियां होनी चाहिए? यदि सब कुछ आयोजकों और जिम्मेदारों की आंखों के सामने हो रहा था, तो इसे रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया गया? इसके साथ ही, कानून-व्यवस्था संभालने के लिए तैनात पुलिस और प्रशासनिक अमले की भूमिका पर भी बड़े सवाल उठ रहे हैं। मेले में सुरक्षा के नाम पर मुस्तैद खाकी के जवान सभी अखाड़ों और डोल के साथ तैनात थे, लेकिन आर्केस्ट्रा की आड़ में परोसी जा रही नंगई को वे मूकदर्शक बनकर टकटकी लगाए देखते रहे। अपनी आंखों के सामने सरेआम नियमों की धज्जियां उड़ते देखने के बावजूद उनका केवल औपचारिकता निभाना जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

**महिलाओं और बच्चों की मौजूदगी में परोसी गई फूहड़ता**

?डोल मेला कोई साधारण मनोरंजन का मंच नहीं है, बल्कि यह सनातन संस्कृति का एक प्रमुख केंद्र है। इस मेले में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां, बच्चे और बुजुर्ग शामिल होते हैं। ऐसे पवित्र और पारिवारिक आयोजनों में खुलेआम इस तरह के आपत्तिजनक नृत्य और फूहड़ गीत समाज पर बेहद नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि मनोरंजन के नाम पर आस्था के पर्व को इस तरह कलंकित करना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

**धार्मिक झांकियां हो रही हैं लुप्तः-**

एक समय था जब डोल मेलों की असली शान भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर झांकियां, पारंपरिक भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुआ करती थीं। लेकिन धीरे-धीरे यह सब पीछे छूटता जा रहा है और डोल मेला पूरी तरह से आर्केस्ट्रा बालाओं के फूहड़ डांस का मंच बनकर सिमटता जा रहा है। धर्म और संस्कृति के बड़े-बड़े ठेकेदार बनने वाले संगठन और मेला संचालक इस गिरावट पर आंखें मूंदकर बैठे हुए हैं।

**प्रशासन से उठी सख्त कार्रवाई की मांग**

?कसया के तमाम प्रबुद्धजनों और श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन से कड़ी मांग की है कि भविष्य में इस तरह के आयोजनों के लिए बहुत ही स्पष्ट और सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। धार्मिक आयोजनों और मेलों में अश्लील गानों, फूहड़ नृत्यों तथा आपत्तिजनक प्रस्तुतियों पर पूरी तरह से प्रभावी रोक लगाई जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाली समितियों और उपद्रवियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी बेहद आवश्यक है।

?भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव और डोल मेला प्रेम, भक्ति, संस्कार और धर्म की विजय का प्रतीक है। यदि इस पावन अवसर पर आस्था के नाम पर फूहड़ता के ठुमके लगते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारी आने वाली पीढ़ियां डोल मेलों को धार्मिक परंपरा के रूप में नहीं, बल्कि केवल फूहड़ मनोरंजन के अखाड़े के रूप में याद रखेंगी।

# जेन-जी पर सियासी होड़

हालांकि अभी जेन-जी की ताकत एक मतदाता वर्ग के रूप में कभी प्रमाणित नहीं हुई है। लेकिन कुछ पड़ोसी देशों में जेन-जी के आंदोलन के बाद सत्ता पलट और नीट पेपर लीक के बाद दिल्ली में हुए जेन-जी के प्रदर्शन और देवेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद अचानक सभी पार्टियां जेन-जी को लेकर अति सतर्क हो गयी हैं। यही कारण है कि आजकल युवाओं, जेन-जी को साधने, लुभाने, पुचकारने और उसके तराने गाने की होड़ मची है। इसमें पीएम मोदी सबसे आगे हैं। वह जिस आयोजन में जा रहे हैं वहां युवा ही युवा दिखायी दे रहे हैं। कमाल यह है कि जेन-जी भी प्रधानमंत्री से जुड़ाव महसूस कर रहे हैं और उन्हें ही विकसित भारत की बुनियाद का नेता मान रहे हैं। संभव है कि ऐसे बयान प्रायोजित हों! प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में कुछ दीक्षांत समारोहों और श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शताब्दी समारोह के मंचों से भी जेन-जी को साधने के प्रयास किए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बीते कुछ समय से 'छात्रों की गूंज' के जरिए जेन-जी के 'सबसे बड़े हमदर्द' साबित होने की राजनीति कर रहे हैं। वह अपने आवास पर युवाओं से मुलाकातें कर रहे हैं और देश का विमर्श साझा कर रहे हैं। जेन-जी के कुछ चेहरों के साथ पुलिस स्टेशन तक जाकर और छोटा-सा धरना देकर प्राथमिकी दर्ज करवा रहे हैं, ताकि युवाओं का जन-समर्थन बटोरा जा सके। यहां तक कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी माना है कि नई पीढ़ी, नई सोच के साथ नई पोशाक भी होनी चाहिए। नतीजतन उन्होंने 'समाजवाद' का रंग भी 'नीला' कर दिया है। समाजवादी नौजवान सभा से जुड़े काडर की वेशभूषा लाल-हरी के बजाय 'गहरी नीली' कर दी गई है। वह 'काली-सी' लगती है। अखिलेश की एक आंख जेन-जी पर है, तो दूसरी आंख



दलितों पर है, लिहाजा बाबा अंबेडकर का राग अलापना और हर पार्टी-कार्यालय में अंबेडकर के चित्र को 'अनिवार्य' घोषित किया है। जेन-जी के प्रति ये तराने निस्वार्थ नहीं हैं। चुनाव जीतने के मद्देनजर जेन-जी के सुर बजाए जाने लगे हैं। यदि हमारी राजनीतिक जमात की युवाओं के प्रति चिंता और प्रतिबद्धता वाकई गंभीर होती, तो कमोबेश देश में 8.70 करोड़ युवा ऐसे न होते, जो न तो पढ़ रहे हैं, न काम कर रहे हैं और न ही कोई ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। यह कोई निजी डाटा नहीं, बल्कि भारत सरकार के नीति आयोग के अध्ययन का निष्कर्ष है। 2027 में 7 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। उनमें उप्र, गुजरात, पंजाब आदि राज्यों के चुनाव बेहद महत्वपूर्ण हैं। उप्र में अब 4.54 करोड़ जेन-जी मतदाता हैं। गुजरात में 1.23 करोड़ अर्थात करीब 28 फीसदी युवा मतदाता हैं। पंजाब में यह संख्या 53.87 लाख है। मणिपुर में 4.71 लाख और गोवा में 2.10 लाख जेन-जी मतदाता हैं। ये मतदाता किसी भी दल की सरकार बनवाने और स्थापित परिवर्तन करने में सक्षम है। मजबूरन जेन-जी के तराने गाने पड़ रहे हैं। 2029 के लोकसभा चुनाव की घंटियां अभी से बजनी शुरू हो गई हैं। जेन-जी आबादी 37-38 करोड़ बताई जा रही है। अब हर चार मतदाताओं में से एक मतदाता जेन-जी है। कल्पना करें कि यदि अमरीकी आबादी से अधिक इतने मतदाताओं में ध्रुवीकरण होता है, तो चुनाव के नतीजे क्या हो सकते हैं? शायद इसी चुनाव-नीति के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी ने सभी मंत्रियों और पार्टी स्तर पर सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हों और जेन-जी से खुद संपर्क बनायें। मंत्री और सांसद आदि विश्वविद्यालयों में भी जाएंगे और एक पूरा दिन युवा छात्रों के बीच बिताएंगे। उनकी समस्याओं को समझने के प्रयास करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी जेन-जी युवाओं को जोड़ने की पहल करेंगे। क्या ऐसी कवायदों से जेन-जी को पटाया जा सकता है? वैसे 2024 के आम चुनाव में 40 फीसदी से अधिक युवाओं ने भाजपा के पक्ष में वोट दिया था। ऐसे में युवाओं को जोड़ने की इस पहल की सियासी महत्ता को समझना कठिन नहीं है।

# भारत के परमाणु प्रोग्राम पर अमरीकी रिपोर्ट




विजय कपूर

सामयिक

नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स सम्मेलन (12 व 13 सितम्बर 2026) के आयोजन से पहले 9 सितम्बर 2026 को अमेरिका के एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि भारत ने कम से कम 30 अतिरिक्त परमाणु वॉरहेड (विस्फोटक) अपने नये निमार्णाधीन मिसाइलों के लिए जोड़े हैं, जिससे उसके ऑपरेशनल लांचर्स के लिए जो पहले से ही 160 वॉरहेड्स मौजूद हैं, उनकी संख्या बढ़कर 190 हो गई है। अमेरिका के गैर-मुनाफे वाले पालिसी थिंक टैंक द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट के प्रकाशन की टाइमिंग को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। ब्रिक्स के जरिये चीन, रूस व ईरान की तिगड़ी नई विश्व व्यवस्था स्थापित करने के प्रयास में है, जिसे अमेरिकी दादागीरी के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। ब्रिक्स की कोशिश है कि वह अपने सदस्यों के बीच में क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स का सिलसिला आरंभ करे, जिसमें डिजिटल पेमेंट सिस्टम्स और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसीज (सीबीडीसी) के बीच लिंक भी शामिल हो।

अगर यह व्यवस्था हो जाती है तो विश्व व्यापार में डॉलर का महत्व कम हो जायेगा। अमेरिका यही नहीं चाहता है। अभी तक नई दिल्ली का झुकाव वाशिंगटन की तरफ रहा है, इसलिए भारत ने अध्यक्ष होते हुए भी ब्रिक्स की तरफ से अमेरिका व इजरायल द्वारा 28 फरवरी 2026 को ईरान पर थोपे गये युद्ध के खिलाफ निंदा प्रस्ताव जारी नहीं किया था। लेकिन हाल ही में बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित एससीओ सम्मेलन के हाशिये पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से मुलाकात करके अमेरिका को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत के पास नई विश्व व्यवस्था में शामिल होने का विकल्प खुला हुआ है। यह संकेत इस लिहाज से अधिक प्रबल प्रतीत हुआ कि 7 वर्ष बाद चीन के राष्ट्रपति शि जिनपिंग 67-सदस्यों के सरकारी दल, जिसमें जिनपिंग के अति विश्वसनीय काई ची (सीपीसी पोलितब्यूरो की तदर्थ समिति के सदस्य) व विदेश मंत्री वांग यी भी शामिल हैं, के साथ भारत आये हैं। चीन का व्यापार दल अलग से आ रहा है। दरअसल, वाशिंगटन को नई विश्व व्यवस्था की ओर नई

> यह सही है कि फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स परमाणु कार्यक्रम की वैश्विक स्थिति पर अपनी अप-डेट की गई रिपोर्ट नियमित प्रकाशित करता है, लेकिन यह रिपोर्ट इस समय इसलिए जारी की गई है क्योंकि संसार के क्षेत्रीय समीकरण बहुत तेजी से बदल रहे हैं।



दिल्ली का झुकना पसंद नहीं है। अमेरिकी रिपोर्ट और उसके जारी करने के समय को इसी पृष्ठभूमि में समझने की आवश्यकता है, विशेषकर इसलिए भी कि अमेरिका ने ईरान पर हमला यह कहते हुए किया था कि वह तेहरान को परमाणु बम नहीं बनाने देगा, जबकि अब यह बेमतलब व बेमकसद का युद्ध तेल व्यापार पर नियंत्रण में बदल गया है, जिससे कच्चे तेल की कीमत एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई है। बहरहाल, 'भारत के परमाणु हथियार- 2026' रिपोर्ट 9 सितम्बर 2026 को प्रकाशित की गई। इसमें कहा गया है, 'भारत अपने परमाणु शस्त्रागार के आधुनिकीकरण को जारी रखे हुए है कि उसने हाल के वर्षों में अनेक नये हथियार सिस्टम्स फील्ड किये हैं और अन्य अनेक विकसित किये जा रहे हैं ताकि मजबूती प्रदान की जा सके या जो परमाणु-सक्षम एयरक्राफ्ट, भूमि-आधारित डिलीवरी सिस्टम्स व समुद्र-आधारित सिस्टम्स मौजूद हैं, उन्हें बदला जा सके। हमारा अनुमान है कि भारत ने 140 से 225 वॉरहेड्स के लिए पर्याप्त मात्रा में सैन्य प्लूटोनियम का उत्पादन कर लिया है और उसने 190 तक वॉरहेड्स असेम्बल कर लिए हैं। चूंकि अधिक हथियार सिस्टम्स विकसित किये जा रहे हैं, इसलिए भारत के वॉरहेड भंडार में अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है।' इस परमाणु नोटबुक का शोध व लेखन फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स न्यूक्लिर इनफार्मेशन प्रोजेक्ट के स्टाफ ने किया है, जिसने अपनी रिपोर्ट में लिखा है, 'हमारा अनुमान है कि भारत वर्तमान में 9 अलग-अलग परमाणु-सक्षम सिस्टम्स ऑपरेट करता है- दो एयरक्राफ्ट, छह भूमि-आधारित बैलिस्टिक मिसाइलें और एक समुद्र-आधारित बैलिस्टिक मिसाइल। कम से कम दो अतिरिक्त सिस्टम्स विकसित किये जा रहे हैं, जो पूर्ण होने की कगार पर हैं और उन्हें एक या कुछ वर्षों के भीतर सशस्त्र बलों के साथ तैनात किया जायेगा।' गौरतलब है कि भारत अपने परमाणु हथियारों के भंडार की संख्या प्रकाशित नहीं करता है। रिपोर्ट में जो समीक्षा की गई है वह अनुमान के आधार पर है यानी वह खुले स्त्रोतों के मिश्रण पर आधारित है- राज्य से निकले डाटा जैसे सरकारी वक्तव्य, डीक्लासिफाइड डाक्यूमेंट्स, गैर-सरकारी डाटा जैसे मीडिया रिपोर्ट्स, थिंक टैंक समीक्षा व उद्योग प्रकाशन और कमर्शियल सैटेलाइट इमेजरी।

भारत उन चंद देशों में शामिल है जिनके बारे में माना जाता है कि वह दोनों अति संवर्धित यूरेनियम (एचईयू) व हथियार ग्रेड के प्लूटोनियम का उत्पादन कर रहा है। अनुमान यह है कि एचईयू उत्पादन का अधिकतर फोकस ईंधन बनाने के लिए है। ऐसा रिपोर्ट में कहा गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, 'भारत जो हथियार ग्रेड का प्लूटोनियम बना रहा है, उसका स्त्रोत पुराना हो चुका 100-मेगावाट ध्रुव प्लूटोनियम प्रोडक्शन रिएक्टर है, जोकि भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर कॉम्प्लेक्स में है, मुंबई के निकट, जबकि 2010 तक इसी लोकेशन पर स्थित सीआईआरयूएस रिएक्टर में यह काम हो रहा था। एक दशक से भी अधिक देरी के बाद कलपक्कम के निकट इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटॉमिक रिसर्च में भारत के नये 500 मेगावाट प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) ने अप्रैल 2026 में अपनी पहली क्रिटिकैलिटी हासिल की। नया रिएक्टर यूरेनियम या थोरियम का विकिरण करता है प्लूटोनियम-239 व यूरेनियम-233 का उत्पादन करने के लिए और इसके लिए ईंधन उस भंडार से मिलता है, जिसे भारत के फर्स्ट-जनरेशन पॉवर रिएक्टर्स के रिएक्टर-ग्रेड प्लूटोनियम से अलग किया गया है।' रिपोर्ट का दावा है कि अनेक अतिरिक्त फास्ट ब्रीडर रिएक्टर्स बनाने की योजना है, जिनमें से दो एफबीआर-1 व एफबीआर-2 पहले से बनी योजना के स्तर पर हैं और वह प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर, कलपक्कम के बराबर में स्थापित किये जायेंगे। अगर इनका सफलतापूर्वक संचालन कर लिया गया तो यह भारत के परमाणु वॉरहेड भंडार के लिए उपलब्ध प्लूटोनियम की मात्रा में जबरदस्त इजाफा कर देंगे।

यह सही है कि फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स परमाणु कार्यक्रम की वैश्विक स्थिति पर अपनी अप-डेट की गई रिपोर्ट नियमित प्रकाशित करता है, लेकिन यह रिपोर्ट इस समय इसलिए जारी की गई है क्योंकि संसार के क्षेत्रीय समीकरण बहुत तेजी से बदल रहे हैं। भारत के पड़ोस में दो परमाणु शक्तियां हैं- चीन व पाकिस्तान। उनको मद्देनजर रखते हुए भारत को अपनी परमाणु क्षमताओं में विस्तार करने की आवश्यकता है, जो वह कर भी रहा है। लेकिन भारत अपने परमाणु भंडार का ढिंढोरा नहीं पीटता है, क्योंकि इन बातों का गोपनीय रहना ही बेहतर होता है। इसके बावजूद स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट और अन्य सामरिक संस्थाओं के बाद अमेरिकी थिंक टैंक ने भी इस बात पर बल दिया है कि भारत के परमाणु वॉरहेड्स की संख्या बढ़कर 190 हो गई है। इसका सीधा सा अर्थ यह है कि अमेरिका व अन्य पश्चिमी देश यह प्रचारित करना चाहते हैं कि भारत परमाणु हथियारों की दौड़ में है (जोकि वह नहीं है क्योंकि भारत का पामाणु कार्यक्रम अपनी ऊर्जा पूर्ति व आत्मरक्षा के लिए है)। इसके अतिरिक्त नई दिल्ली पर नई विश्व व्यवस्था में शामिल न होने के लिए दबाव बनाने का भी प्रयास है।

## सोशल मीडिया

आरएसएस के माननीय सरसंघचालक श्रद्धेय डॉ. मोहन भागवत जी को जन्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं अनन्त शुभकामनाएं। प्रभु श्रीराम से आपके सुदीर्घ व यशस्वी जीवन की प्रार्थना है। सीएम योगी.



## विचार

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

असफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब के फूल का निकलना।

-स्वेट मॉर्डेन.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.


# अध्यात्म साधना

## अंतर्दृष्टि

बुरी संगत हमेशा नुकसान का कारण बनती है। अपने प्रभाव में आने वाले हर हर इंसान को यह प्रभावित जरूर करती है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वेष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

# गणेशोत्सवः घर की पूजा से जन-जन तक

**भगवान गणेश भारतीय जनमानस के सबसे निकट देवताओं में माने जाते हैं। वे बुद्धि के देवता हैं, शुभारंभ के प्रतीक हैं और विघ्नों को दूर करने वाले हैं भगवान गणपति हैं। कोई बच्चा पहली बार स्कूल जाता है, कोई विद्यार्थी परीक्षा देने निकलता है, नया घर बनाता है, नई दुकान खुलती है या किसी शुभ कार्य का आरंभ होता है, तो सबसे पहले स्मरण गणेश जी का ही किया जाता है।**



गणेश चतुर्थी (14-25 सितम्बर) पर विशेष

'गणपति बप्पा मोरया।' गणपति बप्पा का उद्घोष सुनते ही फिजा का रंग बदल जाता है। ढोल, ताशों की थाप, फूलों की महक, मोदक की मिठास और सजे हुए पंडालों के बीच जब विघ्नहर्ता गणपति विराजते हैं, तो लगता है कि केवल एक देवता का आगमन नहीं हुआ बल्कि पूरे समाज के भीतर छिपी खुशी, आस्था और सामूहिक ऊर्जा जाग उठी है। गणेशोत्सव भारत के उन अद्भुत पर्वों में से है, जिसने समय के साथ अपना स्वरूप बदला है। कभी यह मुख्यतः घरों और मंदिरों की पूजा था। लेकिन आज यह गलियों, मुहल्लों, शहरों और विशाल जन-समुदायों का उत्सव बन चुका है। गणेशोत्सव की खूबसूरती शायद यही है कि इसमें घर की आत्मीयता और समाज की विशालता एक साथ दिखायी देती है। भगवान गणेश भारतीय जनमानस के सबसे निकट देवताओं में माने जाते हैं। वे बुद्धि के देवता हैं, शुभारंभ के प्रतीक हैं और विघ्नों को दूर करने वाले हैं भगवान गणपति हैं। कोई बच्चा पहली बार स्कूल जाता है, कोई विद्यार्थी परीक्षा देने निकलता है, नया घर बनाता है, नई दुकान खुलती है या किसी शुभ कार्य का आरंभ होता है, तो सबसे पहले स्मरण गणेश जी का ही किया जाता है। यही कारण है कि गणेश केवल मंदिरों के देवता नहीं हैं, वे भारतीय परिवारों के जीवन का हिस्सा हैं।

**जब घर आते हैं बप्पा**

गणेश चतुर्थी के अवसर पर घरों में गणपति की प्रतिमा स्थापित करने की परंपरा अत्यंत भावपूर्ण है। परिवार के लोग घर की सफाई करते हैं, पूजा का स्थान सजाते हैं और पूरे मनोयोग से बप्पा के स्वागत की तैयारी करते हैं। किसी घर में छोटी-सी मिट्टी की प्रतिमा होती है, तो कहीं सजे हुए मंडप में गणपति विराजते हैं। लेकिन आकार चाहे जो हो, भावना एक ही होती है- आज हमारे घर बप्पा आएंगे। यही भाव गणेशोत्सव को दूसरे धार्मिक अनुष्ठानों से अलग और विशेष बनाता है। यहां भक्त केवल दर्शन करने नहीं जाता बल्कि भगवान को अपने घर का सदस्य मानकर उनका स्वागत करता है। उन्हें भोग लगाया जाता है, उनकी आरती की जाती है, उनकी वंदना में गीत गाये जाते हैं और परिवार के सभी लोग उनके सामने एकत्र होते है। मोदक को गणपति का प्रिय भोग माना जाता है। इसलिए गणेशोत्सव के दौरान रसोई भी श्रद्धा का एक सुंदर संसार बन जाती है। कहीं भाप में पके उकडीचे (मिश्रित सामग्री के) मोदक बनते हैं, तो कहीं गुड़ और नारियल की मिठास घर में घुल जाती है। बच्चों के यह उत्सव रंगों और मिठाईयों का पर्व है। बुजुर्गों के लिए परंपरा की स्मृति और युवाओं के लिए परिवार के साथ जुड़ने का उल्लास है।

**जब उत्सव ने समाज को जोड़ा**

भले इस पूजा की परंपरा अत्यंत प्राचीन है, लेकिन गणेशोत्सव का यह सार्वजनिक और संगठित स्वरूप सिर्फ लगभग डेढ़ सदी पुराना है। 19वीं सदी के अंतिम दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर



तिलक ने सार्वजनिक गणेशोत्सव को एक व्यापक सामाजिक स्वरूप दिया। उस समय भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था और लोगों के संगठित होने पर अनेक प्रकार की पाबंदियां थीं। तिलक ने गणेशोत्सव की सामूहिक शक्ति को पहचाना। इसलिए उन्होंने इसे केवल धार्मिक आयोजन न रहने देकर समाज को जोड़ने का माध्यम बना लिया। सार्वजनिक पंडालों में पूजा के साथ-साथ सभाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक संवाद होने लगे। इन पंडालों में जाति, वर्ग और आर्थिक स्थिति की दीवारों के पार लोग एक साथ आने लगे और सामूहिक उत्सव तथा संवाद का हिस्सा होने लगे। इस प्रकार गणेशोत्सव श्रद्धा के साथ राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक एकता का भी रूप ग्रहण किया। फिर धीरे-धीरे यह उत्सव परंपरा महाराष्ट्र से निकलकर सार्वजनिक गणेशोत्सव के रूप में पूरे देश में लोकप्रिय होती गयी। आज महानगरों से लेकर छोटे शहरों और गांवों तक गणपति पंडाल सजते हैं और हर पंडाल का अपना स्वरूप, अपनी सजावट और अपनी पहचान होती है।

**पंडालों का संसार**

गणेशोत्सव के दौरान पंडाल केवल पूजास्थल भर नहीं रहते। कुछ दिनों के लिए ये समाज की सामूहिक बैठक बन जाते हैं। बच्चे वहां खेलते हैं, युवा आयोजन की जिम्मेदारी संभालते हैं, महिला पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सम्पन्न करने में लगी होती हैं और बुजुर्ग परंपराओं का मार्गदर्शन कर रहे होते हैं। कहीं भजन-कीर्तन हो रहा होता है, कहीं शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति सम्पन्न हो रही होती हैं, कहीं नाटक तो कहीं बच्चों की विभिन्न किस्म की प्रतियोगिताएं चल रही होती है। कई स्थानों पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच, पुस्तक वितरण और सामाजिक सेवा के कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। यही सार्वजनिक गणेशोत्सव की सबसे बड़ी शक्ति है। यह लोगों को केवल एक जगह इकट्ठाभर नहीं करती बल्कि यह शक्ति इन्हें आपस में जोड़ती है। आज के तेज रफ्तार जीवन में जब लोग पड़ोसी का नाम तक नहीं जानते, उस दौर में जब पूरे मुहल्ले, सोसायटी के लोग एक जगह मिलते हैं, तो उनमें न चाहते हुए एक आत्मीय परिचय हो ही जाता है। वास्तव में गणेशोत्सव के दौरान पूरा मुहल्ला एक साझा परिवार बन जाता है।

**श्रद्धा और उल्लास साथ-साथ**

गणेशोत्सव में गंभीर धार्मिकता और जीवन का उल्लास साथ-साथ चलते हैं। सुबह मंत्रों और आरती की ध्वनि गूंजती हैं, तो शाम को ढोल, ताशों की गूंज होती है। कहीं शांति से गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ होता है, तो कहीं गणपति बप्पा मोरया के उत्साहपूर्ण स्वर पूरे वातावरण में गूंज रहे होते हैं। इस पर्व की यही खासियत है कि यहां आस्था उदास नहीं होती, वह मुस्कुराती है, गाती है, नाचती है और लोगों को साथ लेकर चलती है। विशेष रूप से बच्चों के लिए गणेशोत्सव जीवनभर की याद बन जाता है। प्रतिमा के आगमन से लेकर आरती, प्रसाद और विसर्जन तक हर दिन उनके लिए एक नया अनुभव होता है। शायद इसी तरह त्योहार पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ते हैं। पुस्तकों से नहीं बल्कि अनुभवों और स्मृतियों के सहारे।

**विदाई में भी उम्मीद का संदेश**

गणेशोत्सव का सबसे भावुक क्षण वह होता है, जिसे विसर्जन कहते हैं। जिन गणपति को कुछ दिन पहले बड़े प्रेम से घर या पंडाल में स्थापित किया गया होता है, जब उन्हें विदा करने का समय आता है, तो सबकी आंखें नम हो जाती हैं, लेकिन समूचे वातावरण में उदासी नहीं होती बल्कि एक अनोखे किस्म का उत्साह होता है। क्योंकि इस विदाई में वापसी का संदेश मौजूद होता है। ढोल बजते हैं और हजारों कंठ एक साथ पुकार उठते हैं- 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ!'

आर सी शर्मा.

## आप की बात

### आयात पर निर्भरता

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। अब सौर ऊर्जा क्रांति तेजी से आगे बढ़ रही है।

**अमित कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### आर्थिक प्रगति की चुनौतियां

देश के आर्थिक विकास में अनेक चुनौतियां सामने आकर खड़ी हुई हैं। लेकिन फिर भी भारत धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के जो आंकड़े दिये, उसके मुताबिक पहली तिमाही में भारत की आर्थिक प्रगति दर 7.8 रही जो कि बीती पांच तिमाहियों में सबसे अधिक तो है ही लेकिन आरबीआई के अनुमान से भी 1.3 फीसद अधिक है। ये आंकड़े इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं कि अमरीकी टैरिफ को लेकर अर्थव्यवस्था में जिस तरह की चिंताएं देखी जा रही थीं, वे चिंताएं इन आंकड़ों से जरूर कुछ कम होंगी। विकास की यह रफ्तार आगे भी बनी रहेगी ऐसी उम्मीद है, क्योंकि सरकार कई प्रयास कर र ही है।

**बिपिन त्रिपाठी, लखनऊ.**

संक्षेप

## वित्तीय अनियमितता में प्रधानाध्यापक निलंबित

**बांदा।** ब्लाक बड़ोखरखुर्द के प्राथमिक विद्यालय अरबई में अनियमितताओं की शिकायत के बाद जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने जांच में दोषी पाए जाने के बाद प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। उन्होंने शिकायत के बाद खंड शिक्षाधिकारी किशन कुमार से जांच करायी थी। बीईओ ने वित्तीय अनियमिता व शिक्षण कार्य में लापरवाही की संस्तुति की थी। साथ ही प्रधानाध्यापक अनूप सिंह सहित सहायक अध्यापक काजल शिवहरे, शिक्षामित्रों को अनुपस्थित पाया था। इसी जांच रिपोर्ट के बाद बीएसए अव्यक्तराम तिवारी ने प्रधानाध्यापक अनूप सिंह को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में इन्हें कमासिन बीआरसी में संबद्ध किया है। प्रकरण की जांच खंड शिक्षाधिकारी कमासिन राजेश कुमार को सौंपी है।

# कार की टक्कर से खाना खा रहे 3 युवकों की मौत

जिला संवाददाता (वीओएल)



**बिजनौर।** बिजनौर जिले के नजीबाबाद कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार की चपेट में आने से सड़क किनारे बैठकर खाना खा रहे तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि पिकअप वाहन से पंजाब के तीन युवक उत्तराखंड के रुद्रपुर से घोड़े लेकर पंजाब जा रहे थे और बृहस्पतिवार/शुक्रवार की दरमियानी रात लगभग साढ़े बारह बजे नजीबाबाद कोतवाली क्षेत्र के बशीरपुर नहर पटरी मार्ग पर वे खाना खाने के लिए रुके। सिंह ने बताया कि सरदार मनदीप (25), अर्शदीप (29) और गगनदीप (24) अपना वाहन रोककर सड़क किनारे खाना खाने लगे, तभी हरिद्वार की दिशा से आ रही तेज गति कार ने तीनों को कुचल दिया। तीनों की मौके पर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गगनदीप पटियाला तथा अर्शदीप और मनदीप फिरोजपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने कार जब्त कर ली है। हालांकि, कार चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। एएसपी ने बताया कि पुलिस चालक की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले में आवश्यक अग्रिम कार्वाई की जा रही है।

> ● तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले में आवश्यक अग्रिम कार्वाई की जा रही है

# सड़क सुरक्षा औरं बाल अधिकार के प्रति शिक्षकों को किया जागरूक



**बांदा।** बीआरसी बड़ोखरखुर्द में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराध एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह, सड़क सुरक्षा मंडल अधीक्षक पीयूष त्रिपाठी विशेष अतिथि रहे। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को साइबर अपराध एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह ने साइबर अपराध से बचाव के लिए मोबाइल एवं इंटरनेट का सावधानीपूर्वक प्रयोग करने की सलाह दी। मोबाइल की प्राइवेसी का विशेष ध्यान रखने, ओटीपी, पासवर्ड, बैंक संबंधी जानकारी एवं अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करने की अपील की। विद्यालय में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न होने देने के संबंध में भी शिक्षकों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा मंडल अधीक्षक पीयूष त्रिपाठी ने यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, सड़क पर सुरक्षित व्यवहार के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी किशन कुमार ने की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी ने भी संबोधित किया। इस दौरान एआरपी धनंजय सिंह, हर्ष श्रीवास्तव, बृजेंद्र सिंह, कामता अवस्थी, बीआरसी स्टाफ सहित प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र. उपस्थित रहे।

## निजी क्षेत्र में आरक्षण, जातीय जनगणना और ईडब्ल्यूएस समीक्षा की मांग



**बांदा।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन और सामाजिक संगठनों के कार्यकताओं ने वंचित, पिछड़े, दलित और आदिवासी समाज के अधिकारों को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी नियम 2026 को पूरी तरह लागू करने की मांग की। इस दौरान आजाद समाज पार्टी के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष किशन समुद्रे ने कहा कि उनका समाज पहले से ही शिक्षा में पीछे है। जो युवा बड़े विश्वविद्यालयों में पढ़ने जाते हैं, उनके साथ रैगिंग और उत्पीड़न होता है। कई छात्रों की जान तक चली गई है। इसे किसी के खिलाफ गद्दारी नहीं, बल्कि समानता के अधिकार की लड़ाई बताया। आरक्षण बढ़ाने और ईडब्ल्यूएस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई जगह ईडब्ल्यूएस की कटऑफ एससी से भी नीचे जा रही है। उन्होंने कॉलेजियम सिस्टम समेत कई अन्य मुद्दों को भी गंभीर समस्या बताया। किशन समुद्रे ने कहा कि अगर यूजीसी नियम वापस लेने की कोशिश की गई तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। नियम लागू कराने के लिए आंदोलन जारी रहेगा।

## पीएम के जन्मदिन पर मेडिकल कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान की धूम



**बहराइच।** प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय, बहराइच में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न स्वास्थ्य, सेवा एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं, सरकारी योजनाओं, स्वच्छता, रक्तदान, अंगदान, नशा मुक्ति और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में फल वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रातः 7 बजे से स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। एमबीबीएस एवं नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को स्वास्थ्य एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

नेत्र विभाग द्वारा अंगदान एवं नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चिकित्सा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए बैनर एवं पोस्टर लगाए जाएंगे। इसके अलावा रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता, नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम तथा विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी एवं सम्मेलन का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना के लिए आशीर्वाद एवं प्रार्थना कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। परिसर में फोटो एवं सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ करने के साथ ही आकर्षक सजावट भी की जाएगी।

**10 हजार दीपों से जगमगाएगा मेडिकल कॉलेज**

अभियान के तहत शाम 7 बजे 10,000 मिट्टी के दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम सेवा, संकल्प और जनकल्याण के संदेश के साथ आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम मा०जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होंगे।

**25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लगेगा हेल्थ कैंप**

सेवा संकल्प अभियान के क्रम में 25 सितंबर 2026 से 2 अक्टूबर 2026 तक हेल्थ कैंप का आयोजन चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा किया जाएगा। इस दौरान लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

फतेहपुर के जाफरगंज थाना क्षेत्र में रात पुलिस और 25,000 रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर अमित कुमार उर्फ टेनी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें वह बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया और गिरफ्तार कर लिया गया।जाफरगंज थाना पुलिस की टीम रुसिया रोड पर डिघरुवा गांव के पास गश्त कर रही थी, जहां उसका सामना डिघरुवा निवासी अमित कुमार उर्फ टेनी से हुआ। पुलिस का दावा है कि मुठभेड़ के दौरान अमित ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसे बाएं पैर में गोली लगी।आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड और इनाम अमित कुमार उर्फ टेनी पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह एक हिस्ट्रीशीटर के रूप में चिह्नित है; मीडिया रिपोर्टों में उसके खिलाफ लगभग 16 मुकदमों का जिक्र है।

वह कुछ दिनों पूर्व एक पुलिस मुकाबले मुठभेड़ संबंधी मुकदमे में वांछित चल रहा था और उस पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित था।बरामदगी और विधिक कार्रवाईपुलिस ने घायल अवस्था में गिरफ्तार अमित के कब्जे से 315 बोर का देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खाली कारतूस बरामद किया है। मामले में पुलिस ने 11 सितंबर को उसके खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 152/2026 दर्ज किया है, जिसमें धारा 109(1) बीएनएस और धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।अस्पताल में भर्ती और आगे की प्रक्रिया घायल अमित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जिला अस्पताल, फतेहपुर में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## रोजगार प्लेसमेंट 15 को

देवरिया । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बैतालपुर के प्रधानाचार्य वीके सहाय ने बताया कि फॉक्सकॉम आईटी लिमिटेड, देवनहल्ली, बेंगलुरु की ओर से संस्थान परिसर में प्लेसमेंट का आयोजन 15 सितंबर को पूर्वाह्न 10 बजे से किया जाएगा।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष को डीएम जसजीत कौर ने की विदुर ब्रांड की किट भेंट

जिला संवाददाता (वीओएल)



**बिजनौर।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण स्वास्थ्य, पोषण, स्वरोजगार व रोजगार पर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने स्कूल, विद्यालयों, होटल आदि ऐसे स्थान जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं वहां पास एक्ट के तहत आंतरिक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहां की हर पुरुष की तरक्की व प्रगति में महिलाओं की भागीदारी होती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत को बाल विवाह से मुक्त करने का लक्ष्य है और इसका 10 प्रतिशत कार्य इसी वर्ष किया जाना है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रत्येक त्रैमासिक जेंडर इक्वलिटी आदि की समीक्षा बैठक की जाए। महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए। नियमित ऑडिट किया जाए व योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। बैठक के दौरान पुलिस विभाग द्वारा व प्रशासनिक स्तर पर विभिन्न योजनाओं एक से संबंधित पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन की प्रस्तुति दी गई।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने अधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर निर्देशित किया। समीक्षा बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, जी राम, जी योजना, विभिन्न आवास योजनाएं, पाश एक्ट, पीडब्ल्यूडीवीए एक्ट 2005 वन स्टाफ सेंटर आदि योजनाओं व कार्यक्रमों की अधतन स्थिति प्रस्तुत की गई व दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर को जिला प्रशासन की ओर से विदुर ब्रांड की किट भेंट की गई तथा जिलाधिकारी जसजीत कोर को राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से भेंट दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी व आयोग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सांप के काटने से घर में सो रही बच्ची की मौत, चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप

**नगीना, बिजनौर।** घर में सो रही दस वर्षीय बच्ची को जहरीले सांप ने काट लिया। समय पर इलाज न मिलने से बच्ची ने तडप तडपकर दम तोड दिया। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और मोहल्ले में मातम छाया हुआ है।

नगीना थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय कस्बा निवासी बीनू कुरैशी की दस वर्षीय बेटी रूही बुधवार की रात घर के कमरे में सो रही थी। रात में किसी समय उसे किसी जहरीले सांप ने काट लिया। बच्ची की हालत बिगड़ती देख परिजन रूही को नगीना सरकारी अस्पताल ले गए। परिजनों का आरोप है कि सीएचसी की इमरजेंसी में डॉक्टर के न मिलने पर वह रूही को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात ले गए, वहां डॉक्टर ने बच्ची को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही रूही ने दम तोड दिया। परिजन बच्ची के शव को घर ले आए। रूही की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया और मोहल्ले में मातम पसर गया। सांप के कमरे में ही बंद होने की आशंका के चलते स्नेक रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। रेस्क्यू टीम ने बच्ची को काटने के लगभग 14 घंटे बाद उक्त बेहद जहरीले सांप को करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर सुरक्षित वास में छोड़ दिया।

## विशेष टीईटी में शामिल करनेऔर नियमितीकरण की मांग



**बांदा।** आदर्श समायोजित शिक्षक-शिक्षामित्र वेलफेयर एशोसिएसन जिला इकाई के अध्यक्ष फूल सिंह, महामंत्री राममिलन द्विवेदी, प्रवक्ता राजेश तिवारी, संरक्षक मूलचंद्र सोनी के नेतृत्व में शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए अव्यक्तराम तिवारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष फूल सिंह ने कहा कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत लगभग एक लाख 47 हजार शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान किया जाए। विशेष टीईटी का आयोजन में उन्हें शामिल किया जाए। सेवाकाल 62 वर्ष किया जाए, चिकित्सीय अवकाश दिए जाएं। जनपदीय व अंर्तजनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए।डीबीटीसी, टीईटी की अर्हता रखने वाले शिक्षामित्रों को नियमित अध्यापक बनाया जाए। इस दौरान मधु प्रजापति, प्रमोद कुमार सिंह, शिवबरन सिंह, पुष्पा सिंह, कल्पना निगम, रेनू बघेल, रामराज आदि मौजूद रहे।

# बैंक कर्मचारियों की हड़ताल, निजी बैंक भी बंद

जिला संवाददाता




**बांदा।** बैंक कर्मचारियों की लंबित मांगो के समर्थन में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स की एक दिवसीय हड़ताल का जिले में व्यापक असर रहा। यूपी बैंक एम्प्लाइज यूनियन के जिला मंत्री संयोजक कामरेड रावेंद्र कुमार शुक्ला नें बताया कि बैंक कर्मचारियों की लम्बे समय से लंबित मांगों के समर्थन व इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियन्स के बीच लिखित समझौते के बावजूद, डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंसियल सर्विसेज, मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस व भारत सरकार के द्वारा समझौतों के खुले उलंघन से निराश यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स की आज राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण सभी राष्ट्रीयकृत, प्राइवेट बैंको में पूरे दिन ताले लटकते रहे। सरकार की एकतरफा समझौते के विरुद्ध व भेदभाव पूर्ण बैंको के लाभ पर आधारित प्रोत्साहन योजना को तत्काल रोकना, सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन में समय के साथ बढ़ोत्तरी, उनके डीए में समरूपता, बैंकों में सप्ताह में पांच दिवसीय बैंकिंग, बैंको में कर्मचारी व अधिकारी निदेशकों की नियुक्ति आदि मांगों को लेकर एकदिवसीय बंदी रही।28, 29, 30 सितंबर को लगातार तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी, 26 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल की घोषणा बैंकिंग उद्योग के सात प्रमुख संगठनों के संयुक्त मंच, यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स नें की है। जिला इकाई नें शहर में इंडियन बैंक के जोनल ऑफिस के सामनें, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल ऑफिस के सामनें और कैनरा बैंक की स्टेशन रोड स्थित शाखा के सामने प्रदर्शन किया।सैकड़ों की संख्या में जिले में कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों नें हिस्सा लेकर सरकार के प्रति गुस्से का इजहार किया। रावेंद्र कुमार शुक्ला, नरेंद्र कश्यप, कुलदीप यादव, आशिफ नजमीं, शशिकांत गुप्ता, अरुण अम्बेडकर, दीपक गुप्ता, पराग वर्मा, शिवानी गुप्ता, ईशा सर्राफ, राजेश कुमार, राकेश गुप्ता, अजीत सोनकर, मोहित गुप्ता, सुधीर शुक्ला, ऋषि शुक्ला, महेश चैरसिया, बबलू, चंद्रशेखर, अशोक, गोविंद, इंद्राज यादव, कुलदीप सोनी, नमन गुप्ता, नवल किशोर, संतोष सविता, जितेंद्र सागर, राजकुमार, दिनेश कुमार आदि हिस्सा लिया।

> ● लेन-देन रहा ठप, 5 दिन बैंकिंग समेत कई मांगों को लेकर प्रदर्शन

# चिलवरिया में सभी ट्रेनों के ठहराव की मांग, फुटब्रिज नहीं, ओवरब्रिज चाहिए

जिला संवाददाता

**बहराइच।** चिलवरिया रेलवे स्टेशन पर सभी ट्रेनों के ठहराव और फुटब्रिज के स्थान पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय लोगों की आवाज मुखर होने लगी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि चिलवरिया के समग्र विकास के लिए बेहतर रेल और सड़क संपर्क बेहद जरूरी है। ट्रेनों का ठहराव बढ़ने से जहां यात्रियों को सुविधा मिलेगी, वहीं बाजार और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है।स्थानीय लोगों के मुताबिक चिलवरिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के पर्याप्त ठहराव नहीं होने से यात्रियों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए दूसरे स्टेशनों का रुख करना पड़ता है। ऐसे में स्टेशन पर अधिक से अधिक ट्रेनों का ठहराव क्षेत्र की प्रमुख जरूरत बन गया है।फुटब्रिज से अधिक उपयोगी होगा ओवरब्रिजक्षेत्रवासियों का कहना है कि फुटब्रिज की अपनी सीमाएं हैं। सीढ़ियों के कारण बुजुर्गों, दिव्यांगों और भारी सामान लेकर चलने वाले यात्रियों को परेशानी हो सकती है। इसके विपरीत ओवरब्रिज बनने से सड़क संपर्क बेहतर होने के साथ आसपास के क्षेत्रों और बाजारों तक आवागमन सुगम हो सकता है।व्यापार को भी मिलेगा फायदालोगों का मानना है कि चिलवरिया स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव से यात्रियों की आवाजाही बढ़ेगी। इसका सकारात्मक असर स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों पर पड़ सकता है। विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है।

क्षेत्रवासियों ने रेलवे और संबंधित अधिकारियों से चिलवरिया स्टेशन की आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए ट्रेनों के ठहराव तथा ओवरब्रिज निर्माण की दिशा में पहल करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह किसी व्यक्ति विशेष की मांग नहीं, बल्कि चिलवरिया के विकास और जनसुविधाओं से जुड़ा मुद्दा है।लोगों ने मांग किया है कि सभी ट्रेनों का ठहराव हो, ओवरब्रिज बनाया जाए जिससे चिलवरिया विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके।

> ● स्थानीय लोगों ने उठाई आवाज, बोले- स्टेशन के विकास से व्यापार और विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

## जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं समस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया । जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।

## अक्षय त्रिपाठी का तबादला, अब राजेश कुमार पांडेय होंगे बहराइच के नये डीएम

**बहराइच।** राजेश कुमार पांडेय करीब 3 साल तक जालौन के डीएम रहे। जल संरक्षण के कार्यों को मिली राष्ट्रीय पहचान। जल संरक्षण के उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कर चुकी हैं सम्मानित। गौशालाओं में उउळश निगरानी और जनसुनवाई व्यवस्था पर दिया जोर। अब बहराइच में विकास, जनसुनवाई और प्रशासनिक व्यवस्था को आगे बढ़ाने की होगी जिम्मेदारी।? बहराइच को नए जिलाधिकारी के रूप में मिलेगा राजेश कुमार पांडेय का प्रशासनिक अनुभव।

# नेटवर्क को लेकर टावर कर्मी बंधक


**फतेहपुर।** जिले के थाना बिंदकी क्षेत्र में ग्राम हरदौली के निवासियों ने मोबाइल नेटवर्क की लंबित समस्या को लेकर जियो टावर के एक तकनीशियन को बंधक बना लिया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई। घटना का समय व स्थानः यह घटना गुरुवार शाम को कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के हरदौली गांव में घटी।शिकायत का मूल कारणः ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में करीब दो वर्ष पूर्व मोबाइल टावर लगाया गया था, लेकिन क्षेत्र में 5ऋनेटवर्क उपलब्ध नहीं हो रहा है और मोबाइल कनेक्टिविटी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है।विरोध का तरीकाः नाराज ग्रामीणों ने टावर कर्मी को टावर परिसर में ही रोक लिया और कुछ समय के लिए खंभे टावर संरचना से बांध दिया। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं आते और आश्वासन नहीं देते, तब तक कर्मचारी को नहीं छोड़ा जाएगा।वीडियो वायरलः घटना का वीडियो स्थानीय व्यक्तियों द्वारा बनाया गया और सोशल मीडिया पर तेजी से फैला, जिसके बाद प्रशासनिक स्तर पर हड़कंप मच गया।पुलिस कार्रवाई और गिरफ्तारी तत्काल हस्तक्षेपः वीडियो वायरल होते ही 112 हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तकनीशियन को ग्रामीणों के कब्जे से मुक्त कराया। तकनीशियन की शिकायत पर थाना बिंदकी में अज्ञात ग्रामीणों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (इठर) की सुसंगत धारा—मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार धारा 127(2) इठर में अभियोग पंजीकृत किया गया। हिरासत में लिए गएः पुलिस ने प्रकरण से जुड़े पांच व्यक्तियों को हिरासत में लिया है और उनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधीक्षक का बयान पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने मामले पर बयान देते हुए कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आए इस प्रकरण में तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया। उन्होंने बताया कि अभियोग पंजीकृत होने के बाद पांच संबंधित व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्वाई की जा रही है।

## राज्य सेक्टर योजना के तहत रिवर रैंचिंग कार्यक्रमआयोजित



**बहराइच।** मत्स्य विभाग की ओर से विकास खण्ड हुजूरपुर अन्तर्गत भंगहा में सरयू नदी के तट पर स्थित बाबाघाट पर राज्य सेक्टर योजनान्तर्गत संचालित रिवर रैचिंग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी द्वारा 50 हजार मत्स्य अंगुलिकाओं का संचय सरयू नदी में किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य बाबू राम, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार निषाद, ग्राम प्रधान सुनील कुमार निषाद, मत्स्य निरीक्षक दीपक मिश्रा, बृजेश कुमार निषाद, शिवराज निषाद व पंकज निषाद र्यकर्ता मौजूद रहेकार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि जिले में राज्य सेक्टर योजनान्तर्गत एक विशेष गतिविधि प्रारम्भ की गई हैं। उन्होंने कहा कि संचय कार्यक्रम से नदियों में मछली के उत्पादन को विस्तार मिलेगा जिससे लोग जलस्त्रोतों व नदियों के महत्व को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे। उन्होंने कहाकि ऐसे आयोजनों से आमजन को भूमि और पानी के बेहतर उपयोग से कृषि के साथ विविधीकरण अपना कर मछली उत्पादन से अतिरिक्त आय के लिए प्रेरणा मिलेगी।

## साइकिल बनवाने निकला किशोर लापता



**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के सथरियाव गांव से चार दिन पूर्व घर से साइकिल बनवाने के लिए निकले किशोर का अभी तक पता न चलने पर परिजनों ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।प्रार्थना पत्र में गुमशुदा किशोर योगेश कुमार के पिता महेंद्र ने बताया कि उसका लड़का सरस्वती बल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंश पुरम में कक्षा 11 में अध्यनरत था और 6 सितंबर 2026 की सुबह घर से साइकिल बनवाने के लिए निकला था देर शाम तक जब वह वापस न लौटा तो परिजन चिंतित हुए और उसकी खोज में लग गए लगातार रिश्तेदारों व अन्य जगहो पर तलाश के बाद भी योगेश का कोई अता-पता ना चला तो वह थाने जाकर उसके गुम होने की सूचना दी जिस पर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी और साथरियांव मार्ग पर साहू चक्की के पास से बाल मंदिर इंटर कॉलेज वाले मार्ग पर लगे सीसी कैमरा में योगेश को साइकिल से जाते देखा गया लेकिन बांदा टांडा मार्ग पर योगेश किस तरफ गया इसका कोई पता ना लग सका।पुलिस ने जयरामनगर चौराहे के तमाम सीसी कैमरो को देखने का प्रयास किया लेकिन सभी कैमरे खराब निकले जिससे पुलिस की जांच वहीं पर रुक गई। बताते हैं कि लापता किशोर के मोबाइल पर कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा के दो मैसेज मिले हैं जिसके आधार पर पुलिस ने छात्रा के परिजनों को बुलाकर भी पूछताछ की थी लेकिन उसे कोई सफलता हासिल नहीं लगी जिससे कि परिजनों की चिंता और बढ़ गई और वह योगेश की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं।

संक्षेप

## महिला नेतृत्व पर एक बाध्यकारी घोषणा की भाषा की मांग

नई दिल्ली। ब्रिक्स प्लस देशों में महिलाओं का नेतृत्व आगे बढ़ाने के लिए बाध्यकारी घोषणा की भाषा और संस्थागत तंत्र जरूरी हैं। यह बात महिला नेताओं के एक उच्च स्तरीय पैनल ने ब्रिक्स प्लस डायलॉग 2026 में कही। 18वें ब्रिक्स समिट से पूर्व इस कार्यक्रम का आयोजन गैर लाभकारी संस्था ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा की गई जो ब्रिक्स प्लस और साझीदार देशों में व्यापार एवं वाणिज्य को बढ़ावा देती है। हाशिए से मुख्यधारा तकः ब्रिक्स नवाचार पारितंत्र में महिलाओं के नेतृत्व को संस्थागत रूप देना विषय पर आयोजित सत्र के लिए इस संस्था के वुमेन्स बिजनेस एलायंस (डब्लूबीए) चैप्टर्स और संस्थागत समुदाय से प्रमुख नेता एकत्रित हुए।

## पुलिस के लिए फुटवियर कलेक्शन लॉन्च

नई दिल्ली। 'वैलेंटिनो' ने खास तौर पर पुलिस के लिए एक कलेक्शन पेश किया है। इसे पुलिस में काम करने वाले पुरुषों और महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। हाल ही में, एक्टर और फि टनेस के शौकीन अक्षय कुमार ने महाराष्ट्र पुलिस के लिए ज्यादा आरामदायक जूते की मांग की है, जिससे बेहतर पुलिस फुटवियर की जरूरत पर ज्यादा ध्यान दिया जाने लगा है। कुमार ने बताया कि कैसे आम तौर पर इस्तेमाल होने वाले सख़्त सोल और हील वाले जूते पुलिसकर्मियों के लिए दौड़ने और देर तक चलने-फिरने में मुश्किल पैदा कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर जूते से अफसर तेजी से चल-फिर सकेंगे और अपनी ड्यूटी ज्यादा बेहतर ढंग से निभा सकेंगे।

## बीआईएस मानकों के अनुरूप हेलमेट अनिवार्य

गाजियाबाद। उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और मानक-अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराने तथा भारतीय मानक ब्यूरो के मानक चिह्न के दुरुपयोग पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से भारतीय मानक ब्यूरो की गाजियाबाद शाखा ने जिले में बड़ी प्रवर्तन कार्रवाई की है। बीआईएस की टीमों ने गाजियाबाद के लोनी और मोहननगर क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर तलाशी एवं जब्ती अभियान चलाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन उत्पादों पर ऐसे बीआईएस लाइसेंस नंबर का इस्तेमाल किया जा रहा था, जो पहले ही रद्द किया जा चुका था। इस तरह रद्द लाइसेंस नंबर के माध्यम से आईएसआई मार्क का इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया है। बीआईएस की कार्रवाई में गाजियाबाद, दिल्ली और नोएडा शाखाओं की संयुक्त टीमें शामिल रहीं। इसलिए हेलमेट की गुणवत्ता और उसका निर्धारित मानकों के अनुरूप होना बेहद महत्वपूर्ण है।

## फ्लिपकार्ट मिनट्स का विस्तार 150 से अधिक शहरों तक हुआ

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट की क्विक कॉमर्स पेशकश, फ्लिपकार्ट मिनट्स को 2 साल पूरे हो चुके हैं। अगस्त, 2024 में अपने लॉन्च के बाद से इस प्लेटफॉर्म ने साल दर साल 4 गुना की वृद्धि हासिल की है और इसका विस्तार 150 से अधिक शहरों में लगभग 1,200 माईक्रो फुलफिलमेंट सेंटर्स तक हो चुका है। इस प्लेटफॉर्म ने अपनी शुरूआत के बाद से अब तक 4 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियाँ दी हैं। वहीं, फ्लिपकार्ट मिनट्स के लगभग 60 प्रतिशत ग्राहक इस प्लेटफॉर्म पर खरीददारी करने के लिए वापस आते हैं। इससे देश में क्विक कॉमर्स का बढ़ता एडॉप्शन प्रदर्शित होता है। इस विकास में टियर 2+ बाजारों का महत्वपूर्ण योगदान है। प्लेटफॉर्म के कस्टमर बेस में लगभग 25 गुना ही सालाना वृद्धि हुई है। इन बाजारों में मांग भी लगातार बढ़ रही है, जिसमें ग्राहक दैनिक जरूरत की वस्तुओं के साथ कोरियन नूडल्स, सॉस और रेडी-टू-ईट मील्स एवं प्रीमियम स्किनकेयर और पर्सनल केयर कैटेगरीज में भी सामान खरीद रहे हैं। फ्लिपकार्ट मिनट्स पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले ग्राहक जेन जी कैटेगरी से हैं। इस प्लेटफॉर्म पर जेन जी कस्टमर बेस पिछले 12 महीनों में लगभग 5 गुना बढ़ा है, जो ब्यूटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, गेमिंग, वियरेबल्स, फ्रैग्रेंस, हैल्थ एवं न्यूट्रिशन और ग्रूमिंग कैटेगरीज में 45 प्रतिशत से अधिक ऑर्डर देते हैं। फ्लिपकार्ट मिनट्स पिछले दो सालों में एक सुविधा बढ़ाने वाली पेशकश की बजाय एक व्यापक शॉपिंग चैनल बन गया है। इसका दायरा दैनिक जरूरत की वस्तुओं से काफी बड़ा हो चुका है।

# सेंसेक्स में 121 अंकों की गिरावट




मुंबई। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को कारोबार के दौरान करीब एक प्रतिशत तक गिरने के बाद संभल गए और मामूली नुकसान के साथ बंद हुए। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों में नरमी और एचडीएफसी बैंक तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनयों के शेयर में खरीदारी से बाजार को निचले स्तर से उबरने में मदद मिली।

बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 120.83 अंक यानी 0.16 प्रतिशत गिरकर 74,781.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 742.43 अंक यानी 0.99 प्रतिशत तक गिरकर 74,160.16 अंक पर आ गया था। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 79.70 अंक यानी 0.34 प्रतिशत गिरकर 23,398.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 246.4 अंक यानी 1.04 प्रतिशत तक गिरकर 23,231.40 अंक पर आ गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटर्नल और इन्फोसिस के शेयर चढ़कर बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.19 प्रतिशत गिरकर 104.2 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसके पहले ब्रेंट क्रूड 108 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया था। यूरोपीय बाजारों में सकारात्मक शुरुआत के बाद चुनिंदा क्षेत्रों, खासकर आईटी में मूल्य-आधारित खरीदारी आने से बाजार दिन के निचले स्तर से उबर गया। हालांकि, बाजार में बढ़त वाले शेयरों की कमजोर संख्या बताती है कि व्यापक स्तर पर बाजार में अभी भी सुधार जारी है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और भू-राजनीतिक अनिश्चितता बाजार में उतार-चढ़ाव को बढ़ा सकती हैं। हालांकि, घरेलू अर्थव्यवस्था के मजबूत बुनियादी कारक और संस्थागत निवेशकों का समर्थन निचले स्तरों पर खरीदारी का मौका दे रहा है। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.67 प्रतिशत गिरा, जबकि मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.07 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल एस्टेट क्षेत्र में 2.69 प्रतिशत, धातु में 2.40 प्रतिशत, जिंस में 1.61 प्रतिशत, ऊर्जा में 1.06 प्रतिशत, यूटिलिटी में एक प्रतिशत और वाहन क्षेत्र में 0.88 प्रतिशत की गिरावट रही। वित्तीय सेवाएं, निजी बैंक, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), दूरसंचार, बैंकएक्स और फोकस्ड आईटी सूचकांक बढ़त में रहे।

# विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 44.9 अरब डॉलर बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में रिकॉर्ड 44.90 अरब डॉलर उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 11.47 अरब डॉलर बढ़कर 740.80 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इस साल की शुरुआत में पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट आ रही थी। उस दौरान रुपये पर दबाव बढ़ने के कारण आरबीआई को डॉलर की बिक्री के जरिये विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा था। हालांकि, घरेलू मुद्रा में तेज गिरावट के बीच आरबीआई ने इस साल जून में रियायती दर पर विदेशी मुद्रा अदला-बदली की योजनाओं की घोषणा की, जिसके बाद विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ना शुरू हुआ। इस कदम से 136 अरब डॉलर से अधिक का नया पूंजी प्रवाह हुआ है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 47.498 अरब डॉलर बढ़कर 648.17 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में बताई जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की कीमत में होने वाली बढ़ोतरी या गिरावट का असर भी शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.59 अरब डॉलर घटकर 113.82 अरब डॉलर रह गया। वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 40 लाख डॉलर घटकर 18.81 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह के अंत में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आरक्षित स्थिति 20 लाख डॉलर बढ़कर 4.92 अरब डॉलर हो गई।

# बैंकर बही साक्ष्य अधिनियम एक अक्टूबर से होगा लागू

नयी दिल्ली। बैंकिंग रिकॉर्ड को साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल करने के लिए आधुनिक कानूनी ढांचा उपलब्ध कराने वाला बैंकर बही साक्ष्य अधिनियम, 2026 एक अक्टूबर से लागू हो जाएगा। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 10 सितंबर को जारी अधिसूचना के जरिये एक अक्टूबर, 2026 को इस कानून के प्रावधानों के लागू होने की तारीख तय की गई है। राष्ट्रपति ने पिछले महीने इस कानून को मंजूरी दी थी।

यह कानून समकालीन बैंकिंग गतिविधियों के अनुरूप बैंकिंग रिकॉर्ड के साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल के लिए आधुनिक ढांचा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि कानून में प्रौद्योगिकी-तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया गया है। इसके तहत भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, वर्चुअल, क्लाउड आधारित और अन्य आधुनिक स्वरूपों में रखे गए बैंकिंग रिकॉर्ड को मान्यता दी गई है।

इसमें बैंकिंग रिकॉर्ड के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को भी सरल और एकरूप बनाया गया है। रिकॉर्ड के प्रमाणीकरण के लिए मैनुअल, डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर का इस्तेमाल किया जा सकता है। मंत्रालय के मुताबिक, ऐसे मामलों में बैंक अधिकारियों को अदालत में बुलाने के संबंध में भी अधिक स्पष्टता दी गई है।

# रुपया पांच पैसे टूटकर 95.57 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे की गिरावट के साथ 95.57 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की कीमत में सुधार और भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से रुपये को मदद मिली।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और कच्चे तेल की उंची कीमत रुपये पर दबाव डाल रही हैं। रुपया शुक्रवार को लगातार पांचवें सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबारियों ने बताया कि रुपया गिरावट के साथ खुला लेकिन आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप, घरेलू शेयर बाजार में दिन के निचले स्तर से मामूली सुधार और उंचे स्तर पर कच्चे तेल में मुनाफावसूली से उसने कुछ नुकसान की भरपाई की। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 95.70 पर खुला और बाद में 95.79 के निचले स्तर पर आ गया। हालांकि, बाद में स्थानीय मुद्रा ने नुकसान की भरपाई की और दिन के उच्च स्तर 95.51 प्रति डॉलर पर पहुंची। रुपया अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे की गिरावट के साथ 95.57 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपया बृहस्पतिवार को 44 पैसे टूटकर 95.52 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।, रुपया अपनी गिरावट जारी रखते हुए... 15 मई के बाद से अपने सबसे बड़े साप्ताहिक नुकसान की ओर बढ़ा है। इसकी वजह कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि और बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ना है। उन्होंने कहा कि निकट अवधि में डॉलर के मुकाबले रुपया का हाजिर भाव 95.80 से 95.15 के आसपास रह सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत बढ़कर 99.13 पर आ गया।

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 3.28 प्रतिशत टूटकर 104.10 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# मौद्रिक समीक्षा बैठक में वृद्धि, मुद्रास्फीति की स्थिति का नये सिरे से करेंगे आकलनः मल्होत्रा

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अगले महीने अपनी बैठक में वृद्धि और मुद्रास्फीति की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करेगी।


मल्होत्रा ने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का मुद्रास्फीति पर असर पड़ेगा, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि बढ़ी हुई लागत का कितना बोझ उपभोक्ताओं पर डाला जाता है। कच्चे तेल के दाम बढ़े हैं। भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत जुलाई में 82 डॉलर प्रति बैरल थी जो अगस्त में बढ़कर 90 डॉलर प्रति बैरल हो गई। इसका निश्चित रूप से कुछ असर होगा, लेकिन यह फिर से लागत के उपभोक्ताओं तक पहुंचने पर निर्भर करेगा। मल्होत्रा ने कहा कि सरकार ने काफी हद तक इस झटके को अपने ऊपर लिया और उसका असर कम किया है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था इस स्थिति से अच्छी तरह निपटी है। उन्होंने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति पर नजर रखेगा। जोखिम दोनों तरफ हैं... एमपीसी करीब एक महीने में जब बैठक करेगी, तब वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करेगी। मैं अपना आकलन नहीं बताना चाहता। एमपीसी की अगली बैठक पांच से सात अक्टूबर, 2026 को होनी है।

# यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की हड़ताल से झारखंड में बैंक सेवाओं पर पड़ा असर

रांची। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की तरफ से विभिन्न मांगों को लेकर बुलाई गई देशव्यापी हड़ताल में कर्मचारियों के शामिल होने के कारण शुक्रवार को झारखंड में, विशेषकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहीं।

हालांकि, राज्य में निजी बैंकों की सेवाएं हड़ताल से प्रभावित नहीं हुईं। बैंक ऑफ इंडिया एम्प्लॉइज यूनियन के झारखंड क्षेत्र के उप महासचिव उमेश दास ने कहा कि राज्य में राष्ट्रीयकृत बैंकों, भारतीय स्टेट बैंक और ग्रामीण बैंकों की शाखाओं में नकदी जमा और निकासी, चेक निपटान तथा प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की प्रमुख मांग सभी शनिवार को अवकाश घोषित करना और पांच दिन का कार्यसप्ताह लागू करना है। यह मांग मार्च, 2024 में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के साथ हुए 12वें द्विपक्षीय समझौते में कथित तौर पर स्वीकार की गई थी, लेकिन इसके लिए सरकार की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है। दास ने कहा कि शीर्ष स्तर के कुछ अधिकारियों को छोड़कर लगभग सभी कर्मचारी हड़ताल पर रहे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) नीति में एकरूपता, पेंशन में संशोधन एवं सुधार, सभी पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते की एक समान गणना तथा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के दायरे में आने वाले कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) में जाने का विकल्प देने की भी मांग कर रहे हैं। स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन की सदस्य नेहा श्रीवास्तव ने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो कर्मचारी 28 सितंबर से 30 सितंबर तक तीन दिन की हड़ताल करेंगे और 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।

## एमएनआरई ने आयोजित किया बीआरई समिट 2026 रोडशो



लखनऊ। जयपुर, मुंबई, हैदराबाद, अहमदाबाद और बेंगलुरु में आयोजित पाँच क्षेत्रीय रोडशो से प्राप्त उत्साह और गति को आगे बढ़ाते हुए, सरकार, उद्योग और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी हस्तियाँ आज विश्व के सबसे बड़े अक्षय ऊर्जा समिट एवं एक्सपो भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो, 2026 की क्षेत्रीय रोडशो श्रृंखला के छठे संस्करण के लिए लखनऊ में एकत्रित हुईं। लखनऊ संस्करण ने इस जनसंपर्क अभियान को एक विशिष्ट क्षेत्रीय आयाम प्रदान करते हुए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के प्रतिनिधियों को एक साझा मंच पर साथ लाया तथा भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में उत्तर भारत की बढ़ती भूमिका को चर्चा के केंद्र में स्थापित किया। 2 से 5 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन असेंबली के 9वें सत्र तथा ग्रीन हाइड्रोजन पर चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के साथ किया जाएगा।

# भारत को 2047 तक विकसित देश बनने को समावेशी वृद्धि की जरूरत

मुंबई। भारत ने आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है और 2047 तक विकसित देश बनने के लिए उसे समावेशी वृद्धि की जरूरत है।

कुछ राज्यों ने स्वास्थ्य और शिक्षा के मानकों पर भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन कुछ राज्य पीछे रह गए हैं, इसलिए हमें उन पर भी ध्यान देने की जरूरत है। आर्थिक समावेश के जरिये 2047 तक समृद्धि हासिल करने के लिए भारत के पास मजबूत आधार है। इसके तहत सभी लोगों को उचित शिक्षा और लाभकारी रोजगार या उद्यमिता के लिए कौशल तक पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। हम विकसित राष्ट्र बनने के लिए समावेशी वृद्धि चाहते हैं...। साथ ही, आय के स्तर पर जब आप प्रति व्यक्ति आय को मापते हैं, तो केवल इतना ही पर्याप्त नहीं है... हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आबादी के सबसे निचले 10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत में वास्तव में कितने लोग हैं। प्रौद्योगिकी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि कोई नहीं जानता कि भविष्य कैसा होगा। जो नई प्रौद्योगिकी आई है और जो आगे आएगी, वह मानव उत्पादकता में वृद्धि करेगी और जब उत्पादकता बढ़ेगी तो आय भी बढ़ेगी। इसलिए इसका वितरण होना चाहिए, जब तक कि कुछ लोग इसका लाभ अपने तक सीमित न कर लें। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि सरकार नियमन के जरिये प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगी और बाजार में गड़बड़ी, एकाधिकार या अल्पाधिकार की अनुमति नहीं देगी। इसी कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक राम मोहन राव अमारा ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा बैंक प्रधानमंत्री जन धन योजना के बैंक खातों में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। हम देख पा रहे हैं कि इन खातों की शुरुआत भले ही शून्य शेष राशि के साथ हुई थी, लेकिन अब इन खातों में औसत शेष राशि 5,000 रुपये है। इसलिए अब हम इन ग्राहकों को बचत से बीमा सुरक्षा की ओर ले जाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

पेज एक का शेष

## देशव्यापी हड़ताल

आई। मध्य प्रदेश बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहनकृष्ण शुक्ला ने पीटीआई-भाषा से कहा कि राज्य की 8,707 बैंक शाखाओं में से करीब 7,000 शाखाओं के लगभग 42,000 कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल में शामिल हुए।

हिमाचल प्रदेश में बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। यूएफबीयू के राज्य संयोजक नरेंद्र शर्मा और ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (एआईबीओसी) के राज्य अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने शिमला में जारी बयान में कहा कि बैंक कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल करने को मजबूर हुए। झारखंड में भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सेवाएं प्रभावित रहीं। बैंक ऑफ इंडिया एम्प्लॉईज यूनियन, झारखंड के उप महासचिव उमेश दास ने कहा कि राष्ट्रीयकृत बैंकों, भारतीय स्टेट बैंक और ग्रामीण बैंकों की शाखाओं में नकद जमा, निकासी, चेक निपटान और प्रशासनिक कार्य प्रभावित हुए।

ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन के महासचिव रूपम रॉय ने कहा कि यदि सरकार मांगों पर विचार नहीं करती है तो 28 सितंबर से तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल की जाएगी।

## खराब सड़कों

एवं शहरी नियोजन तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ काम करने पर जोर दिया। विभाग के प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि गड्ढामुक्ति अभियान में 09 विभागों के मार्ग शामिल हैं। इन विभागों के अधीन करीब 4.36 लाख किलोमीटर सड़कें हैं। वर्तमान लक्ष्य के तहत करीब 50 हजार किलोमीटर मार्गों को गड्ढामुक्त किया जाना है, जिसमें अब तक करीब 5,751 किलोमीटर पर काम पूरा किया जा चुका है। क्षतिग्रस्त मार्गों के सर्वे के बाद विभागवार लक्ष्य को अंतिम रूप दिया जाएगा। नवीनीकरण और विशेष मरम्मत के कार्यों की भी समीक्षा की गई। विभाग के अनुसार नवीनीकरण के लिए करीब 30 हजार किलोमीटर और विशेष मरम्मत के लिए करीब 5 हजार किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है। अब तक नवीनीकरण में करीब 14 हजार किलोमीटर और विशेष मरम्मत में करीब 700 किलोमीटर की प्रगति बताई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन से सीधे जुड़ी है। शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, मुख्य बाजारों, सरकारी कार्यालयों और ऐसे अन्य स्थानों, जहां आमजन का आवागमन अधिक रहता है, वहां की सड़कों को प्राथमिकता पर लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन मार्गों पर तत्काल काम शुरू कराया जाए और जहां मरम्मत की जरूरत है, वहां बिना देरी किए सड़क को आवागमन योग्य बनाया जाए। उन्होंने कहा कि काम में तेजी के साथ गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए।

## ब्रिक्स सम्मेलन

प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिजों और जैव प्रौद्योगिकी में नई क्षमताओं का उल्लेख किया। मोदी ने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए विनिर्माण केंद्र के साथ-साथ प्रौद्योगिकी और नवाचार के स्रोत के रूप में पेश किया। और कहा, मेक इन इंडिया, भारत के साथ नवाचार करें और दुनिया के लिए विस्तार करें।

प्रधानमंत्री ने भारत को विनिर्माण आधार और वैश्विक बाजारों के लिए प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के स्रोत के रूप में प्रस्तुत किया।

उन्होंने ब्रिक्स सहयोग के लिए भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) को एक मंच के रूप में उपयोग करने की बात भी कही। मोदी ने यूपीआई के व्यापक स्तर पर प्रसार का जिक्र किया और कहा कि ब्रिक्स नवप्रवर्तक अपने स्वयं के बाजारों के अनुकूल डिजिटल समाधान विकसित करने के लिए भारत के अनुभव का लाभ उठा सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने भारत में दो लाख से अधिक स्टार्टअप और 120 से अधिक यूनिकॉर्न का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रिक्स को ऐसे नवाचारों को वैश्विक बाजारों में ले जाने में मदद करनी चाहिए। भारत की अध्यक्षता के तहत की गई पहलों में ब्रिक्स इनक्यूबेटर नेटवर्क, ब्रिक्स एमएसएमई पोर्टल और ब्रिक्स स्टार्टअप इनोवेशन फंड के साथ ही कृषि, स्वास्थ्य सेवा, कौशल और स्मार्ट ग्रिड में नए सहयोग नेटवर्क शामिल हैं। व्यापार संपर्क एक अन्य केंद्रीय विषय था। मोदी ने कहा कि भारत ने 2014 से अब तक लगभग 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं और उन्होंने तर्क दिया कि ब्रिक्स को भी इसी तरह बाधाओं को कम करने और कंपनियों के लिए अवसरों का विस्तार करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने वैश्विक व्यापार के लिए सुरक्षित समुद्री रास्ते और खुले आपूर्ति मार्गों के महत्व पर भी जोर दिया तथा नौवहन की स्वतंत्रता और नाविकों की सुरक्षा के लिए भारत के समर्थन को दोहराया।

## पीएम मोदी

किया। पुतिन के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार सुबह नयी दिल्ली पहुंचने के कुछ घंटे बाद दोनों नेताओं के बीच वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेता भारत मंडपम परिसर के भीतर एक ही कार में सवार होकर कारोबारी मंच के आयोजन स्थल पर पहुंचे। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, विभिन्न क्षेत्रों में गहरे सहयोग को बनाए रखने के अपने दृढ़ संकल्प का संकेत देते हुए दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के प्रयास जारी रखने पर सहमति जताई। बयान में कहा गया कि यह साझेदारी महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज कर रही है और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच भी मजबूत बनी हुई है।

## भारत की

स्थानीय कारीगरों को बढ़ावा देना और उन्हें बड़े बाज़ारों से जोड़ना है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में एक जिला- एक उत्पाद प्रभाग में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनिया दुहन ने पीटीआई. भाषा को बताया, "एक ज़िला- एक उत्पाद के तहत, सभी राज्य मिलकर काम कर रहे हैं। इस पहल में सभी 36 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। इसमें 750 से ज़्यादा ज़िले शामिल हैं और हर ज़िले से एक उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय स्तर पर हम इन उत्पादों को बढ़ावा देने, उनके विकास में मदद करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर काम करते हैं। हम पैकेजिंग जैसी चीज़ों पर भी काम करते हैं और उनके निर्यात को आसान बनाने के तरीके खोजते हैं। इस पहल में कई तरह के उत्पाद शामिल हैं जिसमें कृषि क्षेत्र, हथकरघा, हैंडलूम, वस्त्र और सेवा क्षेत्र खास तौर पर प्रमुख है। एक ज़िला- एक उत्पाद पहल के तहत आयोजित प्रदर्शनी में प्रदर्शित 70 उत्पाद भारत की विविधता को बखूबी दिखाते हैं। इनमें सहारनपुर की काष्ठ कला, पीतल की ढलाई और शतरंज के बोर्ड, लखनऊ की ज़री-ज़रदोज़ी और राजस्थान के मेवाड़ इलाके की पिछवाई कला से सजे उत्पाद शामिल हैं। यह प्रदर्शनी देश के 770 ज़िलों के 1,200 से ज़्यादा अनोखे उत्पादों को दुनिया भर में बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।

## ब्रिक्स में

(जीडीपी) का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा ब्रिक्स देशों से आया, जबकि जी7 की हिस्सेदारी 29 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि इस अवधि में वैश्विक आर्थिक वृद्धि में ब्रिक्स देशों का योगदान आधे से भी अधिक रहा।

उन्होंने कहा कि आर्थिक वृद्धि के पारंपरिक केंद्रों की जगह अब नए वृद्धि केंद्र ले रहे हैं। पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स का बढ़ता आर्थिक सहयोग अन्य देशों को बाहर करने के बजाय सदस्य देशों के राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने के लिए है। सरकारों, कारोबार और शैक्षणिक जगत के बीच सहयोग से ब्रिक्स नवाचार और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के आधार पर वैश्विक वृद्धि के लिए एक मजबूत मंच तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा, इस वृद्धि के सबसे महत्वपूर्ण तत्व किसी पर बाहर से नहीं थोपे जा रहे हैं। पुतिन ने भारत की कंपनी महिंद्रा को ब्रिक्स की कारोबारी सफलता के कई उदाहरणों में से एक बताया। उन्होंने चीन की हुआवेई, ब्राजील की एम्ब्रेयर, संयुक्त अरब अमीरात की टीपीओ और रूस की रोसाटॉम के साथ महिंद्रा के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और एआई क्षेत्र में काम का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों का उभार ब्रिक्स समूह के बड़े घरेलू बाजारों, तेजी से हो रहे शहरीकरण और बढ़ती प्रौद्योगिकी क्षमताओं की ताकत को दर्शाता है।

## वैश्विक व्यापार

का एक पूरक इंजन बनाने के लिए करना चाहता है। साथ ही, वह अमेरिका और अन्य पश्चिमी ताकतों के संवेदनशील रुख का भी ध्यान रख रहा है, खासकर व्यापार और ऊर्जा के क्षेत्रों में। ब्रिक्स के अध्यक्ष के तौर पर, भारत ने ग्लोबल साउथ को अपने एजेंडे में सबसे अहम जगह दी है। इसका मकसद मुख्य रूप से विकासशील देशों को यूक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्षों से होने वाले आर्थिक असर से बचाना है, जिसके लिए भारत खाद्य सामग्री, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक समाधान तलाश रहा है।

शी और पुतिन के अलावा, नयी दिल्ली ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले अन्य नेताओं में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबिय अहमद अली और वियतनाम के प्रधानमंत्री ले मिन्ह हंग शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूटीओ) के महानिदेशक नगोजी ओकोन्जो-इवेला, डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस, न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के अध्यक्ष डिल्मा रूसेफ और एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक के प्रमुख जो जियायी भी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

## पीएम मोदी

हुई। राष्ट्रपति के रूप में पेजेश्कियान की यह पहली भारत यात्रा है। पेजेश्कियान का यह दौरा इसलिए अहम है क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब ईरान के खिलाफ अमेरिका द्वारा नए दंडात्मक आर्थिक उपाय लागू किए जाने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव फिर से बढ़ गया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर कहा, भारत और ईरान के बीच सभ्यतागत संबंध हैं, जो मजबूत सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी रिश्तों से जुड़े हैं। ब्रिक्स साझेदारों के तौर पर, दोनों देश मिलकर तरक्की और खुशहाली की दिशा में काम कर रहे हैं। नयी दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले, पेजेश्कियान ने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिक्स को अपनी आर्थिक मजबूती बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, नया ब्रिक्स बैंक देशों को डॉलर पर निर्भरता से मुक्त करने और अमेरिका के दबदबे की कोशिशों का मुक़ाबला करने के लिए बनाया गया था। मोदी ने 31 अगस्त को बिश्केक में ईरानी नेता से मुलाकात की थी और कहा था कि भारत संघर्ष को खत्म करने की दिशा में सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

## जमीन बंटवारे से

की गई है। नए एहर पोर्टल के माध्यम से अब ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। आवेदन के बाद प्रकरण लेखपाल और तहसीलदार स्तर पर ऑनलाइन भेजा जाएगा और संबंधित अधिकारी भी पोर्टल के माध्यम से इसका निस्तारण कर सकेंगे। आवेदक अपने प्रकरण की स्थिति और उसकी प्रगति को डिजिटल माध्यम से देख सकेंगे।




# भारत के खिलाफ ऐतिहासिक टी20 मैच से देश में क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा : चार्ली



एजेंसी

नयी दिल्ली। जापान के कप्तान केंडल कादोवाकी-फ्लेमिंग और युवा आल राउंडर चार्ली हारा-हिंजे का मानना है कि भारत के खिलाफ 22 सितंबर को होने वाला ऐतिहासिक टी20 मुकाबला सिर्फ एक यादगार मौका नहीं होगा बल्कि बेसबॉल के प्रति जुनूनी देश में क्रिकेट के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण शुरुआत साबित हो सकता है।

भारतीय टीम दोनों देशों के बीच पहले पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए जापान का दौरा करेगी और सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान पर होने वाला यह मुकाबला आइची-नागोया में एशियाई खेलों से पहले होगा। कादोवाकी-फ्लेमिंग के लिए एशियाई खेलों में भारत के साथ अफगानिस्तान और नेपाल की मेजबानी करना इस बात का प्रमाण है कि जापान में क्रिकेट ने कम समय में कितनी प्रगति की है। उन्होंने पीटीआई वीडियो से कहा, यह बेहद रोमांचक है। और मुझे लगता है कि अफगानिस्तान और नेपाल जैसे देशों का जापान आना यहां क्रिकेट के लिए बहुत बड़ा विकास है। कुछ साल पहले तक हमने शायद सोचा भी नहीं होगा कि इसे आयोजित करना संभव होगा। हालांकि यह मौका ऐतिहासिक होगा लेकिन जापान के कप्तान का कहना है कि उनकी टीम सिर्फ इस मौके का जश्न मनाने के लिए मैदान पर नहीं उतरेगी। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ खेलने का मौका जितना भी रोमांचक होगा, हम सिर्फ इस मौके का जश्न मनाने के लिए नहीं उतर रहे हैं। हम यह दिखाने के लिए उतरेंगे कि पुरुष टीम के रूप में हम क्या कर सकते हैं। निश्चित रूप से भारत जैसी टीम के पास तेज गेंदबाजी, बल्लेबाजी और स्पिन हर विभाग में बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद हैं। उन्होंने कहा, इसलिए विश्व स्तरीय खिलाड़ियों और उस प्रारूप में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम को खेलते हुए देखना हमारे लिए शानदार अनुभव होगा। जापान के लिए यह मुकाबला केवल भारत के स्टार खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखने तक सीमित नहीं है। कादोवाकी-फ्लेमिंग ने कहा, उम्मीद है कि यह पूर्ण सदस्य देशों के खिलाफ खेलने और प्रतिस्पर्धा करने के लंबे इतिहास की दिशा में पहला कदम होगा। सत्रह वर्षीय हारा-हिंजे भारत की युवा प्रतिभाओं से वाकिफ हैं। जापान ने 2024 अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप चरण में भारत का सामना किया था जिसमें आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ी मौजूद थे। हारा-हिंजे ने कहा, हम उस मैच में काफी रोमांचित थे। हमने इन खिलाड़ियों को गेंदबाजी करते हुए काफी कुछ सीखा। तभी हमने देखा कि वे कितने बेहतरीन हैं।

# उमर अब्दुल्ला ने दी तीरंदाजी पैरा सीरीज में स्वर्ण पदक जीतने पर शीतल देवी को बधाई



जम्मू। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को पैरा तीरंदाज शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज 2026 के तीसरे चरण में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री ने पैरा तीरंदाज शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज 2026 के तीसरे चरण में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतना पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है तथा उन्होंने शीतल को भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की शुभकामनाएं दीं।

जम्मू क्षेत्र के किश्तवाड़ जिले में जन्मी 19 वर्षीय शीतल देवी ने अहमदाबाद में आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में कंपाउंड महिला फाइनल में अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता है।

## संक्षेप


### भारत एशिया कप फाइनल के लिए तैयार है: दीप्ति शर्मा

दुबई। भारत की अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अब तक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद खराब क्षेत्ररक्षण को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि कैच छूटना खेल का हिस्सा है और टीम फाइनल में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने इस टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं लेकिन उसका क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा है। विशेषकर उसने कई कैच छोड़े। सेमीफाइनल में भी बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम ने चार मौके गंवाए थे। दीप्ति ने भारत की सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ 40 रन की जीत के बाद कहा, क्षेत्ररक्षण में एक टीम के तौर पर हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हम अभ्यास के दौरान भी क्षेत्ररक्षण पर काफी ध्यान दे रहे हैं। मुझे लगता है कि कभी-कभी ऐसा होता है, लेकिन हम फाइनल में तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। फाइनल में भारत का सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान या मौजूदा चैंपियन श्रीलंका से होगा। दीप्ति ने कहा कि टीम इन दोनों टीमों के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल को देखने के बाद अपनी रणनीति बनाएगी।

### श्रीलंका में लय नहीं बन पा रही थी: सिराज

चेन्नई। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने स्वीकार किया कि दो महीने के विश्राम के बाद उन्हें श्रीलंका दौरे में अपनी गति और लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था लेकिन दलीप ट्रॉफी में लंबे स्पेल करने से उन्हें अपनी लय हासिल करने में मदद मिली है। सिराज श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के दौरान अपनी पुरानी फॉर्म में नहीं दिखे। वह लय हासिल नहीं कर पा रहे थे और उनकी गति भी काफी कम हो गई थी। सिराज ने इस श्रृंखला की चार पारियों में केवल 44 ओवर किए थे। सिराज ने दलीप ट्राफी फाइनल के बाद पत्रकारों से कहा, दो महीने के ब्रेक के बाद सीधे मैच खेलना आसान नहीं था। मैं पूरी तरह से लय हासिल नहीं कर पाया था। मैं ऐसा गेंदबाज हूं जो पूरी तरह से लय पर निर्भर है। अगर मैं लय में नहीं हूं, तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता। श्रीलंका में यही मेरी समस्या थी। मैं अपने रनअप से तालमेल नहीं बिठा पा रहा था। मेरे कुछ कदम बहुत छोटे थे, कुछ बहुत लंबे। इससे मेरी लय टूट गई और मेरी गति धीमी हो गई। अफगानिस्तान के खिलाफ आठ जून को समाप्त हुए एकमात्र टेस्ट मैच के बाद 32 वर्षीय सिराज ने दो महीने का ब्रेक लिया और फिर भारत के श्रीलंका दौरे के लिए टीम में शामिल हुए। इस दौरे की शुरुआत सात अगस्त को एसएलसी एकादश के खिलाफ मैच से हुई।

# न्यूजीलैंड टेस्ट में केएल राहुल के प्रदर्शन पर रहेंगी नजरें : बोल्ट



नयी दिल्ली। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का कहना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में के एल राहुल भारत के प्रमुख बल्लेबाज साबित होंगे। राहुल की बल्लेबाजी के कायल बोल्ट का मानना है कि वह श्रृंखला के प्रमुख खिलाड़ियों में होंगे। टेस्ट क्रिकेट में 317 विकेट ले चुके 37 वर्ष के बोल्ट ने यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग द्वारा कराये गए बोल्ट के इंटरव्यू में कहा, मैं केएल राहुल की बल्लेबाजी का बड़ा प्रशंसक हूं। वह भारतीय बल्लेबाजी क्रम में शीर्षक्रम का प्रमुख खिलाड़ी हैं। जायसवाल भी टीम में है। दो शानदार बल्लेबाजों को खेलते देखना रोचक होगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय टीम जब भी न्यूजीलैंड में टेस्ट क्रिकेट खेलने आती है तो देखने में मजा आता है। यह दौरा फरवरी मार्च की बजाय अक्टूबर नवंबर में हो रहा है जब मौसम काफी ठंडा होगा और बल्लेबाजों को दिक्कत आ सकती है। बोल्ट ने कहा कि अक्टूबर के अंत में यह दौरा होगा लिहाजा मौसम काफी ठंडा रहने वाला है। उम्मीद है कि विकेटों पर घास रहेगी जिससे हमारे गेंदबाजों को मदद मिलेगी। न्यूजीलैंड के लिये कई साल तक बोल्ट और टिम साउदी नयी गेंद संभालते रहे लेकिन बोल्ट का मानना है कि मौजूदा गेंदबाजों के पास भी इतनी विविधता और काबिलियत है कि वे अपनी खुद की पहचान बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी गेंदबाजी काफी संतुलित है। हमारे पास विल ओ राउरकी के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज है जबकि काइल जैमीसन के पास स्विंग है और मैट हेनरी सटीक गेंदबाजी करते हैं।

# ड्रेसिंग रूम की जानकारी लीक होने के मामले में रिजवान और इमाम से करीब चार घंटे पूछताछ

लाहौर। ड्रेसिंग रूम की कथित जानकारी लीक होने के मामले में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की शिकायत पर पाकिस्तान की राष्ट्रीय साइबर अपराध जांच एजेंसी (एनसीसीआईए) ने अनुभवी खिलाड़ियों मोहम्मद रिजवान और इमाम-उल-हक से करीब चार घंटे तक पूछताछ की।

यह घटनाक्रम इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट दौरे पर पाकिस्तान के बेहद खराब प्रदर्शन के बीच हुआ है। अनुशासन संबंधी मामलों के कारण रिजवान और इमाम समेत सात खिलाड़ियों तथा सहयोगी स्टाफ के दो सदस्यों को दौरे से वापस भेज दिया गया है। दोनों खिलाड़ी अभी जांच के दायरे में हैं इसलिए शनिवार से शुरू होने वाले देश के प्रमुख घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इस अभूतपूर्व घटनाक्रम के बाद पाकिस्तान टीम के सुरक्षा प्रबंधक ने दोनों अनुभवी खिलाड़ियों के मोबाइल फोन पहले ही एनसीसीआईए को सौंप दिए हैं। पीसीबी के प्रमुख मोहसिन नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और एनसीसीआईए उनके मंत्रालय के अधीन काम करती है। पीसीबी के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि



एनसीसीआईए ड्रेसिंग रूम से कथित जानकारी लीक होने के मामले की जांच कर रही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया अभी जारी है और इस मामले में फिलहाल कोई अतिरिक्त टिप्पणी नहीं की जाएगी। यह पहली बार है जब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के खिलाफ किसी साइबर एजेंसी में शिकायत दर्ज कराई है। रिजवान और इमाम दोनों ने एनसीसीआईए के सवालों के लिखित जवाब देने के लिए और समय मांगा है। पीसीबी पहले ही घोषणा कर चुका है कि उसने अनुशासन और आचरण से संबंधित मीडिया रिपोर्टों के बाद आंतरिक अनुशासनात्मक जांच शुरू की है, जिसकी फिलहाल आंतरिक स्तर पर समीक्षा की जा रही है। एक सूत्र के अनुसार दोनों खिलाड़ियों ने कथित तौर पर एनसीसीआईए को अपने मोबाइल उपकरणों की फोरेंसिक जांच कराने की अनुमति देने की बात कही है। सूत्र ने कहा, जांच का मुख्य मुद्दा इंग्लैंड शृंखला के दौरान ड्रेसिंग रूम से कथित तौर पर जानकारी लीक होने पर रहेगा।

# खेल और मातृत्व के बीच संतुलन बनाने के सवाल पर विचार करेगा दिल्ली उच्च न्यायालय

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि वह इस सवाल पर विचार करेगा कि किसी खिलाड़ी के खेल करियर और मातृत्व के बीच संतुलन कैसे पैदा किया जाए।

यह सवाल पहलवान विनेश फोगाट की याचिका की सुनवाई के दौरान उठा, जो जुलाई 2025 में मां बनीं थी। वह अब मातृत्व अवकाश से लौट आई हैं और उन्होंने इस साल होने वाली सीनियर विश्व चैंपियनशिप के लिए महिला वर्ग के चयन ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति मांगी है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने बृहस्पतिवार को देर रात एक अंतरिम आदेश में फोगाट को 14 सितंबर को इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने वाले चयन ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उनका यह मानना है कि इस अंतरिम चरण में सभी खिलाड़ियों पर लागू होने वाले पात्रता मानदंडों में केवल फोगाट के पक्ष में ढील नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इसका असर उन अन्य खिलाड़ियों पर पड़ सकता है जो अदालत के समक्ष नहीं हैं। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, यह अदालत जानती है कि किसी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन प्रक्रिया में किसी विशेष खिलाड़ी के व्यक्तिगत दावे से परे कई विचारणीय बिंदु शामिल होते हैं। यह सुनिश्चित करना देश के हित में है कि उसके प्रतिनिधियों का चयन निष्पक्ष, एकसमान और प्रदर्शन-आधारित प्रक्रिया से हो। न्यायाधीश ने आगे कहा, यह न्यायालय इस बात से भी अवगत है कि मातृत्व और खेल करियर के बीच कैसे संतुलन बनाया जाए और क्या किसी खिलाड़ी को मातृत्व और अपने खेल करियर में से किसी को चुनने की जरूरत है। यह बड़ा सवाल है जिस पर सावधानीपूर्वक विचार करने की जरूरत है। इस मुद्दे पर वर्तमान कार्यवाही में अभी अंतिम रूप से विचार-विमर्श और निर्णय होना बाकी है। अदालत ने कहा कि जब तक चयन नीति की वैधता और लागू होने की स्थिति पर फैसला नहीं हो जाता तब तक इसके अंतर्गत निर्धारित पात्रता मानदंडों को किसी एक खिलाड़ी के मामले में यूं ही रद्द या नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ता के पक्ष में कोई विशेष श्रेणी नहीं बनाई जा सकती विशेष कर तब जबकि समान स्थिति वाले अन्य खिलाड़ियों को भी इसी तरह की दुविधा का सामना करना पड़ सकता है और उन्हें अपने खेल करियर के दौरान इसी तरह के विकल्प चुनने पड़ सकते हैं। अदालत का मानना था कि नीति पर पहले फैसला सुनाए बिना केवल फोगाट को इस तरह की अंतरिम राहत देना समान स्थिति वाले अन्य खिलाड़ियों के साथ असमान व्यवहार का कारण बन सकता है।

# पांव में खिंचाव के कारण युकी भांबरी का कोरिया के खिलाफ डेविस कप में खेलना मुश्किल

नयी दिल्ली। अमेरिकी ओपन में मैच से पहले अभ्यास के दौरान दाहिने पांव में खिंचाव आने के कारण भारत के युकी भांबरी का सोल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले में खेलना मुश्किल है। भांबरी बृहस्पतिवार की रात को कोरिया के लिए रवाना हुए भारतीय खिलाड़ियों के पहले बैच के साथ सोल नहीं गए। इससे उनके इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। इस मुकाबले में जीत दर्ज करने वाली टीम आठ टीमों के एलीट डेविस कप फाइनल में अपनी जगह पक्की करेगी। भांबरी ने इसे मामूली मोच बताया। इस भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि इस महीने के



आखिर में शुरू वाले एशियाई खेलों में उनकी भागीदारी को कोई खतरा नहीं है। भांबरी ने कहा कि यूएस ओपन में मुख्य ड्रॉ के मैच से पहले अभ्यास के दौरान मेरे पांव में खिंचाव आ गया था। यह मामूली चोट है। मेरे पूरी तरह फिट होने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन यह कोई गंभीर चोट नहीं है। भांबरी की स्थिति पर प्रतिदिन नजर रखी जा रही है। वह अपनी फिटनेस का आकलन करने के लिए देबाशीष दास और यश पांडे सहित भारतीय डेविस कप टीम के सहयोगी स्टाफ के हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी दर्द है। हमें दिन प्रतिदिन इसका आकलन करना होगा। देखते हैं कि आगे क्या होता है। गैर-खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल ने सोल से पीटीआई को बताया कि भांबरी की गलत समय पर लगी चोट ने उनकी तैयारियों को निश्चित रूप से प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि हम इस पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि वह ठीक हो जाएंगे। यह निश्चित रूप से हमारे लिए बहुत बड़ा झटका है। वह डीके (दक्षिणेश्वर) के साथ शानदार जोड़ीदार है। युकी अब तक हमारे नंबर एक युगल खिलाड़ी हैं। राजपाल ने कहा, उनकी चोट का मतलब है कि हमें अब नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। युगल संयोजन इस बात पर निर्भर करेगा कि युकी कितनी जल्दी ठीक होते हैं और पहले दिन हमारे लिए मुकाबले का नतीजा कैसा रहता है। कोरियाई टीम को पहले ही घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। इस चोट से हालांकि भांबरी की एशियाई खेलों में भागीदारी खतरे में पड़ने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं निश्चित रूप से एशियाई खेलों में भाग लूंगा। तब तक मैं पूरी तरह फिट हो जाऊंगा। यह देखना बाकी है कि मैं डेविस कप में खेल पाऊंगा या नहीं। यदि भांबरी समय पर ठीक नहीं हो पाते हैं तो भारत युगल में वैकल्पिक संयोजनों पर विचार कर सकता है। इसमें एन श्रीराम बालाजी और एकल विशेषज्ञ दक्षिणेश्वर सुरेश की जोड़ी बनाना भी शामिल है।

सिद्धार्थ रावत और अर्नव पपार्कर टीम में रिजर्व खिलाड़ी हैं, लेकिन वे एकल में खेलते हैं।

# धूमल और मजूमदार का आईपीएल संचालन समिति में निर्विरोध चुनना तय

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चुनाव अधिकारी एके ज्योति ने शुक्रवार को आईपीएल संचालन समिति के चेयरमैन पद के लिए अरुण धूमल और सदस्य पद के लिए खैरुल मजूमदार के नामांकन को मंजूरी दे दी जिससे दोनों का 18 सितंबर को होने वाले चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित होना तय है।

बीसीसीआई की मुंबई स्थित मुख्यालय में होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान धूमल और मजूमदार को निर्विरोध चुना जाएगा। बीसीसीआई की ओर से जारी चुनाव संबंधी नोटिस में कहा गया, चुनाव अधिकारी ने संबंधित पदों के लिए उम्मीदवारों के नामांकन आवेदनों की जांच कर ली है और बीसीसीआई चुनाव 2026 के लिए वैध रूप से नामांकित उम्मीदवारों की सूची घोषित की है। संचालन समिति के लिए अरुण सिंह धूमल और खैरुल जमाल मजूमदार वैध उम्मीदवार हैं। नोटिस के मुताबिक, नामांकन वापस लेने के इच्छुक उम्मीदवार 12 सितंबर 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे के बीच अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद चुनाव अधिकारी उसी दिन शाम चार बजे तक चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी करेंगे। धूमल का दोबारा आईपीएल संचालन समिति का चेयरमैन बनना लगभग तय माना जा रहा है, जबकि मजूमदार भी सदस्य के रूप में निर्विरोध चुने जाएंगे।

# पारदर्शी व्यापार, निवेश सुनिश्चित करे ब्रिक्स

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिक्स देशों को व्यापार एवं निवेश संबंधी पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित कर आर्थिक चुनौतियों से निपटने की दिशा में काम करना चाहिए।


जयशंकर ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए भू-राजनीतिक उथल-पुथल का भी जिक्र किया और आपूर्ति श्रृंखला में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन बाधाओं का दुनिया भर के देशों पर आर्थिक असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था में बड़े बदलाव हो रहे हैं। अस्थिरता, अनिश्चितता और जटिलता हमारे आसपास की दुनिया की प्रमुख विशेषताएं बन गई हैं। हम भू-राजनीतिक संघर्षों, महामारी और जलवायु से जुड़ी बाधाओं के आर्थिक दुष्परिणाम देख रहे हैं। विदेश मंत्री ने आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बाजार तक अधिक पहुंच और आपूर्ति श्रृंखला को अधिक मजबूत एवं लचीला बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, इन सभी बातों का मूल उद्देश्य यह है कि हमारे देशों के कारोबारियों के लिए अधिक साझेदार तलाशना, अधिक बाजारों तक पहुंच बनाना, आपूर्ति नेटवर्क को जोड़ना और एक-दूसरे की क्षमताओं को व्यावहारिक कारोबारी साझेदारी में बदलना आसान बनाया जाए। जयशंकर ने कहा, खासकर ब्रिक्स देशों के लिए आर्थिक गतिविधियों और



आर्थिक सुरक्षा में बढ़ोतरी का मतलब आत्मनिर्भरता मजबूत करना है। हमारा लक्ष्य यह है कि हम वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े और प्रतिस्पर्धी बने रहते हुए आर्थिक झटके सहने की अपनी क्षमता बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में बाजार के वास्तविक सिद्धांतों के अनुरूप कारोबारी व्यवहार, भरोसेमंद सहायता, विविध व्यापारिक संबंध, पारदर्शी व्यापार और निवेश और ऐसे कारोबारी माहौल की आवश्यकता है जिसका पूर्वानुमान लगाया जा सके। जयशंकर ने कहा कि लचीलापन ब्रिक्स समुदाय का एक प्रमुख घटक बन गया है। उन्होंने वास्तविक बाजार आधारित व्यवस्थाओं, भरोसेमंद रसद और विविध कारोबारी संबंधों के जरिए आपस में जुड़े और प्रतिस्पर्धी बने रहते हुए आत्मनिर्भरता बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), फिनटेक और उन्नत विनिर्माण को प्रमुख अवसरों के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने इन क्षेत्रों में पहुंच, मानकों, सुरक्षा और भरोसे से जुड़े सवालों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत की ब्रिक्स की अध्यक्षता में ब्रिक्स इनक्यूबेटर नेटवर्क और ब्रिक्स स्टार्टअप इनोवेशन फंड के माध्यम से नवाचार और उद्यमिता के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने जोर दिया कि इसके लाभ सभी व्यापारिक समुदायों तक पहुंचने चाहिए। जयशंकर ने कहा कि भारत का अनुभव उसे एक स्वाभाविक साझेदार बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत में बड़ा और लगातार बढ़ता बाजार, विस्तार करती विनिर्माण क्षमताएं, प्रतिभाओं का बढ़ता आधार, डिजिटल क्षेत्र में अनुभव तथा नवाचार और उद्यमिता का मजबूत एवं गतिशील आधार है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स के नेता जब बैठक की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में इस मंच का सबसे उपयोगी योगदान ब्रिक्स सहयोग के अगले चरण में व्यापार जगत का स्पष्ट दृष्टिकोण सामने रखना होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि इसमें कारोबार के अवसरों, व्यवसायों के सामने आने वाली चुनौतियों और उनसे निपटने के लिए सरकारें क्या कदम उठा सकती हैं, पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

## अमित शाह ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शाह ने कहा कि संघ प्रचारक से लेकर आरएसएस सरसंघचालक तक का उनका सफर राष्ट्र सेवा, सामाजिक सद्भाव और भारतीय संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति समर्पण का एक बेमिसाल उदाहरण है।



भागवत का जन्म 11 सितंबर 1950 को महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में हुआ था। शुक्रवार को वह 76 वर्ष के हो गए। भागवत करीब 17 वर्षों से इस पद पर रहने के कारण मधुकर दत्तात्रेय देवरस, और एम.एस. गोलवलकर के बाद आरएसएस के तीसरे सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले प्रमुख हैं। देवरस को बालासाहेब के नाम से जाना जाता था। आरएसएस के तीसरे सरसंघचालक बालासाहेब 20 साल से अधिक समय तक इस पद पर रहे। वहीं, दूसरे सरसंघचालक गोलवलकर ने 32 साल से अधिक समय तक इस संगठन का नेतृत्व किया। भागवत आरएसएस के छठे सरसंघचालक हैं। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक आदरणीय मोहन भागवत जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। संघ के प्रचारक से लेकर सरसंघचालक तक की उनकी यात्रा राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति समर्पण की अद्वितीय मिसाल है। प्रचारक के रूप में भागवत ने देश के कोने-कोने में जाकर समाज को करीब से समझा और सरसंघचालक के रूप में आरएसएस के माध्यम से वह सेवा, संस्कार और चरित्र निर्माण के कार्यों से समाज में राष्ट्रप्रथम के भाव को मजबूत बना रहे हैं। ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना करता हूं। भागवत ने करीब 50 साल पहले आरएसएस के प्रचारक के रूप में काम करना शुरू किया था और संगठन में विभिन्न पदों पर रहते हुए आगे बढ़े। मार्च 2009 में वह आरएसएस के सरसंघचालक (प्रमुख) बने। मोहन भागवत के पिता मधुकरराव भागवत भी प्रचारक थे।

**संक्षेप**

### मनोहर लाल अमेरिका में जी-20 ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में होंगे शामिल

नयी दिल्ली। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल अगले सप्ताह अमेरिका के ह्यूस्टन में होने वाली जी-20 ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विद्युत मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी जी-20 की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में जी-20 देशों के ऊर्जा मंत्री और वरिष्ठ प्रतिनिधि वैश्विक ऊर्जा संरक्षण, सस्ती ऊर्जा, अवसंरचना के विकास और मजबूत ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह बैठक 14 से 16 सितंबर 2026 तक आयोजित होगी। वह तीन प्रमुख स्तंभों के तहत होने वाले मंत्रिस्तरीय सत्रों में भाग लेंगे। ये तीन स्तंभ हैं... ऊर्जा सुरक्षा और किफायती आधारभूत बिजली , अनुमति प्रक्रिया और नियामकीय दक्षता तथा महत्वपूर्ण खनिज और मजबूत आपूर्ति शृंखलाएं। बैठक में भारत ऊर्जा सुरक्षा और किफायती ऊर्जा व्यवस्था को मजबूती सुनिश्चित करने के अपने दृष्टिकोण को सामने रखेगा। साथ ही, तेजी से बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा व्यवस्था विकसित करने के भारत के प्रयासों को साझा किया जाएगा।

## अमेरिका में डीजल की कीमत छह डॉलर प्रति गैलन के पार

शिकागो। अमेरिका में डीजल की कीमतों ने शुक्रवार को एक और नया रिकॉर्ड बनाया और इसका औसत भाव छह डॉलर प्रति गैलन (लगभग 135 रुपये प्रति लीटर) के पार पहुंच गया।

वाशिंगटन और ईरान के बीच युद्ध से दुनिया भर में ईंधन की आपूर्ति बाधित हो रही है, जिसके चलते यह बढ़ोतरी हुई। मोटर क्लब एएए (अमेरिकन ऑटोमोबाइल एसोसिएशन) के अनुसार 6.05 डॉलर प्रति गैलन का राष्ट्रीय औसत पिछले सप्ताह के 5.85 डॉलर और पिछले वर्ष इसी अवधि के 3.70 डॉलर प्रति गैलन से अधिक है। डीजल की ऊंची कीमतों का मतलब रोजमर्रा के सामानों की एक लंबी सूची के लिए परिवहन का अधिक महंगा होना है। इसका कारण कई माल ढुलाई और वितरण नेटवर्कों में डीजल का उपयोग किया जाता है। कुछ व्यवसायों ने ऑनलाइन ऑर्डर और डाक पैकेज पर अतिरिक्त शुल्क जोड़कर बढ़ी हुई लागत का बोझ पहले ही उपभोक्ताओं पर डालना शुरू कर दिया है। खरीदारों को विशेष रूप से किराना सामान की दुकानों पर कीमतों के झटके का अधिक सामना करना पड़ सकता है।

## स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाये ब्रिक्स देश : गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिक्स के सदस्य देशों से अपनी भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने और दुनियाभर में डिजिटल व्यापार को अधिक सुलभ बनाने का शुक्रवार को आग्रह किया।

ब्रिक्स बिजनेस फोरम 2026 के उद्घाटन सत्र को यहां संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। भारत का यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) सालाना 250 अरब से अधिक लेनदेन का आंकड़ा पार कर चुका है, जो दुनियाभर में लेनदेन की संख्या के हिसाब से आधे से अधिक है। उन्होंने कहा कि आज इसे (यूपीआई को) 11 देशों में भी स्वीकार किया जाता है और मैं ब्रिक्स के सदस्य देशों तथा साझेदार देशों से आग्रह करूंगा कि वे हमारी भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ें, एक-दूसरे की स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करें, डिजिटल व्यापार को वैश्विक बनाएं और भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों



के लिए मिलकर काम करें। बिजनेस फोरम दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर आयोजित किया गया। भारत शनिवार से इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। यह सम्मेलन रूस-यूक्रेन युद्ध, अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में अवरोध और अमेरिकी प्रशासन की शुल्क नीतियों से उत्पन्न एवं बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच हो रहा है। गोयल ने साथ ही कहा कि साझेदार देशों के बीच व्यापार गहरा एवं मजबूत होना चाहिए तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता होनी चाहिए, ताकि किसी भी समय व्यापार सदस्य देशों में से किसी की भी वृद्धि और लोगों के कल्याण में बाधा न बने। उन्होंने कहा कि हमें कच्चे माल और महत्वपूर्ण खनिजों समेत एक-दूसरे के उत्पादों के लिए अपने बाजार खोलने चाहिए। हमारी आपूर्ति श्रृंखलाएं तभी मजबूत होंगी जब वे दोनों दिशाओं में चलेंगी। मंत्री ने कहा कि गैर-शुल्क उपायों से निर्यात लागत बढ़ती है, जो शुल्क उपायों से होने वाली लागत से भी अधिक होती है। उन्होंने कारोबारियों के लिए बाजार तक पहुंच को आसान और सुगम बनाने का आह्वान किया। गोयल ने कहा, मैं ब्रिक्स के सदस्य देशों और साझेदार देशों से आग्रह करता हूं कि वे अपने बाजार खोलें तथा साथ ही नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने एवं माल की खेप को तेजी से मंजूरी देने में सहयोग करें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा के हित में ब्रिक्स देशों के किसानों के लिए मिलकर समाधान विकसित करने के लिए कृषि-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने का भी आह्वान किया। आइए, वास्तविक अर्थों में एक-दूसरे के लिए अपने सेवा बाजार खोलें। पेशेवरों को सीमाओं के पार आसानी से आने-जाने दें और एक-दूसरे की पेशेवर योग्यताओं को मान्यता देना आसान बनाएं।

## ब्रिक्स का मुद्राकोष और विश्व बैंक में उभरते बाजारों की आवाज मजबूत करने का आह्वान

मुंबई। ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक में उभरते बाजारों एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के अधिक प्रतिनिधित्व का आह्वान किया है। साथ ही, समूह ने बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक बिखराव के बीच एकतरफा शुल्कों तथा व्यापार उपायों की आलोचना की है। ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर (एफएमसीबीजी) ने एक प्रभावी सीमा पार भुगतान व्यवस्था की संभावना पर चर्चा भी की है। हम ब्रिक्स सीमा पार भुगतान पहल पर कजान और रियो घोषणापत्रों में हमारे नेताओं द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के आधार पर, प्रभावी सीमा पार भुगतान तंत्र के लिए व्यावहारिक समाधान तलाशने की दिशा में ब्रिक्स भुगतान कार्यबल (बीपीटीएफ) के प्रयासों की सराहना करते हैं। यह संयुक्त बयान दिल्ली में आयोजित हो रहे दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले सामने आया है। किसी भी देश का नाम लिए बिना ब्रिक्स सदस्यों ने कहा कि हम व्यापार और वित्त से संबंधित कार्रवाइयों को एकतरफा थोपने, जिसमें शुल्क और गैर-शुल्क उपायों को बढ़ाना शामिल है, पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। ये व्यापार को विकृत करते हैं और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के प्रतिकूल हैं। इस तरह के दबावों का सबसे भारी असर उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता है। इसके साथ ही उन्होंने डब्ल्यूटीओ को केंद्र में रखते हुए एक खुली, पारदर्शी, समावेशी, गैर-भेदभावपूर्ण और नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के लिए समर्थन जताया।

## सीतारमण ने एआई सुरक्षा मानकों, उद्योग मंच की वकालत की

मुंबई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) के वित्त और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बढ़ते उपयोग के मद्देनजर मजबूत जवाबदेही और सुरक्षा उपायों का आह्वान किया।

उन्होंने आगाह किया कि नियामकों और कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि तेजी से हो रहे नवाचार आगे चलकर प्रणालीगत जोखिम पैदा न करें। उन्होंने यहां वैश्विक फिनटेक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एआई वित्तीय निर्णयों और लेनदेन को गति दे सकता है, लेकिन यह धोखाधड़ी, साइबर हमलों और अन्य खामियों को भी अभूतपूर्व गति से फैलाने का कारण बन सकता है। वित्त मंत्री ने कहा, एआई निर्णय लेने में सहायता कर सकता है, लेकिन अंतिम जिम्मेदारी इंसानों और संस्थानों की ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई-संचालित निर्णय के परिणाम जितने गंभीर होंगे,




समीक्षा, व्याख्या और अपील की आवश्यकता उतनी ही अधिक होगी। सीतारमण ने कहा कि नियामकों, कंपनी बोर्ड और वरिष्ठ प्रबंधन को यह समझना चाहिए कि एआई का उपयोग कहां किया जा रहा है, यह किन निर्णयों को प्रभावित करता है, यह किस आंकड़ों पर निर्भर करता है और यदि तकनीक विफल हो जाती है तो क्या परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने कहा, उच्च जोखिम वाले उपयोगों में इसके इस्तेमाल से पहले और उनके पूरे जीवन चक्र के दौरान उच्च स्तर की जांच होनी चाहिए। सीतारमण ने एंथ्रोपिक के एक शोधकर्ता के इस्तीफे का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या उनकी चेतावनी की बारीकी से जांच करने का कोई आधार बनता है। उन्होंने कहा कि मैं यह बात दहशत पैदा करने के लिए नहीं, बल्कि व्यापक मानवता के प्रति संस्थागत जवाबदेही पर जोर देने के लिए उठा रही हूं। एंथ्रोपिक के एक शोधकर्ता ने इस आशंका से इस्तीफा दिया था कि खुद को बेहतर बनाने वाले एआई मॉडल का अनियंत्रित विकास अंततः मनुष्यों को नुकसान पहुंचा सकता है। जब तक ये सुरक्षा उपाय तेजी से लागू नहीं होते और लगातार अद्यतन नहीं होते, तब तक एआई के बेलगाम होने का खामियाजा पूरे समाज को भुगतना पड़ेगा। यह एक ऐसा जोखिम होगा, जिसे सहन नहीं किया जा सकता।

**इंटरटेनमेंट...**

## हनुमान अंश ने की 200 करोड़ की कमाई

मुंबई। नीब करौरी बाबा के जीवन पर आधारित फिल्म हनुमान अंश सात अगस्त को जब सिनेमाघरों में आई तो न उसके साथ किसी बड़े सितारे का नाम जुड़ा था और न ही उसे लेकर कोई चर्चा थी। यहां तक की टिकट खिड़की पर कोई खास हलचल नहीं हुई, लेकिन कुछ ही हफ्तों में तस्वीर ऐसी बदली कि 10 लाख रुपये से शुरुआत करने वाली यह फिल्म 200 करोड़ रुपये की कमाई तक पहुंच गई। टिकट खिड़की पर फिल्म के धमाकेदार प्रदर्शन ने 51 साल पहले आई फिल्म जय संतोषी मां को मिली अप्रत्याशित सफलता की याद दिला दी।





डॉक्टर से फिल्मकार बने विशाल चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी हनुमान अंश में अभिनेता शोभिनव सत्या मुख्य भूमिका में हैं जिन्हें इस फिल्म के रिलीज होने से पहले अभिनय जगत में शायद ही कोई जानता था। सात अगस्त को महज 250 स्क्रीन पर रिलीज हुई यह फिल्म अब 2,000 स्क्रीन तक पहुंच चुकी है। यह फिल्म उत्तराखंड के संत बाबा नीब करौरी के जीवन को परदे पर उतारती है। उनके भक्तों में हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स, क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी एवं अभिनेत्री अनुष्का शर्मा जैसे चर्चित नाम शामिल हैं। ऐसा भी बताया जाता है कि स्टीव जॉब्स और मार्क जुकरबर्ग जैसे कारोबारी दिग्गज भी उत्तराखंड के कैंची धाम में उनके आश्रम आए थे। नीब करौरी बाबा का असली नाम लक्ष्मण नारायण शर्मा था। उनका जन्म करीब 1900 में उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के एक गांव में हुआ था और 1973 में उनका निधन हुआ था। कम उम्र में उनका विवाह हो गया था लेकिन बाद में उन्होंने घर-परिवार छोड़कर संन्यासी जीवन अपना लिया। उनके भक्त उन्हें भगवान हनुमान का अवतार मानते हैं और उनका मानना है कि बाबा नीब करौरी के पास चमत्कार करने की शक्ति थी। हनुमान अंश की सफलता ने फिल्म जगत को भी हैरान कर दिया है और अब यह चर्चा का विषय है कि आखिर एक ऐसी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अचानक कैसे छा गई जिसके बारे में पहले कोई चर्चा नहीं थी। फिल्म कारोबार के आंकड़ों पर नजर रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, पहले सप्ताह की मामूली कमाई के बाद दूसरे सप्ताह में फिल्म का कारोबार और गिर गया था, लेकिन तीसरे सप्ताह से तस्वीर पूरी तरह बदल गई। पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय नियोजन एवं रणनीति अधिकारी कमल ज्ञानचंदानी ने कहा किसी ने ऐसी उम्मीद नहीं की थी। हनुमान अंश अपने आप में एक केस स्टडी है। तीसरे सप्ताह में इसे सिनेमाघरों से हटाए जाने की नौबत आ गई थी लेकिन उसी सप्ताह फिल्म ने रफ्तार पकड़ ली और चौथे एवं पांचवें सप्ताह में ब्लॉकबस्टर बन गई। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है। फिल्म उद्योग से जुड़े कई व्यक्तियों और फिल्म इतिहासकारों का मानना है कि आस्था पर आधारित सिनेमा के प्रति दर्शकों का आकर्षण नया नहीं है।

### मेरी बेटी मेघना अपनी कहानियां मुझे सूंघने तक नहीं देती : गुलजार

मुंबई। मेघना जब भी किसी पटकथा को लिखती हैं तो सबसे पहले उनके पिता, जाने-माने कवि-गीतकार और फिल्मकार गुलजार उसे पढ़ते हैं।

वह उसमें बदलाव या सुधार नहीं करते, बल्कि सिर्फ अपनी प्रतिक्रिया देते हैं। कई बार कोई पंक्ति या दृश्य उन्हें बहुत प्रभावित करता है तो वह केवल विस्मयादिबोधक चिह्न लगाते हैं। यह एक छोटा-सा रिवाज है, जो पिता-पुत्री की रचनात्मक साझेदारी को दर्शाता है और बहुत लंबे अरसे से चला आ रहा है। गुलजार ने मेघना की पहली फिल्म फिलहाल से लेकर तलवार, राजी, छपाक और सैम बहादुर जैसी चर्चित फिल्मों व अब उनकी नई फिल्म दायरा तक सभी निर्देशन वाली फिल्मों में गीतकार के रूप में काम किया है।


## पहले नहीं थी पैपराजी व सोशल मीडिया की दखल अंदाजी



मुंबई। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने कहा कि आज के कलाकारों पर पहले की तुलना में अधिक दबाव है। बढ़ती पैपराजी संस्कृति और सोशल मीडिया की दखलअंदाजी के कारण उन्हें लगातार कड़ी सार्वजनिक निगरानी का सामना करना पड़ता है, जिससे पहले के कलाकारों को नहीं जूझना पड़ता था। अभिनेत्री जिंटा वर्ष 2016 में शादी के बाद अमेरिका जाकर बस गईं थीं। वह अपनी आगामी जासूसी हास्य फिल्म वाइबै के प्रचार के लिए मुंबई लौटीं जिसमें वह कुणाल खेमू के साथ दिखाई देंगी। फिल्म वाइब में जिंटा जासूस मैडम एच की अनोखी भूमिका में नजर आएंगी। सनी देओल के साथ उनकी विभाजन पर आधारित फिल्म बंटवारा 1947 की रिलीज के कुछ ही सप्ताह बाद यह सिनेमाघरों में आएगी।

## मिर्जापुर : द मूवी ने कमाये 170 करोड़

नयी दिल्ली। फिल्म मिर्जापुरः द मूवी ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 170 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। इस फिल्म में अभिनेता पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु समेत कई कलाकारों ने भूमिका निभाई है। यह फिल्म चार सितंबर को रिलीज की गई। इसी के साथ 2018 में मिर्जापुर वेब सीरीज के साथ शुरू हुआ यह सिलसिला बड़े पर्दे तक पहुंच गया। ओटीटी पर मिर्जापुर के तीन सीजन सबसे सफल शृंखलाओं में शामिल हो गए थे।





ओटीटी (ओवर-द-टॉप) एक ऐसा मनोरंजन सामग्री प्रदाता मंच है जिस पर इंटरनेट का उपयोग करके फिल्में, वेब सीरीज जैसी सामग्री देखी जाती है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों की कमाई पर नजर रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 177.44 करोड़ रुपए की कुल कमाई कर ली है। यह फिल्म मिर्जापुर की उस अराजक दुनिया को वापस लाती है, जहां गोलियों की बौछार, धोखेबाजी और खूनी दुश्मनी के बीच सत्ता की लड़ाई जारी है। इस फिल्म की कहानी साल 2018 की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो इस शो के पहले सीजन के एक अनकहे अध्याय की ओर इशारा करती है। फिल्म में अभिनेत्री रसिका दुग्गल, श्रिया पिलगांवकर, श्वेता त्रिपाठी और अभिनेता अभिषेक बनर्जी भी हैं। ये सभी अपनी पुरानी भूमिकाओं को दोबारा निभा रहे हैं। वहीं, इस फिल्म में जितेंद्र कुमार, रवि किशन और सोनल चौहान को नये कलाकारों के रूप में जोड़ा गया है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K